डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

आषाढ़ कृष्ण पक्ष 13, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), गुरुवार, 04 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक-256, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

पेज 12



राहुल आपने भाषण को सत्यापित करें या...

सेंसेक्स
79,986.80 ↑ +545.34

डॉलर
83.489 ↑ -0.002

पलामू सर्राफा
10 ग्राम 72,340
01 किलो 91,690

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# संविधान की रक्षा के लिए देशवासियों ने हमें जनादेश दिया : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को राज्यसभा में कहा कि कांग्रेस पार्टी संविधान की सबसे बड़ी विरोधी है। कांग्रेस पार्टी ने संविधान और संवैधानिक पदों पर एक परिवार को हमेशा आगे रखा है। इस बार अगर संविधान की रक्षा का चुनाव था तो संविधान की रक्षा के लिए देशवासियों ने हमें योग्य पाया है। संविधान की रक्षा के लिए देशवासियों को हम पर भरोसा है और संविधान की रक्षा के लिए देशवासियों ने हमें जनादेश दिया है। राज्यसभा में आज राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का उत्तर देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कांग्रेस को संविधान की बात करना शोभा नहीं देती। दर्जनों आर्टिकल्स को, संविधान की आत्मा को छिन्न-भिन्न करने का पाप इन लोगों ने किया था। इनके मुंह से संविधान की बात शोभा नहीं देती, ये पाप करके बैठे हुए लोग हैं।

उन्होंने कहा, हम 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाएंगे तो मैं हैरान हूं कि जो आज



संविधान की प्रति लेकर घूमते रहते हैं, दुनिया में लहराते रहते हैं, उन्होंने विरोध किया था कि 26 जनवरी तो है, फिर संविधान दिवस क्यों लाएं?

**मणिपुर में लगी आग में घी डालना बंद करें :** उच्च सदन में उन्होंने आज मणिपुर के मुद्दे पर भी जवाब दिया। कल विपक्ष ने मणिपुर के दूसरे सांसद को बोलने न देने का मुद्दा बनाकर उनके लोकसभा में भाषण के दौरान हंगामा किया था। प्रधानमंत्री ने कहा कि मणिपुर में जातीय हिंसा के पहले भी मामले आए हैं। वहां सामाजिक संघर्ष का लंबा इतिहास रहा है। इस संघर्ष की मानसिकता की जड़ें बहुत गहरी हैं। कांग्रेस के लोगों को ये नही भूलना चाहिए कि इन्हीं हालातों की वजह से इस छोटे से राज्य में 10 बार राष्ट्रपति शासन लगाना पड़ा है। ये हमारे कार्यकाल में नहीं हुआ है। कुछ तो वजह होगी। फिर भी राजनीतिक फायदा उठाने के लिए वहां हरकतें हो रही हैं। उन्होंने कहा, जो भी तत्व मणिपुर की आग में घी डालने की कोशिश कर रहे हैं, उन्हें आगाह करना चाहता हूं कि ये हरकतें बंद करें। एक समय आएगा ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### पूर्वोत्तर में शांति के स्थाई प्रयास

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने पूर्वोत्तर में स्थाई शांति के प्रयास किए हैं। उनकी चर्चा कम होती है, लेकिन परिणाम व्यापक आए हैं। राज्यों के बीच सीमा विवाद आजादी के बाद से ये निरंतर चलता रहा है। हम राज्यों के साथ इसे हल करते जा रहे हैं। हिंसा से जुड़े संगठन, हथियारबंद गिरोह के साथ आज स्थायी समझौते हो रहे हैं। जिनके खिलाफ गंभीर मामले हैं, वे अदालत में जाने के लिए तैयार हो रहे हैं। न्यायतंत्र में भरोसा बढ़ना महत्वपूर्ण बात है।

### जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करती रही है कांग्रेस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जांच एजेंसियों पर लग रहे आरोपों पर बुधवार को राज्यसभा में जवाब दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि एजेंसियों का दुरुपयोग कांग्रेस किया करती थी। कांग्रेस के कार्यकाल में मुलायम सिंह यादव ने 2013 में कहा था कि कांग्रेस सीबीआई का डर दिखाती है, आयकर का दुपरुयोग करती है। उन्होंने अन्य उदाहरण देते हुए अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता कहा था। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल में होने का मुद्दा उठाए जाने पर कांग्रेस को आड़े हाथों लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि शराब घोटाला में लिप्त आप पार्टी को कांग्रेस पार्टी ही कोर्ट में लेकर गई थी। कांग्रेस ने प्रेस कांफ्रेंस करके शराब घोटाले में आप के खिलाफ सूबत दिए थे। कांग्रेस बताये कि क्या वह प्रेस कांफ्रेस झूठी थी। उन्होंने कहा, शराब घोटाला करे आप, भ्रष्टाचार करे आप, बच्चों के क्लासरूम बनाने में घोटाला करे आप, पानी तक में घोटाला करे आप, आप की शिकायत करे कांग्रेस, आप को कोर्ट तक घसीट कर ले जाए कांग्रेस और कार्रवाई हो तो गाली दें मोदी को।

## एक नजर

### कमाई में देश का नंबर एक रेल मंडल बना धनबाद

**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल एक बार पुनः रिकार्ड माल ढुलाई कर देश में सबसे ज्यादा कमाई करने वाला रेल मंडल बन गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की प्रथम तिमाही (अप्रेल से जून) में रिकॉर्ड 48.71 मिलियन टन का माल ढुलाई किया है, जो पिछले वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में किए गए माल ढुलाई 46.38 मिलियन टन की तुलना में 5.82 प्रतिशत अधिक है। जिस कारण धनबाद रेल मंडल को 6777.31 करोड़ रुपये का प्रारंभिक आय प्राप्त हुई है। इस संदर्भ में धनबाद रेल मंडल के डीआरएम कमल किशोर सिन्हा ने बुधवार को बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष के सामान अवधि की तुलना में आय 4.86 प्रतिशत अधिक है। इस रिकॉर्ड के साथ धनबाद लदान और आय में पूरे भारतीय रेल में पहले स्थान पर रहा।

### राज्यसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**नई दिल्ली।** राज्यसभा की कार्यवाही बुधवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के बाद आज प्रधानमंत्री ने जवाब दिया। राज्यसभा की कार्यवाही 25 जून को शुरू हुई थी। इस दौरान सदन ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा की। बुधवार को सदन की कार्यवाही की शुरूआत में राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने हाथरस में हुए हादसे पर शोक जताते हुए घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना की।

## आज कल




# चंपाई सोरेन ने सीएम पद से दिया इस्तीफा, आज शपथ लेंगे हेमंत

- राज्यपाल को शाम सवा सात बजे हेमंत ने विधायकों का समर्थन पत्र सौंपा
- दोपहर हेमंत के आवास में इंडी गठबंधन की बैठक में उन्हें चुना गया नेता

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** 28 जून को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को कोर्ट से जमानत दिए जाने के बाद राज्य में सियासी हलचल अचानक तेज हो गई। इसकी पूणार्हुति बुधवार देर शाम मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को इस्तीफा सौंपने और पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन द्वारा नई सरकार के गठन के दावे के साथ हुई। इसके पूर्व बुधवार दोपहर को इंडी गठबंधन की बैठक में हेमंत सोरेन को सर्वसम्मति से फिर से झारखंड का मुख्यमंत्री बनाने का निर्णय लिया गया। इसके बाद चम्पाई सोरेन और हेमंत सोरेन शाम सवा सात बजे राज्यपाल से मिलने पहुंचे। चम्पाई सोरेन ने मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा राज्यपाल को सौंपा। इसके साथ ही सत्तारूढ़ गठबंधन के नए नेता हेमंत सोरेन ने नई सरकार के लिए दावा पेश करते हुए राज्यपाल को विधायकों के समर्थन का पत्र सौंपा और राज्यपाल से आज रात ही शपथ दिलाने का अनुरोध किया। लेकिन सूत्रों के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को राजभवन में होगा। इस मौके पर कांग्रेस प्रभारी गुलाम अहमद ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### पांच महीने बाद तीसरी बार मुख्यमंत्री बनेंगे हेमंत सोरेन

झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन पांच महीने बाद एक बार फिर झारखंड के मुख्यमंत्री बनेंगे। इससे पहले पहली बार हेमंत 13 जुलाई, 2013 से 27 दिसंबर, 2014 तक कुल 532 दिन राज्य के मुख्यमंत्री रहे थे। इसके बाद 29 दिसंबर, 2019 से 31 दिसंबर 2023 तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे।

### शिबू सोरेन और अर्जुन मुंडा रहे तीन-तीन बार सीएम

2000 में झारखंड बनने के बाद से अब तक झामुमो के शिबू सोरेन और भाजपा के अर्जुन मुंडा ने तीन-तीन बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं। शिबू सोरेन के तीन बार सीएम बनने में उनका 10 दिन का कार्यकाल भी शामिल था।

### चंपाई ने खुद पद छोड़ने और हेमंत को नेता चुनने का प्रस्ताव रखा

बुधवार दोपहर हेमंत सोरेन के कांके रोड स्थित आवास पर आयोजित सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों की बैठक में हेमंत सोरेन को फिर से विधायक दल का नेता चुना गया। इस दौरान कांग्रेस और झामुमो के कई प्रमुख नेता मौजूद रहे। बैठक में सीएम चंपाई सोरेन ने खुद पद छोड़ने और हेमंत सोरेन को नेता चुने जाने का प्रस्ताव रखा और इस पर तमाम विधायकों ने सहमति जाहिर की। यह भी तय हुआ कि अगले तीन से चार महीने में होने वाले विधानसभा चुनाव में गठबंधन की अगुवाई हेमंत सोरेन ही करेंगे। 28 जून को पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को झारखंड हाईकोर्ट से रेगुलर बेल मिलने और पांच महीने बाद उनके जेल से बाहर आने के साथ ही राज्य में राजनीतिक परिस्थितियां अचानक से बदलने लगी थी। हेमंत सोरेन ने मंगलवार शाम सीएम चंपई सोरेन से मुलाकात की थी। बीते 31 दिसंबर को ईडी ने जमीन घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में जब हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया था, तब उसके पहले भी ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों की पहचान कर वापस भेजें : हाईकोर्ट

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में संताल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण वहां जनसंख्या की स्थिति में कुप्रभाव को लेकर डेनियल दानिश की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई। मामले में कोर्ट ने राज्य सरकार से कहा कि बांग्लादेशी घुसपैठिया आपकी जमीन पर रह रहे हैं एवं तमाम सुविधा उठा रहे हैं, इनको आपको चिह्नित करना होगा और इन्हें वापस बांग्लादेश भेजना होगा। कोर्ट ने देवघर, दुमका, गोड्डा, साहिबगंज, पाकुड़ और जामताड़ा के उपायुक्तों को निर्देश दिया कि वे बांग्लादेश की तरफ से आने वाले घुसपैठियों को चिह्नित कर उन्हें वापस भेजें। इसके अलावा बांग्लादेशी घुसपैठियों का झारखंड में प्रवेश रोकें। न्यायाधीश जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद एवं जस्टिस अरुण कुमार राय की खंडपीठ ने राज्य सरकार को शपथ पत्र के माध्यम से दो सप्ताह के भीतर एक स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने मामले में मुख्य सचिव को भी निर्देश दिया कि वह उक्त छह जिलों के उपायुक्तों द्वारा बांग्लादेशी घुसपैठियों पर कार्रवाई के संबंध में खुद के स्तर से निगरानी रखें। कोर्ट ने मौखिक कहा कि यह किसी राज्य या जिले का मुद्दा नहीं है बल्कि देश का मुद्दा है। विदेशी घुसपैठियों को भारत में प्रवेश करने से हर हाल में रोकना होगा। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 18 जुलाई निर्धारित की है। कोर्ट को याचिकाकर्ता के अधिवक्ता राजीव कुमार की ओर से बताया गया कि झारखंड के संथाल परगना के छह जिलों में बांग्लादेशी घुसपैठियों साहिबगंज, पाकुड़, दुमका, गोड्डा व जामताड़ा आदि क्षेत्र में अवैध प्रवासी की संख्या बढ़ती जा रही है, ये लोग ट्राइबल आबादी को बहुत ज्यादा प्रभावित कर रहे हैं। इसलिए झारखंड में बसे बांग्लादेशियों पर अंकुश लगाने की जरूरत है। याचिकाकर्ता ने याचिका में कहा है कि जामताड़ा, पाकुड़, गोड्डा, साहिबगंज आदि झारखंड के बॉर्डर इलाके से बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं। इससे इन जिलों में जनसंख्या पर बुरा असर पड़ रहा है। इन जिलों में बड़ी संख्या में मदरसे स्थापित किए जा रहे हैं। साथ ही स्थानीय ट्राइबल के साथ वैवाहिक संबंध बनाए जा रहे हैं। याचिकाकर्ता ने मांग की है कि इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्रालय रिपोर्ट दाखिल करे और बताए कि झारखंड के बॉर्डर इलाके से कैसे बांग्लादेशी घुसपैठिए झारखंड आ रहे हैं और उनके द्वारा झारखंड में कैसे लोगों को गुमराह कर वैवाहिक संबंध स्थापित किया जा रहा है।




## नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने कोलकाता के न्यूटाउन में की छापेमारी

**कोलकाता।** स्नातक स्तर की मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट पेपर लीक मामले में कोलकाता के न्यूटाउन इलाके में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने बुधवार को छापेमारी की है। झारखंड में जांच के दौरान न्यूटाउन स्थित एक फ्लैट के मालिक अमित कुमार का नाम सामने आया था। सीबीआई ने आज इस बंद फ्लैट पर छापेमारी की, लेकिन अमित का पता नहीं चल सका। देश भर में इस मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पेपर लीक और नकल के आरोप लगे। सड़क से लेकर संसद तक में तूफान मच गया। केंद्र ने आखिरकार जून में सीबीआई जांच की सिफारिश की। केंद्रीय जांच एजेंसी ने जांच के दौरान अलग-अलग राज्यों से कई शिक्षकों को गिरफ्तार किया। सीबीआई ने झारखंड में भी जांच शुरू की। शुरूआती अटकलें यह हैं कि पहला प्रश्न पत्र परीक्षा से एक रात पहले झारखंड से लीक होकर बिचौलियों के माध्यम से बिहार पहुंच गया। झारखंड में जांच के दौरान अमित कुमार का नाम सामने आया। सीबीआई की टीम अमित के आवास की तलाशी ले रही है। सीबीआई अधिकारियों का दावा है कि अमित कुमार नीट प्रश्नपत्र लीक मामले के आरोपितों में से एक है।

## बिहार भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने अयोध्या पहुंचकर उतारी पगड़ी

**अयोध्या।** बिहार के डिप्टी सीएम और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने बुधवार को प्रभु श्री राम की जन्मस्थली अयोध्या पहुंचकर अपनी पगड़ी (मुरेठा) को उतार दिया है। उन्होंने 21 महीने के बाद अपनी पगड़ी उतारी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने बुधवार सुबह सरयू नदी में स्नान किया और विभिन्न मंदिरों में पहुंचकर भगवान की पूजा अर्चना की। उन्होंने अपने एक्स अकाउंट पर एक वीडियो पोस्ट कर इसकी जानकारी देते हुए लिखा, प्रातः अयोध्या धाम में पवित्र सरयू नदी में डुबकी लगाई और हमारे इष्ट, प्रभु श्रीराम को



स्तुति कर मुरेठा खोला। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा, प्रभु श्रीराम के पावन चरणों में अपने मुरेठा को समर्पित किया। चौधरी इस यात्रा के क्रम में हनुमानगढ़ी मंदिर भी गए और हनुमान जी के दर्शन किये। सम्राट चौधरी मंगलवार को ही पटना से उत्तर प्रदेश के रवाना हुए थे। उनके साथ प्रदेश भाजपा के कई पदाधिकारी और विधायक भी साथ में अयोध्या गए। उल्लेखनीय है कि सम्राट चौधरी का पगड़ी पहनना बीते कई सालों से चर्चा का विषय बना हुआ था। करीब 21 महीने पहले प्रदेश में महागठबंधन की सरकार बनने के बाद विधान परिषद में नेता प्रतिपक्ष रहते हुए सम्राट चौधरी ने संकल्प लिया था कि वे नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री की कुर्सी से हटाने के बाद ही अपने सिर से पगड़ी हटाएंगे। सितंबर 2022 में अपनी मां के निधन के बाद सम्राट चौधरी ने सिर पर पगड़ी बांधी थी।

## इंडिया

## अंधाधुंध शहरीकरण और कंक्रीट के जंगलों से बढ़ रहा बहुरोगवाद



सुनील बादल

भारत के बड़े शहरी इलाकों में बढ़ती एक साथ कई बीमारियों को विश्व स्वास्थ्य संगठन मल्टीमोरबिडिटी यानी बहुरोगवाद कहता है। भारत के शहरी इलाकों में एनीमिया, अस्थमा, डायबिटीज, हाइपरटेंशन और मोटापे की बीमारी आम है। कम और मध्यम आमदनी वाले जिन राज्यों में आम तौर पर बड़े पैमाने पर गांवों के शहरों की ओर पलायन होता है, उन देशों में स्वास्थ्य की समस्या बढ़ जाती है। इसका प्रमुख कारण यह है कि गांवों से शहरों में आकर रहने वाले संघर्षशील लोगों के रहन-सहन में बहुत बड़ा बदलाव आता है। जलवायु परिवर्तन की भयंकर घटनाओं जैसे कि शहरों में भयंकर गर्मी, बाढ़ और सूखे के असर से कम आमदनी वाले समूह के लोगों को बहुत सी बीमारियां होने का खतरा बढ़ जाता है, जिसका सीधा असर स्वास्थ्य पर पड़ता है। तेजी से हो रहे शहरीकरण और शहरों की ओर से मिली जुली आबादी बढ़ती जा रही है। जिससे झारखंड सहित तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना जैसे दक्षिण के राज्यों में देखा गया है कि विशाखापट्टनम और हैदराबाद जैसे बड़े शहरों में अनेक बीमारियां एक साथ होने की दर बहुत बढ़ गई है। भारत में 'पैटर्न्स ऑफ मल्टी मोरबिडिटी' नाम से की गई एक अध्ययन में पाया गया है कि महिलाओं और पुरुषों की स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच में असमानता, और महिलाओं के हाशिए पर पड़े तबके का होने की वजह से उनमें कई बीमारियां होने का जोखिम बढ़ जाता है। तेजी से बढ़ती आबादी और बीमारियों को लेकर यह बदलाव, भारत के लिए स्वास्थ्य की बड़ी चुनौती खड़ी कर रहा है। मल्टीमोरबिडिटी की समस्या गांवों (5.7 प्रतिशत) की तुलना में शहरों में (9.7 प्रतिशत) कहीं ज्यादा है। शहरों में 40 से 49 साल के वयस्कों के बीच कम से कम एक मल्टीमोरबिडिटी 56 से 64 प्रतिशत लोगों को होती है, जबकि गांवों में इसका प्रतिशत 39 से 50 के बीच है। ये समस्या इसलिए और बढ़ जाती है, क्योंकि शहरों में मिश्रित आय वर्ग के लोग रहते हैं जिसने स्वास्थ्य व्यवस्था तक एकसमान पहुंच में बहुत अंतर पैदा कर दिया है। शहरों में जो



सबसे गरीब लोग होते हैं, उनमें मल्टीमोरबिडिटी का प्रकोप (47.88 प्रतिशत), गरीब लोगों की तुलना में (41.44 प्रतिशत) अधिक होता है। कम आमदनी वाले लोग आम तौर पर पर्याप्त स्वास्थ्य सेवा हासिल करने में अधिक बाधाओं जैसे कि इलाज का महंगा होना, स्वास्थ्य केंद्रों में पर्याप्त कर्मचारी न होने और यहां तक कि अपनी सेहत को लेकर सही जानकारी न होने का सामना करते हैं। इसके अलावा पीने के साफ पानी और शौच और नहाने की उचित व्यवस्था की सुविधाएं न होने से उनके मल्टीमोरबिडिटी का शिकार होने का जोखिम और बढ़ जाता है। अध्ययनों से ये भी पता चला है कि भले ही लोग किसी भी सामाजिक या आर्थिक पृष्ठभूमि से आते हों, ज्यादातर लोग जल्दी ठीक हो जाने वाली छोटी मोटी बीमारियों जैसे कि सर्दी, जुकाम और बुखार का इलाज कराते हैं पर भयंकर और लंबे समय तक इलाज की जरूरत वाली बीमारियों की अनदेखी करते हैं। हालांकि, सामाजिक आर्थिक समूहों के भीतर भी लंबी और भयंकर बीमारियों जैसे कि डायबिटीज और हाइपरटेंशन के इलाज को लेकर असमानताएं साफ दिखती हैं। इन्हें आम तौर पर प्रमुख को-मोरबिडिटी माना जाता है। भयंकर को-मोरबिडिटी की जांच और फिर उसके इलाज का खर्च जैसे जैसे बढ़ता जाता है, वैसे वैसे 'इनवर्स केयर का नियम' लागू होता जाता है क्योंकि, खर्च बढ़ने पर कम आमदनी वाले समूहों के लोग इन बीमारियों का इलाज कराने से बचते हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवा तक उनकी पहुंच, डॉक्टर से कम सलाह मशवरा और फिजिशियन पर दबाव बढ़ने जैसी समस्याएं पैदा हो जाती हैं। जलवायु परिवर्तन की वजह से दुनिया भर के शहरों में भयंकर मौसम, जैसे कि शहरों में बेतहाशा गर्मी वाले इलाके बनने और अचानक भयंकर बाढ़ आने की समस्याएं देखने को मिल रही हैं। भयंकर गर्मी वाले इलाके से शहरों का तापमान बहुत बढ़ जाता है क्योंकि शहरों में कंक्रीट के घने जंगल, आधुनिक मूलभूत ढांचे जैसे कि सड़कों और इमारतों का घनत्व अधिक होता है, जो गर्मी को बाहर निकालने के बजाय उसे सोख लेते हैं इस से बिजली की खपत बढ़ती है और ग्रीन हाउस गैसों और दूसरे प्रदूषक तत्वों का उत्सर्जन भी, जिससे इंसान की सेहत पर बहुत बुरा असर पड़ता है। राजधानी रांची सहित पूरे झारखंड में सड़कों और खुले स्थानों को जिस तरह सीमेंट से आच्छादित किया जा रहा है वह भूगर्भ जल के लिए ही नहीं सभी के लिए खतरनाक है।

## झारखंड हाईकोर्ट के नए चीफ जस्टिस होंगे विद्युत रंजन षाडंगी

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** उड़ीसा हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस डॉ विद्युत रंजन षाडंगी झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस होंगे। झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर का ट्रांस्फर राजस्थान हाई कोर्ट किया गया है। यह जानकारी कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा की है। मेघवाल के मुताबिक,सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता में हुई कॉलेजियम की बैठक में यह निर्णय लिया गया है, जिसपर राष्ट्रपति की मुहर लग चुकी है। उल्लेखनीय है कि जस्टिस डॉक्टर बीआर षाडंगी 20 जून, 2013 को उड़ीसा हाई कोर्ट के जस्टिस बने थे। इससे पहले करीब 27 वर्षों तक उड़ीसा हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में उन्होंने प्रेक्टिस किया था। झारखंड हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्रा की सेवानिवृति के बाद झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में जस्टिस एस चंद्रशेखर को जिम्मेदारी सौंपी गई थी।



## एक नजर

### कांग्रेस ने शोक संवेदना व्यक्त की

**पाटन।** हाथरस जनपद में भोले बाबा के सत्संग में अचानक हुई भगदड़ से लगभग 116 लोगों के मृतक व हजारों लोगों के घायल होने की दुःखद खबर पीड़ा दायक है। दुःखद घटना पर छतरपुर पाटन विधानसभा में कांग्रेस नेता द्वारा पाटन के सेमरी में शोक साभा आयोजित की गई। वहां मृतक के आत्मा की शांति, घायलों को शीघ्र स्वस्थ होने की कामना के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। शोक सभा में अशोक पासवान, रामानंद पाण्डेय, पलामू जिला मजदूर कांग्रेस अध्यक्ष अनिल सिंह, संजय पासवान ,वासुदेव कुमार, सुनील कुमार, शंभू सिंह, बबन प्रजापति, राकेश दुबे, नकुल कुमार,अनिल प्रसाद उपस्थित थे।

### स्कूली छात्राओं के बीच साइकिल वितरण

**विश्रामपुर।** प्रखंड के कई सरकारी स्कूल की छात्राओं के बीच बुधवार को साइकल वितरित किया गया। प्रखंड कार्यालय परिसर में उपस्थित छात्राओं के बीच साइकल का वितरण बतौर मुख्य अतिथि जिला पार्षद विजय रविदास ने किया। साइकल मिलते ही छात्राओं के चेहरों पर मुस्कान छा गई। जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि साइकल मिल जाने से ग्रामीण छात्राओं को स्कूल आने जाने में अब काफी सहूलियत होगी। इसके अलावा सुदूर ग्रामीण इलाके की छात्राओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि सरकार के सभी कल्याणकारी योजनाओं को शत प्रतिशत धरातल पर उतारना प्राथमिकता है। हमारा प्रयास है कि योजनाओं का लाभ वास्तविक जरूरतमंदों तक पहुंचे। मौके पर कल्याण पदाधिकारी, उप प्रमुख सतेंद्र सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

### प्रोजेक्ट परीक्षा में उतीर्ण विद्यार्थियों को किया गया पुरस्कृत

**हुसैनाबाद।** झारखंड शैक्षिक अनुसंधान व प्रशिक्षण परिषद रांची प्रोजेक्ट रेल परीक्षा में उत्तीर्ण विभिन्न वर्ग के विद्यार्थियों को प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद ने एक सादे समारोह आयोजित कर पुरस्कृत किया। कहा कि विभाग का यह प्रयास सराहनीय है। बच्चों में पढ़ाई लिखाई के प्रति अभिरुचि बढ़ रही है। मालूम हो कि 2024-25 सत्र के आरंभकाल में चार सप्ताह तक पिछले वर्ग से ही प्रश्न पूछे जायेंगे। शिक्षक भी सिलेबस के मुताबिक एक सप्ताह की पढ़ाई पूरी तैयारी के साथ कर रहें हैं और अच्छा फीडबैक मिल रहा है। विभिन्न वर्गों से उत्कृष्ट अंक लानेवाले तीन-तीन छात्रों को पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक कन्हैया प्रसाद, सहायक शिक्षकों में मो. जुबैर अंसारी, राजेश कुमार गुप्ता, राजेश कुमार, प्रमोद मेहता, पुष्पा कुमारी, आशा कुमारी, पूनम कुमारी, रश्मि प्रकाश आदि उपस्थित थे।

# 1. 84 लाख की लूट जांच में जुटी पुलिस

### स्मॉल फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से हुई लूट

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** हैदरनगर जपला मुख्य पथ पर बिंदू बिगहा मोड़ के समीप मंगलवार की देर शाम स्मॉल फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी पिंटू कुमार से अज्ञात लुटेरों ने 1.84 लाख रुपया नकद लूट लिया। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि पिंटू कुमार ने अपने आवेदन में जानकारी दी है कि विभिन्न गांवों से कंपनी का पैसा वसूली कर बाइक से जपला लौट रहा था। इस दौरान उसे शौच करने के लिए बिंदू बिगहा मोड़ के समीप रुकना पड़ा। उसे वहां पर रुकते ही अज्ञात लुटेरों ने उस पर हमला कर छीना झपटी करने लगे। लुटेरों ने पिंटू से बैग में वसूली की गई 1.84 लाख रुपये नगद छीन लिया। इसके बाद उन्होंने तत्काल 100 नंबर पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तुरंत घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की है। थाना प्रभारी अफजल अंसारी ने बताया कि इस मामले में क्षेत्र में सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। लुटेरों की शीघ्र पहचान करने के प्रयास किये जा रहे हैं। पुलिस विभिन्न संभावित मार्गों और संदिग्ध व्यक्तियों पर निगरानी रख रही है। इस घटना से क्षेत्र में भय और चिंता का माहौल है। पिंटू कुमार के साथ हुई लूटपाट ने स्मॉल फाइनेंस कंपनी के अन्य कर्मचारियों भी भयभीत है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

### सड़क किनारे खड़ा हाइवा चोरी



**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 139 किनारे सुल्तानी नायरा पेट्रोल पंप के समीप से हाइवा ट्रक चोरी होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार लभरा गांव निवासी पंकज कुमार सिंह का हाइवा (बीआर 26 जी ए 7958) बीते मंगलवार की रात उक्त पेट्रोल पंप के समीप मुख्य सड़क के किनारे खड़ी थी। लेकिन सुबह में वहां से हाइवा गायब मिली। काफी खोजबीन के बाद हाइवा का पता नहीं चल सका है। मामले में हाइवा मालिक ने पिपरा थाना में लिखित शिकायत की है। इस संबंध में पिपरा थाना प्रभारी विमल कुमार ने बताया कि हाइवा चोरी से संबंधित आवेदन मिला है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# खाद बीज की समुचित व्यवस्था करें सरकार : कर्नल संजय

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** भाजपा सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सह किसान ब्रिगेड संरक्षक कर्नल डा. संजय कुमार सिंह ने कृषि विभाग से खाद बीज उपलब्ध कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि धान का बीचड़ा खेतों में छिटने का समय निकलता जा रहा है। लेकिन सरकार द्वारा किसानों को खाद बीज मुहैया नहीं कराई गई है। इसके चलते किसानों की चिंता बढ़ गई है। बिचड़ा छिटने के समय खाद बीज न मिलने से फसल प्रभावित न हो। जिसे देखते हुए ससमय रहते खाद बीज सभी केंद्रों व पैक्स में उपलब्ध करवाया जाए, ताकि किसान बिचड़ा खेतों मे छिट सकें। किसानों को खाद बीज के लिए परेशान न होना पड़े। उन्होंने कहा कि वर्षा ऋतु की आहट हो चुकी है। झारखंड सरकार ने प्रदेश व जिले के किसानों के लिए अभी तक कोई ऐसी कार्य योजना नहीं बनाई है, जिससे किसानों को खाद बीज मुहैया हो सके। महागठबंधन सरकार में पिछले कई सालों से व्यापक पैमाने पर झारखंड में खाद बीज का गोरखधंधा अपनी जड़े जमा चुका है। इस वर्ष भी खाद-बीज में मिलावट व कालाबाजारी का अंदेशा है। धान का बीचड़ा छिटने का समय निकलता जा रहा है। यह जानकारी सरकार के अफसरों को भी है। फिर भी उन्होंने हुसैनाबाद विधानसभा के मोहम्मदगंज, हैदरनगर, हुसैनाबाद, पीपरा, हरिहरगंज प्रखंड में किसानों को धान के बीज उपलब्ध नहीं कराए हैं। कृषि विभाग अब तक सभी पैक्सों को बीज नहीं भेज सका है। अगर समय पर बीज ही नहीं मिलेंगे, तो किसान समय से रोपनी नहीं कर सकेंगे। यदि सरकार ससमय किसानों को खाद बीज मुहैया नहीं कराई गई तो किसान ब्रिगेड प्रखंड कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन कर विरोध प्रकट करेगा।

## न्यूज बॉक्स

### बहेरा में स्कूल तक पीसीसी बनने से छात्र अभिवावकों में खुशी

**हैदरनगर।** थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बहेरा में रेलवे अंडरपास निर्माण से बाधित स्कूल का पहुंच पथ बनाने का काम शुरू किया गया है। इससे छात्र अभिवावकों में खुशी वापस आई है। प्रधानाध्यापक विनोद कुमार पांडेय, सहायक शिक्षक संजय राम, कुसुम देवी ने बताया कि गत वर्ष रेलवे अंडर पास निर्माण कराने के क्रम में स्कूल का पहुंच पथ बाधित हो गया। इसके बाद क्षेत्रीय सांसद वीडी राम सहित थर्ड लाइन निर्माण में जुटी आरवीएनएल के मैनेजर वीरेंद्र प्रसाद, पीएमसी संजय कुमार, अभियंता विवेक कुमार, रामप्रवेश कुमार सहित अन्य अधिकारियों से लगातार मिलकर स्कूल तक पहुंच बनाने का आग्रह किया गया था। उन्होंने बताया कि इस पीसीसी का निर्माण कार्य का जिम्मा मेसर्स अजय सिंह व संवेदक धनंजय सिंह, सचिन सिंह को दिया गया है। उन्होंने कहा कि स्कूली बच्चों के हित रेलवे की पहल सराहनीय व सार्थक रहा है।

### बुधुआ वितरणी के क्षतिग्रस्त होने उत्तर कोयल मुख्य नहर में जलप्रवाह किया गया कम

**हैदरनगर।** कोयल मुख्य नहर के बुधुआ लघु वितरणी के डैमेज होने से बुधवार को एक बार फिर जलप्रवाह कम कर दिया गया है। इस प्रकार कोयल नदी के अप स्ट्रीम में 2258 और डाउन स्ट्रीम में 1672 क्यूसेक पानी का प्रवाह हो गया है। कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि बुधुआ लघु वितरणी में टूट की वजह से नहर में भी जलप्रवाह कम करना पड़ा है। जबकि 586 क्यूसेक पानी प्रवाहित की जा रही थी। उन्होंने बताया कि संबंधित कार्यपालक व सहायक अभियंता के अनुसार गुरुवार को टूटे हुए जगह पर मरम्मत की जायेगी। सुबह नहर में 600 क्यूसेक पानी छोड़ी जा सकती है। किसानों का कहना है कि बुधुआ लघु वितरणी हर बरसात के सीजन में ही टूटती है। मगर इस समस्या के स्थाई समाधान नहीं किया जाता है। यही वजह है कि ऐन खेती के समय नहर का जलप्रवाह कम करने से इसकी रफ्तार धीमी पड़ जाती है।

### पूर्व मध्य रेलवे को चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में 8114 करोड़ रुपये से अधिक मिला राजस्व

**हैदरनगर।** पूर्व मध्य रेलवे को चालू वित्त वर्ष 2024-25 के प्रथम तिमाही अप्रैल से जून माह तक माल ढुलाई से 6789. 98 करोड़ जबकि यात्री भड़ा से 1171. 10 करोड़ सहित अन्य सभी स्त्रोतों से कुल 8114. 33 करोड़ आय प्राप्त हुआ है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने इस संबध में विभागीय लेखा जोखा जारी कर कहा कि पिछले वर्ष के जून माह तक की प्राप्त प्रारंभिक आय 7516. 57 करोड़ रुपए के तुलना में 7. 95 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्त वर्ष के प्रथम तिमाही में पूर्व मध्य रेलवे ने करीब 6.07 करोड़ यात्रियों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया है। जो पिछले वर्ष के इसी अवधि के दौरान पूर्व मध्य रेलवे से यात्रा किए गए 5. 48 करोड़ यात्री की तुलना में 10. 75 प्रतिशत अधिक है। यात्री भाड़ा से प्रथम तिमाही में 1171. 10 करोड़ रूपए की आय प्राप्त हुई। यह आय पिछले वर्ष के इसी अवधि में प्राप्त आय 1013. 49 करोड़ की तुलना में 15. 55 प्रतिशत अधिक है। चालू वित्तीय वर्ष में ग्रीष्माकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर अप्रैल से जून माह तक पूर्व मध्य रेलवे के विभिन्न स्टेशनों से देश के विभिन्न शहरों के लिए कुल 216 समर स्पेशल ट्रेन 1625 फेरे लगाए। जिनसे 181. 59 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ। बिना टिकट अथवा उचित प्राधिकार के यात्रा करने वाले यात्रियों पर कड़ी निगाह रखी जा रही हैं। इसकी रोकथाम के लिए निरंतर अभियान जारी है। जिससे उचित टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्रियों को किसी प्रकार की कठिनाइयों का सामना नहीं करना पड़े। इसी कड़ी में चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में कुल 10. 47 लाख बिना टिकट या बिना उचित प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले यात्री पकड़े गये। जिनसे जुमार्ने के रूप में कुल 68. 55 करोड़ रुपये की राजस्व की प्राप्ति हुई है।

### मिल्लत ए इस्लामिया हुसैनी कमेटी का गठन

**हुसैनाबाद।** मुहर्रम को लेकर हुसैनाबाद के खलीफा मोहल्ला के लोगों की बैठक स्व. सुभान खलीफा के आवास पर हुई। मुहर्रम में अखाड़ा खेलकूद आदि को बेहतर व शांति पूर्ण संपन्न कराने को लेकर सर्वसम्मति से मिल्लत ए इस्लामिया हुसैनी कमेटी खलीफा मोहल्ला का गठन किया गया। सरपरस्त मो. शुएब अहमद खलीफा, गुलाम मोहम्मद अमीन अली खान, मोहम्मद ताहिर अली राईन, नसीमुद्दीन मंसूरी, असगर मंसूरी, फहीम मंसूरी, जिरगम रसूल व इब्राहिम सेठ चुने गए। इनके अलावा सदर मो. फैज कादरी, नायब सदर साबिर अली, सेक्रेटरी मो अशफाक मंसूरी, नायब सेक्रेटरी दानिश इदरीशी, खजांची अकील अहमद मंसूरी, नायब खजांची अब्दुल सलाम खलीफा चुने गए। कमेटी में शामिल सभी पदाधिकारियों ने मुहर्रम के परंपरागत खेल आदि को जीवंत रखने के उद्देश्य से उस्ताद द्वारा बच्चों को लाठी डंडे के करतब दिखाने की व्यवस्था करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जिससे विभिन्न जगहों पर होने वाली प्रतियोगिता में जपला के बच्चे औवल आ सकें। बैठक में रिजवान इदरीसी, लड्डू खान, चन्नू मंसूरी, शालू खलीफा, प्रिंस मंसूरी, अलीमुद्दीन मंसूरी के अलावा कई शामिल थे।

## आजसू पार्टी ने 9 सूत्री मांगों को लेकर ज्ञापन शौंपा

नवीन मेल संवाददाता



**पाटन।** प्रखंड परिसर में आजसू पार्टी द्वारा राज्य में व्यापक भ्रष्टाचार, प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ हल्ला बोल कार्यक्रम के तहत आजसू पार्टी के कार्यकताओं ने 9 सूत्री मांग पत्र अंचलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा को शौंपा। मांग पत्र के माध्यम से जमीन संबंधित दाखिल खारिज, म्यूटेशन समय,अबुआ आवास के चयन में प्रदर्शिता लाने। मनरेगा अंतर्गत सिंचाई योजनाओं का जल्द भुगतान कराने, छात्राओं को छात्रवृत्ति समय पर दिलाने। प्रखंड में बिजली की व्यवस्था में सुधार लाने। प्रखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन मे सुधार करने। प्रखंड क्षेत्र में खराब चापानल की मरामाती कराने की मांग शमिल है। आजसू पार्टी के कार्यकताओं को अंचलाधिकारी दीपक कुमार मिश्रा ने बताया कि अंचल का जो भी जमीन संबंधित कार्य है उसको ससमय निष्पादन किया जा रहा है। यहां जमीन संबंधित कोई कार्य लंबित नहीं है। ज्ञापन देने मे मौके पर मौजूद केंद्रीय कमेटी सदस्य संजय सिंह, प्रखंड सचिव अशोक विश्वकर्मा, जिला सचिव कृष्णा कुमार उपस्थित थे।

## एनसीपी व टीम सूर्या ने हुसैनाबाद में एक बूथ दस यूथ कार्यक्रम की शुरूआत

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** एनसीपी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सह हुसैनाबाद विधायक के निर्देश पर बुधवार को हुसैनाबाद स्थित कार्यालय में युवा एनसीपी व टीम सूर्या के कार्यकताओं की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता युवा एनसीपी के अनुमंडल अध्यक्ष अभिषेक उर्फ हरि सिंह व संचालन युवा प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश राजवंशी ने किया। बैठक में युवा एनसीपी के संगठन पर विस्तृत चर्चा हुई। चर्चा के बाद प्रत्येक बूथ स्तर पर दस दस युवाओं को जोड़ने का सभी ने संकल्प लिया। बैठक में अनुमंडल अध्यक्ष हरि सिंह ने कहा कि इसकी शुरूआत हुसैनाबाद प्रखंड से की गई है। युवा एनसीपी व टीम सूर्या के युवा कार्यकर्ता प्रखंड अध्यक्ष ओम प्रकाश राजवंशी के मार्गदर्शन ने सभी 22 पंचायतों में क्रमवार बैठक कर इस अभियान को आगे बढ़ाने का काम करेंगे। हरि सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद में शुरूआत करने के बाद अन्य प्रखंडों में भी युवा एनसीपी व टीम सूर्या के कार्यकताओं की संयुक्त बैठक कर एक बूथ दस यूथ अभियान चला कर युवाओं को जोड़ने की मुहिम चलाई जाएगी। उन्होंने कहा कि आज भी एनसीपी का संगठन सभी बूथों तक है। बैठक में योगेंद्र कुमार सिंह, विनय पासवान, हुसैनाबाद युवा प्रखंड अध्यक्ष ओमप्रकाश राजवंशी, नगर अध्यक्ष ,रविंद्र कांस्यकार, रजनीश कुमार सिंह,गोरख पासवान, गुडु पाल,गोल्डन ठाकुर, रमेश प्रजापति, विनोद चौधरी,बबलू यादव, जिसान हसन,जितेंद्र पासवान, उमेश बैठा, सोनू सिंह ,राजन सिंह, अभिमन्यु सिंह,कार्तिक राजवंशी, अखिलेश पाल,अभिषेक सिंह, येस विश्वकर्मा,प्रदीप पासवान, अभिषेक शर्मा, नवनीत सिंह, अमित पाठक, ओमप्रकाश सिंह,सोनू पासवान, मुकेंद्र चौधरी, चंदन पासवान के अलावा सैकड़ों युवा शामिल थे।

### पर्यवेक्षिका ने अयोग्य लाभुकों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का दिया लाभ

# रिश्वत लेकर योजना दिलाने का आरोप, जांच में हुई पुष्टि

### उपायुक्त को आवेदन देकर कार्रवाई का किया मांग

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** विश्रामपुर बाल विकास परियोजना कार्यालय द्वारा संचालित कजरू कला पंचायत के दो आंगनबाड़ी केंद्रों में बड़े पैमाने पर अनियमितता बरती गई है। परियोजना कार्यालय की पर्यवेक्षिका द्वारा अयोग्य लाभुकों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का लाभ दिया गया है। 18 फरवरी को उपायुक्त की अध्यक्षता में समाज कल्याण विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षात्मक बैठक के दौरान सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना में अनियमितता का यह बात भी संज्ञान में आया है। जिसके बाद विश्रामपुर परियोजना का उपलब्धता प्रतिशत सभी अन्य परियोजनाओं से काफी ज्यादा 127 प्रतिशत रहने के कारण विश्रामपुर परियोजना के कुछ पंचायतों में जाकर वहां के लाभुकों का स्थलीय जांच कर सत्यापन कराया गया। जांच में पाया गया कि विश्रामपुर परियोजना अन्तर्गत कार्यरत महिला पर्यवेक्षिका मीना देवी जो पूर्व में सेविका थी और सेविका से प्रोन्नति पाकर महिला पर्यवेक्षिका बनी है। उनके द्वारा बड़े पैमाने पर अयोग्य लाभुकों को योजना का लाभ दिया गया है। कजरू कला 2 की सेविका तारा देवी से इस संबंध में जांच दल द्वारा पूछे जाने पर बताया गया कि लाभुक बालिकाओं का आवेदन भी उनके द्वारा गलतफहमी में भरा गया है। वहीं इस संबंध में पर्यवेक्षिका मीना देवी से पूछने पर उनके द्वारा कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया।

जांच टीम को केन्द्र की सेविका व पर्यवेक्षिका मीना देवी 12 आवेदकों का मूल शैक्षणिक प्रमाण पत्र व लाभुकों का आधार कार्ड भी उपलब्ध नहीं करा पाई। कई अन्य लाभुकों के मूल प्रमाण पत्र से मिलान करने पर पाया गया कि योजना से लाभान्वित करने के लिए कई आवेदकों के शैक्षणिक प्रमाण पत्र व आधार संख्या से छेड-छाड़ किया गया है। साथ हीं पर्यवेक्षिका मीना देवी व आंगनबाड़ी सेविका तारा देवी के द्वारा भी यह स्वीकार किया गया कि 12 अयोग्य लाभुकों का आवेदन गलती से समर्पित हो गया है। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के हस्ताक्षर के बगैर जिला कार्यालय को भेजा दिया गया हैं। आंगनबाड़ी केन्द्र कजरूकला एक अन्तर्गत समर्पित आवेदन पत्रों की जब जांच की गई तो पता चला कि 18 से 19 वर्ष वर्ग में एक लाभुक 19 वर्ष से अधिक उम्र का है।

उक्त दोनों केन्द्रों से संबंधित आवेदन पत्रों में किसी भी आवेदन पत्र पर बाल विकास परियोजना पदाधिकारी का हस्ताक्षर पर्यवेक्षिका मीना देवी के द्वारा नहीं कराया गया। सीधे अपने हस्ताक्षर से जिला कार्यालय को आवेदन भेजा गया, जो अत्यन्त गंभीर मामला है। इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा पलामू उपायुक्त को आवेदन देते हुए पूरी मामले की जांच करते हुए इसमें संलिप्त लोगों पर कार्रवाई की मांग की गई है। महिला पर्यवेक्षिका मीना देवी ने कहा कि आयोग्य लाभूकों का चयन हुआ है। जिसे हटाने को लेकर विभागीय कार्यालय को सूचना दी गई है। इसमें किसी प्रकार की संलिप्तता नहीं रही है। लोगों के द्वारा लगाया गया आरोप बेबुनियाद है।

### बकरी का पीपीआर टीकाकरण कराना कराएं : डा. तौफीक



**सतबरवा।** प्रखंड के रेवारातु गांव से बकरी का पीपीआर टीकाकरण पशुपालन पदाधिकारी डा. तौफीक अहमद ने शुभारंभ किया। डॉक्टर तौफीक अहमद ने बताया कि पीपीआर बकरियों में होने वाली एक गंभीर बीमारी है। इसका देखरेख के साथ टीकाकरण लगवाना बहुत जरूरी है। इस बीमारी के अत्यधिक दस्त तीव्र बुखार नाक तथा मुंह से पानी चलना लक्षण है। इसलिए हमेशा टीकाकरण कराना चाहिए। टीकाकरण लगातार जारी रहेगा। इस मौके पर प्राविधिक सहायक सुरेंद्र गिरी, टिका कर्मी नंदू प्रसाद, राजाराम के साथ कई ग्रामीण मौजूद थे।

## समाज

### मजदूर किसान महाविद्यालय में एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन

# दहेज प्रथा समाज के लिए अभिशाप : प्राचार्य

नवीन मेल संवादाता

**पांकी।** पांकी प्रखंड के मजदूर किसान महाविद्यालय में बुधवार को समाजशास्त्र विभाग द्वारा एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य अतिथि समाजशास्त्र विभाग के डा. विरेन्द्र कुमार, विशिष्ट अतिथि समाज शास्त्र विभाग के डा. अरविन्द कुमार गुप्ता, प्रोफेसर राजमणि उरांव, प्राचार्य डा. दिलीप कुमार राम, सचिव बिंदेश्वर सिंह, समाज शास्त्र के प्रोफेसर जमशेद आलम सहित ने संयुक्त रूप से दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में आए अतिथियों को अंग वस्त्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। मौके पर प्राचार्य डा. दिलीप कुमार राम ने कहा कि आज सभ्य समाज में रहते हुए भी हम दहेज के प्रति लोलुप बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि दहेज प्रथा समाज के लिए अभिशाप है। हमें संकल्प लेना होगा की इस बुराई को दूर करने में अपना प्रयास करना होगा। शिक्षा की सार्थकता इसी में है। महाविद्यालय के सचिव डा. बिंदेश्वर सिंह ने कहा कि



दहेज लेना व देना दोनों ही कानूनी रूप से अपराध है। इसका सीधा प्रभाव संबंधो पर पड़ता दिखाई पड़ रहा है। फिर भी यह समाज परिवर्तन के लिए खुद को तैयार नहीं कर पा रहा है। ऐसे में महाविद्यालय के युवा छात्र-छात्राओं को ही आगे आना होगा। विशिष्ट अतिथि डा. अरविंद कुमार गुप्ता समाज शास्त्र विभाग के अध्यक्ष ने कहा कि एक अच्छी शादी के लिए दहेज देने के लिए मां-बाप को अपना घर, जमीन बेचने या गिरवी रखने पर मजबूर होने को रेखांकित किया है। प्रोफेसर राजमणी उरांव ने कहा की युवाओं को समाज में जागरूकता लानी होगी। महाविद्यालय के प्रो. राजकमल वर्मा ने कहा कि आदर्श की बातें सभी करते हैं, परंतु धरातल पर सब वह नहीं दिखता है। दहेज प्रथा पराकाष्ठा पर पहुंच चुकी है। राजकमल ने कहा कि कोई भी चीज जब अपनी पराकाष्ठा पर पहुंचती है तो उसके परिणाम प्रभावित करते हैं। युवाओं से यह उम्मीद रखी जा सकती है कि आने वाले कल में वे समाज में फैली हुई इस गंदगी को साफ करने के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाएंगे। समाज शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. जमशेद आलम ने कहा कि सेमिनार कराने का उद्देश्य छात्रों में जागृति पैदा करना है।

मुख्य अतिथि डा. बिरेन्द्र कुमार ने कहा कि आए दिन समाचार पत्रों में इस महाविद्यालय में संगोष्ठी का चर्चा प्रभावित किया है। वह महाविद्यालय में आना आवश्यक समझा। यहां आकर ऐसा महसूस करता हूं कि यह महाविद्यालय सुदूर ग्रामीण क्षेत्र में होते हुए भी छात्रों और शिक्षकों के प्रति उचित आचरण व संबंधों को बरकरार रखा है। लक्ष्य को एक नई ऊंचाई देने में तत्पर है। वास्तव में दहेज प्रथा एक सामाजिक कोढ़ है। जिसका उन्मूलन होना आवश्यक है। प्रो. नरेंद्र कुमार तिवारी ने कहा कि दहेज प्रथा का एक दूरगामी प्रभाव पूरे देश में विकराल रूप से प्रारंभ हो गया है। लिंगानुपात का अंतर में तेजी से गिरावट है। आज सख्त कानून होने के बावजूद भी भ्रूण हत्या रोकने में सरकार सक्षम नहीं है। संगोष्ठी का संचालन विभागाध्यक्ष जमशेद आलम, प्रो. राजकमल वर्मा ने संयुक्त रूप से किया। धन्यवाद ज्ञापन राजीव रंजन ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षकेत्तर कर्मी सहित छात्र-छात्राएं काफी संख्या में उपस्थित थे।

### आजसू ने बीडीओ को 13 सूत्री मांग पत्र सौंपा

**हरिहरगंज।** आजसू पार्टी द्वारा बुधवार को पिपरा प्रखंड कार्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिपरा प्रखंड अध्यक्ष रंजीत गुप्ता, संचालन जिला सचिव सह प्रखंड प्रभारी जितेंद्र विश्वकर्मा ने किया। आजसू के केंद्रीय महासचिव सह केंद्रीय प्रवक्ता संजय रंजन सिंह के नेतृत्व में 13 सूत्री मांग-पत्र प्रखंड विकास पदाधिकारी पारितोष प्रियदर्शी को सौंपा गया। मांगों में जमीन दाखिल खारिज के आवेदनों का निष्पादन, अबुआ आवास के लाभुकों के चयन में पारदर्शिता, क्रशर संचालकों द्वारा खाली पड़े भूमि पर वृक्षारोपण कराने, हाइवा के परिचालन से सड़क पर उड़ते धूल से निजात दिलाने, किसानों को समय से खाद-बीज देने, प्रखंड में 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने सहित अन्य मांग शामिल हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संजय रंजन सिंह ने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल है। हल्ला बोल कार्यक्रम में हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष अजीत सिंह, इरशाद आलम, इस्तखार आलम, मो. कलीम, कुर्बान, इरशाद, छोटू सहित अन्य मौजूद थे।


**Government of Jharkhand**
**Urban Development & Housing Department,Medininagar Municipal Corporation**

**e-Procurment Tender Notice**

| S.l. | Tender id | Name of work | Estimate | Earnest Money | Tender Fee | Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Part – A | | | | |
| 1 | UDHD/MMC/02/2024-25 | Laying of Paver Block and rcc drain with repair of existing drain near green valley international school ward no. 06 Under Medininagar Municipal Corporation | 1273535 | 25500 | 5000 | 3 माह |
| 2 | UDHD/MMC/03/2024-25 | Laying of 450 mm hume pipe from rajendra ram house to koyal river in bank colony in ward no. 02 under Medininagar Municipal Corporation | 1211700 | 24300 | 5000 | 3 माह |
| 3 | UDHD/MMC/04/2024-25 | Construction of RCC drain from sadik chowk to raman sinha house (durga pathak road) and renu devi house to ravi ram house (ii) RCC drain from babban tiwari road near uttam bhojnalay in ward no. 22 under Medininagar Municipal Corporation | 1077364 | 21550 | 5000 | 3 माह |
| 4 | UDHD/MMC/05/2024-25 | Construction of RCC drain and PCC road from ashok prasad gupta house to piku jaiswal in ward no. 26 house under Medininagar Municipal Corporation | 1203708 | 24100 | 5000 | 3 माह |
| 5 | UDHD/MMC/06/2024-25 | Construction of RCC drain and soakpit at juvenile jail in ward no. 13 under Medininagar Municipal Corporation | 1490226 | 29850 | 5000 | 3 माह |
| 6 | UDHD/MMC/07/2024-25 | laying of paver block from paver block road to other paver block road via manu enterprizes via surendra yadav house via pankaj paswan house via niraj gupta house in housing colony ward no. 04 under Medininagar Municipal Corporation | 1076856 | 21550 | 5000 | 3 माह |
| 7 | UDHD/MMC/08/2024-25 | Construction of new PCC road from Ramlal chowdhary house to nandlal ram land and main road (bandh ) to nadu ram house in ward no. 33 under Medininagar Municipal Corporation | 1738481 | 34800 | 5000 | 3 माह |
| 8 | UDHD/MMC/09/2024-25 | Renovation of Old Municipal Building Medininagar in ward no. 24 under Medininagar Municipal Corporation | 2498077 | 49970 | 5000 | 6 माह |

**Part – B**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Date Of Publication Of Tender | 05/07/2024 At 10:00 AM |
| 2 | Date Of Publication Of Tender On Website | 05/07/2024AT 10:00 AM |
| 3 | Mode Of Submission Of Bids | E-Tendering Http//:Jharkhandtenders.gov.In |
| 4 | Date Start Of Submission Of Bids | 05/07/2024 AT 10:00 AM |
| 5 | Last Date/Time Of Submission Of Bids | 26/07/2024 AT 02:00 PM |
| 6 | Date Of Bid Opening | 27/07/2024 AT 04:00 PM |
| 7 | Name & Address Of Office Inviting Tender | Municipal Commissioner, Medininagar Municipal Corporation |
| 8 | Contact No. Of Procurement Officer | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |
| 9 | Helpline Number Of E-Procurement Cell | 9430783582, 8409756635 & 9386849354 |

NOTE :- Only E-Tender will be accepted. Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in & Notice Board office of the Medininagar Municipal Corporation

Part-C नियम एवं शर्तें

ह0/–

नगर आयुक्त –सह– प्रशासक,मेदिनीनगर नगर निगम

PR 328450 District(24-25).D




## एक नजर

### उपायुक्त ने जनता दरबार में फरियादियों की सुनी समस्याएं

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी शशि रंजन ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जनता दरबार में जिले के शहरी, ग्रामीण क्षेत्र से आए दर्जनों फरियादियों की समस्याएं बारी-बारी से सुनी गई। उसके निष्पादन के लिए उपायुक्त ने संबंधित विभागीय पदाधिकारी को निर्देश दिया। जनता दरबार में भूमि विवाद,पारिवारिक बटवारा, अवैध कब्जा,मानदेय भुगतान, राशन संबंधित मामले, स्वास्थ्य विभाग के मामले समेत अन्य समस्याओं को लेकर उपस्थित ग्रामीणों की बारी-बारी से उपायुक्त ने समस्या सुनी व यथाशीघ्र उनके समस्याओं के निराकरण करने के लिए संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया।

### बॉडी फिटनेस के ताना से अजीज होकर दोस्तों ने कर दी हत्या

# सागर हत्याकांड में शामिल दो नामजद आरोपी गिरफ्तार



**भविष्य में कभी नहीं उलझने की चेतावनी देना मंहगा पड़ा**

कुछ दिनों पहले सागर डोम ने राजकुमार उर्फ गोलू से कहा था कि उसने जिम में बॉडी फिटनेस कर शरीर को मजबूत बना लिया है। अब उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता है। सागर ने गोलू को भविष्य में कभी नहीं उलझने की चेतावनी दी थी। इस चेतावनी बाद से गोलू ने इसे अपने दिल पर ले लिया। रविवार को गोलू, सागर नावाहाता में एक साथ शराब पीने के लिए मिले। शराब पीने के दौरान गोलू ने सागर के कंधे पर हाथ रख कर पूछा कि उस दिन क्या चेतावनी दिए थे। इसी क्रम में बात बढ़ गई। बाद में गोलू और नीरज ने सागर की चाकू से गोदकर व पत्थर से कूचकर हत्या कर दी।

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर थाना पुलिस ने नावाहाता डोम टोली स्थित शौचालय के पास रविवार देर रात सागर डोम के हत्या में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। गिरफ्तार आरोपियों में शहर थाना क्षेत्र के नावाहाता सेवा सदन रोड निवासी शंकर राम का 19 वर्षीय पुत्र नीरज कुमार, दुधी नगर काली मंदिर पास स्थित जिला सोनभद्र उत्तर प्रदेश निवासी राजू राम के 20 वर्षीय पुत्र राजकुमार उर्फ गोलू के नाम शामिल है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त दो खून से सना दो चाकू, खून लगा पत्थर 1, शराब का खाली बोतल 2, पानी का बोतल 1,अभियुक्त का गमछा 1, अभियुक्त का चप्पल भी बरामद कर लिया है। दोनों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। यह जानकारी बुधवार को शहर थाना में डीएसपी मणिभूषण प्रसाद ने दी। वह पत्रकारों के साथ बातचीत कर रहे थे। उन्होंने बताया की रविवार की पुलिस को सूचना मिली की नावाहाता डोमटोली स्थित शौचालय के पास एक युवक की हत्या कर दी गई। तत्काल ही शहर थाना प्रभारी देवब्रत पोद्दार घटना स्थल पहुंचे। थाना प्रभारी ने देखा की एक युवक खून से लथपथ छटपटा रहा है। शीघ्र ही उसे उठाकर एमएमसीच में भर्ती कराया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि मृतक के पिता संजय राम द्वारा नामजद प्राथमिकी दर्ज काराने के बाद पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ हत्या कारणों का पता लगाने में जुट गई। पुलिस ने दोनों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी दल का गठन किया गया। उन्होंने बताया की पुलिस के अनुसंधान के क्रम में हत्या में राजकुमार उर्फ गोली व नीरज कुमार के शामिल होने की बात सामने आई। पुलिस ने दोनों अरोपियों को गिरफ्तार कर पूरे मामले का पर्दाफाश कर दिया। छापामारी में दल में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार, पुअनि अनन्त कुमार सिंह, गुलशन बिरवा, आरक्षी राकेश कुमार सिंह, आरक्षी रोहित कुमार,आरक्षी मंजेश कुमार, प्रफुल कुमार सिंह शामिल थे।

### प्राथमिक व मध्य विद्यालयों में अपना पैसा खर्च कर शिक्षक बीआरसी से पुस्तक ले जा रहे हैं

# मामला सामने आने पर मांगा जायेगा बीईईओ से स्पष्टीकरण :डीईओ



'प्रत्येक विद्यालय तक अलग-अलग माध्यमों से शिक्षण सामग्री पहुंचाने के लिए प्रत्येक स्कूल के लिए 500 देने का प्रावधान है। लेकिन अधिकतर शिक्षक स्वयं खर्च वहन कर शिक्षण सामग्री अपने विद्यालय तक ले जा रहे हैं।'

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों के शिक्षक अपना पैसा खर्च कर विद्यालयों तक बीआरसी से पुस्तक लेकर आ रहे हैं। हालांकि झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा पुस्तकों तथा शिक्षण सामग्रियों को विद्यालयों तक भेजने का प्रावधान है। जिसके अंतर्गत सभी जिलों को वह राशि दी जानी है। जामताड़ा तथा रांची जिले में झारखंड राज्य शिक्षा परियोजना द्वारा विद्यालयों तक पुस्तकों को नहीं पहुंचने की शिकायत प्राप्त होने पर जिले के डीईओ से स्पष्टीकरण मांगा गया है। जिले के कुछ प्रखंडों को छोड़ दें तो बाकी प्रखंडों में अभी तक पूरी पुस्तक भी नहीं मिल पाई हैं। अगर बीआरसी में प्राप्त भी हुई हैं तो अब तक विद्यालयों में नहीं पहुंच पाई हैं। प्रत्येक विद्यालय तक अलग-अलग माध्यमों से शिक्षण सामग्री पहुंचाने के लिए प्रत्येक स्कूल के लिए 500 देने का प्रावधान है। लेकिन अधिकतर शिक्षक स्वयं खर्च वहन कर शिक्षण सामग्री अपने विद्यालय तक ले जा रहे हैं। पाटन, लेस्लीगंज, चैनपुर, सतबरवा प्रखंड में भी कई ऐसे मामले आए हैं, जिसमें शिक्षक ही शिक्षण सामग्री ला रहे हैं। वहीं किसी विद्यालय में एकल शिक्षक होने की वजह से शिक्षकों को विद्यालय बंद करके पुस्तक लाने जाना होता है। इस कारण छात्रों की पढ़ाई भी बाधित होती है। मामले की जानकारी लेने पर जिला शिक्षा पदाधिकारी दुगार्नंद झा ने बताया की सभी विद्यालयों तक संबंधित बीआरसी को पुस्तक पहुंचने का प्रावधान है। सभी प्रखंड के बीईईओ को स्पष्ट निर्देश दिया गया है कि वह सभी विद्यालयों तक शिक्षण सामग्री भेजना सुनिश्चित करें। अगर किसी भी प्रखंड से शिक्षकों द्वारा विद्यालय तक पुस्तक खुद से लाने का मामला संज्ञान में आता है, तो संबंधित बीईईओ पर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रवेश परीक्षा पास किया



**इंट्रेंस टेस्ट में अभिनव को पूरे भारत में पांचवा तथा सामान्य वर्ग में दूसरा रैंक प्राप्त हुआ है।**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हैदरनगर प्रखंड के संतोषडीह गांव के सहायक शिक्षक अजय कुमार सिंह के पुत्र अभिनव कुमार सिंह ने बीएचयू द्वारा संचालित केंद्रीय हिंदू स्कूल का स्कूल इंट्रेंस टेस्ट पास किया है। इंट्रेंस टेस्ट में अभिनव को पूरे भारत में पांचवा तथा जनरल कैटेगरी में दूसरा रैंक प्राप्त हुआ है। अभिनव ने नौवीं कक्षा के लिए इस विद्यालय में नामांकन के लिए आवेदन किया था। अभिनव के पिता अजय सिंह ने अपने पुत्र की इस उपलब्धि पर हर्ष जाहिर करते हुए कहा कि वह बचपन से ही कुशाग्र बुद्धि था। साथ ही वह मेहनती भी है। इस कारण उसे यह सफलता मिली है। अभिनव के स्कूल इंट्रेंस टेस्ट पास करने से गांव के लोग भी अभिभूत हैं।

# रेलवे मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में चला चेकिंग अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्टीय लोक अदालत को लेकर रेलवे मजिस्ट्रेट प्रज्ञेश निगम ने बुधवार को स्पेशल ड्राइव तीन दिनों तक चलाया गया। तीन दिनों में आरपीएफ ने 47 व्यक्तियों पर रेलवे एक्ट की विभिन्न धाराओं के अंतर्गत पकड़ा गया। उनसे रेलवे मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत कर 10 हजार 700 रुपया फाइन वसूला गया। बुधवार को रेलवे स्टेशन डालटनगंज पर अचानक रेलवे मजिस्ट्रेट द्वारा चेकिंग अभियान चलाया गया। इसके तहत 26 लोगों को बिना टिकट यात्रा करते पकड़ा गया। 2125 रुपए की फाइन वसूला गया। चेकिंग अभियान रांची चोपन एक्सप्रेस अप, डाउन, चोपन गोमो पैसेंजर, डिहरी ऑन सोन बरवाडीह पैसेंजर ट्रेनों सवारी यात्रियों की जांय की गई। चेकिंग अभियान में रेलवे मजिस्ट्रेट के अलावे टीटी व जीआरपी के जवान शामिल थे।

### विधानसभा क्षेत्र में जर्जर, क्षतिग्रस्त मतदान केंद्रों के भवनों का स्थल परिवर्तन पर चर्चा

# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में बुधवार को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों साथ बैठक जिले के सभी विधानसभा क्षेत्र में सत्यापन के दौरान जर्जर, क्षतिग्रस्त पाए गए मतदान केंद्र भवनों के स्थल परिवर्तन से संबंधित प्रस्ताव पर विचार-विमर्श किया। सभी राजनीतिक दलों से सहमति प्राप्त की गयी। वर्तमान में आयोग के स्तर से प्राप्त मतदाता सूची के द्वितीय विशेष संक्षिप्त प्रशिक्षण कार्यक्रम 2024 के पूर्व पुनरीक्षण गतिविधियों के तहत मतदान केंद्रों के पुनर्गठन आवश्यकतानुसार जर्जर या क्षतिग्रस्त भवनों के परिवर्तन की कार्रवाई की जानी है। जिसके लिये सभी विधानसभा क्षेत्र में सभी मतदान के दो का भौतिक सत्यापन करते हुए संबंधित ईआरओ, एईआरओ के स्तर से आवश्यकतानुसार प्रतिवेदन समर्पित किया गया है। इस संबंध में जानकारी प्रदान करने के लिए आयोग के स्तर से जिला स्तर पर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र में 1,छतरपुर विधानसभा क्षेत्र में 1, हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र में 7 मतदान केंद्रों का भवन जर्जर, क्षतिग्रस्त होने व अन्य कारणों से स्थल परिवर्तन का प्रस्ताव अनुमोदन के लिए आयोग को भेजने की कार्रवाई की गई।

## न्यूज बॉक्स

### आकांक्षी जिला में सम्पूर्णता अभियान शुरू करने को लेकर बैठक

**डीडीसी ने अधिकारियों का दिए निर्देश**

**मेदिनीनगर।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने बुधवार को समाहरणालय के सभागार में आकांक्षी जिला कार्यक्रम, आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के अंतर्गत संपूर्णता अभियान की तैयारी से संबंधित बैठक की। बैठक में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का लॉन्च उपायुक्त से अनुमोदन के बाद 4 से 6 जुलाई के बीच करने का निर्णय लिया गया। इसके तहत जिले के आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज में तय तिथि को सम्पूर्णता अभियान कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा। आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज अंतर्गत संपूर्णता अभियान में हेल्थ न्यूट्रीशन, एग्रीकल्चर, सोशल डेवलपमेंट से संबंधित 6 इंडिकेटर पर शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज, आकांक्षी जिला पलामू में संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन के लिए आवश्यक निर्देश दिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नीति आयोग नई दिल्ली द्वारा निर्धारित इंडिकेटर पर शत-प्रतिशत सैचुरेशन करना है।आकांक्षी जिला अंतर्गत संपूर्णता अभियान में हेल्थ, न्यूट्रीशन, एग्रीकल्चर, एजुकेशन समेत 6 बिंदुओं पर योजनाओं का क्रियान्वयन करते हुए शत-प्रतिशत सैचुरेशन करना है। हेल्थ एंड न्यूट्रीशन के अंतर्गत उप विकास आयुक्त ने गर्भवती महिलाओं का शत-प्रतिशत एएनसी रजिस्ट्रेशन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। शत-प्रतिशत गर्भवती महिलाओं का एएनसी रजिस्ट्रेशन कराने की दिशा में समाज कल्याण, स्वास्थ्य विभाग को समन्वय स्थापित कर कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार, कृषि पदाधिकारी विवेक बिरुवा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डा. असीम, पशुपालन पदाधिकारी, पिरामिल फाउंडेशन से डिस्ट्रिक्ट लीड अनिल समेत अन्य उपस्थित थे।

### पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्र को अपनाना होगा : कौशल किशोर

**मेदिनीनगर।** रसियन कंट्री अजरबैजान के राजधानी बाकू के होटल मेरी ओट में आयोजित सम्मान समारोह में भारत से पहुंचे वैसे प्रख्यात लोगों को सम्मानित किया गया। जो समाजसेवा के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा व परिश्रम के बल पर एक अलग पहचान बनाई व ख्याति प्राप्त की है। सम्मान समारोह का शुभारंभ अजरबैजान के टूरिस्ट डायरेक्टर विश्व के साउथ ईस्ट रौशन व झारखंड पलामू के ट्री मैन से विख्यात विश्व व्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्म गुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने अपनी धर्मपत्नी सह मुखिया पूनम जायसवाल, खडवानी, मौनिका लुइस के साथ संयुक्त रूप से किया। समारोह का उद्घाटन के उपरांत पर्यावरण धर्म के तहत अतिथियों को पौधा देते हुए पर्यावरणविद कौशल ने कहा कि दुनिया को बड़ी दुर्घटना होने से बचाना है, तो विश्व के तमाम लोगों को अपने धर्म के साथ-साथ पर्यावरण धर्म के आठ मूल मंत्र को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि अगर उनकी बातों को अनदेखी किया गया तो डायनासोर की तरह धरती और ब्रह्मांड के 84 लाख जीवन की इहलीला समाप्त होने में देर नहीं लगेगी। उन्होंने इससे पहले निःशुल्क पौधा वितरण व रोपन के 58 वां वर्ष, पर्यावरण धर्म, वनरखी मूवमेंट के 48 वां वर्ष पूरा होने पर वृक्षों पर रक्षाबंधन कर वर्ष 2024 के पौधरोपण, वितरण अभियान का शुभारंभ किया। पिछले वर्ष इस अभियान की शुरूआत पर्यावरणविद कौशल ने सिंगापुर व मलेशिया से किया था। उक्त अवसर पर संस्था के प्रधान सचिव पंचायत डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

### संत मरियम स्कूल के छात्रावास परिसर में योग का आयोजन किया गया

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल छात्रावास परिसर में योग का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में पतंजलि महिला इकाई की राज्य कार्यकारिणी सदस्य ममता सिन्हा प्रमुख रूप से उपस्थित रहीं। उन्होंने कहा कि योग को प्रतिदिन दैनिक दिनचर्या में शामिल करने से शरीर स्वस्थ रहता है। मानसिक तनाव दूर होता है। साथ ही व्यक्ति की बुद्धि कुशाग्र होती है। योग करने वाले सभी निश्चित रूप से योग के परिणाम को बीतते समय के साथ अपने व्यवहार, मस्तिष्क के विकास सहित अनेक चीजों में महसूस करेगें। उन्होंने ने कहा कि बच्चों के साथ प्रतिदिन विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव का उठना व उनके साथ में योग करना एक बेहतर अभिभावक की अनुभूति कराता है। ऐसे कार्यों से निश्चित रूप से बच्चे अभिभावक के रूप में जुड़ते हैं। उनका आत्मीय लगाव भी बढ़ता है। साथ ही वह अपनी मूल समस्याओं को आसानी से उन तक पहुंचा पाते हैं। उन्होंने कहा कि बच्चों के साथ दैनिक दिनचर्या की शुरूआत बच्चों व संस्थान के लिए बेहद गर्व की बात है। मौके पर संत मरियम स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि योग के साथ संत मरियम स्कूल के छात्रावास के बच्चे आर्चरी, कराटे, संगीत, निशानेबाजी आदि खेलों का भी नियमित अभ्यास करते हैं। पलामू जैसे क्षेत्रों में विद्यालय प्रबंधन का यह प्रयास है कि बच्चे अपने रुचि के अनुसार विभिन्न खेलों के क्षेत्र में पलामू का नाम राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रौशन करें। मौके पर छात्रावास के सभी बच्चे उपस्थित रहे।

## सम्मान

### अभ्यास वर्ग में 500 परिषद कार्यकर्ताओं ने लिया भाग

# डॉ. केसी झा अभाविप के जिला प्रमुख बने



**छात्र अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं: विनीत पांडेय**

राष्ट्रीय विश्वविद्यालय सह संयोजक विनीत पांडेय ने कहा कि वर्तमान झारखंड प्रदेश में गिरती शिक्षा व्यवस्था, विश्वविद्यालय में व्याप्त अराजकता, विश्वविद्यालय अधिकारी विहीन होने से झारखंड प्रदेश के छात्र अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। वर्तमान राज्य सरकार छात्रों व युवाओं को सिर्फ छलने का प्रयास कर रही है। झारखंड में जो भी रिक्तियां आ रही हैं वह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ जा रही है। ऐसी स्थिति में वर्तमान सरकार को ले कर युवाओं में काफी आक्रोश व्याप्त है। विद्यार्थी परिषद सभी बिंदुओं पर रूपरेखा तैयार कर आदोंलन करेगी व वर्तमान भ्रष्ट राज्य सरकार को उखाड़ कर फेंकने का काम करेगी।

**चार दिनों के इस वर्ग में कई विषयों पर मंथन किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता को लेकर विश्वविद्यालयों में आंदोलन की रूप रेखा तैयार की गई**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रदेश अभ्यास वर्ग का आयोजन जमशेदपुर टाटा में चार दिवसीय 27 से 30 जून को निर्धारित थी। अभ्यास वर्ग में राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क शुक्ल भी उपस्थित थे। चार दिनों तक चले अभ्यास वर्ग में पूरे प्रदेश से 500 परिषद के कार्यकर्ताओं ने प्रशिक्षण भाग लिया। चार दिनों के इस वर्ग में कई विषयों पर मंथन किया गया। साथ ही विश्वविद्यालय में व्याप्त शैक्षणिक अराजकता को लेकर विश्वविद्यालयों में आंदोलन की रूप रेखा तैयार की गई। साथ ही 9 जुलाई को राष्ट्रीय छात्र दिवस,सदस्यता अभियान आदि विषयों पर परिषद के कार्यकताओं ने आगामी योजना बनायी। अंतिम दिन झारखंड प्रदेश के कई महत्वपूर्ण दायित्वों की घोषणा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष द्वारा किया गया। पलामू जिले से अभय वर्मा को विभाग संयोजक, डा. केसी झा को पलामू जिला प्रमुख, नीतीश दुबे को पलामू जिला संयोजक की जिम्मेदारी सौंप गई। मौके पर उत्कर्ष तिवारी, आकाश वर्मा, विपिन यादव, राहुल कुमार चेरो, रोहित कुमार, सुरभि ठाकुर, प्रभात दुबे, दीक्षा कुमारी सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### हिंदू धर्म के स्व्यंभू ठेकेदार बन गए हैं भाजपा नेता : कांग्रेस

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष बिट्टू पाठक ने कहा कि भाजपा नेता हिंदू धर्म के स्वयंभू ठेकेदार बन गए हैं। हिंदू व हिंदुत्व एक विचार है। इसकी कोई शुरूआत व कोई अंत नहीं है। उस विचार का स्वयंभू ठेकेदार बनने की कोशिश भाजपा की छोटी सोच वाले नेता कर रहे हैं। भाजपा इस बात से स्तब्ध है कि बरसों बाद किसी ने सदन में आईना दिखाया है। उन्होंने कहा कि आरएसएस व भाजपा के नेता ही केवल हिंदू नहीं है बल्कि देश के करोड़ों लोग हिंदू समाज के है। हिंदू होने के लिए किसी को भाजपा के सार्टिफिकेट की जरुरत नहीं है। हिंदू कभी हिंसा नहीं फैलाता, बल्कि अहिंसा में विश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि भाजपा का हमेशा से एजेंडा रहा है कि विपक्ष के नेताओं के भाषण को कांट-छांटकर सोशल मीडिया पर चलाकर झूठे तथ्य फैलाए जाए।

## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

## एक नजर

### चौरिया में विद्यालय का उद्घाटन करेंगे भानू प्रताप शाही

**खरौंधी।** खरौंधी प्रखंड के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौरिया का अब उच्च विद्यालय का दर्जा मिल गया है। जिसका उद्घाटन गुरुवार को विधायक भानु प्रताप शाही करेंगे। उक्त बातें को जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष संध्याकर विश्वकर्मा ने कहा की विधायक भानु प्रताप शाही जी के अथक प्रयासः से उत्क्रमित मध्य विद्यालय चौरिया का उत्क्रमण कर उसे उच्च विद्यालय का दर्जा मिला है। गुरुवार को क्षेत्रीय विधायक भानू प्रताप शाही द्वारा चौरिया में उत्क्रमित उच्च विद्यालय का उद्घाटन किया जाएगा।

### विषैला जंतु काटने से महिला जख्मी

**गढ़वा।** कांडी थाना क्षेत्र के देवडीह गांव निवासी असगर अंसारी की पत्नी सहनाज खातून 24 वर्ष को विषैला जंतु काटने से जख्मी हो गई। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया की घर में कुछ काम कर रही थीं। उसी बीच विषैला जंतु ने काट लिया। घटना के बाद परिजनों ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया जहा उसका इलाज चल रहा है। घटना में महिला के हाथ में जख्म का निशान है।

### कीटनाशक खा कर महिला ने की आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के दुबे मरहटिया गांव ने शिवबती कुवर 60 वर्ष कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या करने का प्रयास की। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहा उसका इलाज चल रहा है। घटना के संबंध में बताया गया कि किसी बात को लेकर घर में विवाद उत्पन हुआ था। उसी बात से उग्र होकर महिला ने कीटनाशक दवा खा ली। घटना के बाद स्थिती बिगड़ने पर परिजनो ने उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहा उसका इलाज चल रहा है।

### टेंपो पलटने से आठ स्कूली छात्र-छात्राएं घायल

**गढ़वा।** गढ़वा रेहला मार्ग पर बुधवार की सुबह बेलचंपा के पास टेंपो पलटने से टेंपो पर सवार आठ स्कूली छात्र-छात्राएं घायल हो गई। घायलों में गढ़वा थाना क्षेत्र के हुर गांव निवासी पूजा कुमारी, कलवंती कुमारी, रीमा कुमारी, फरठीया गांव निवासी निक्की कुमारी, सुमन कुमारी, प्रतिमा कुमारी, मनीष राज आदि के नाम शामिल है। सभी को इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद मनीष राज को गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए परिजनों ने हायर सेंटर ले गये। घटना के संबंध में प्रतिमा कुमारी ने बताया कि सभी लोग टेंपो पर सवार होकर प्रत्येक दिन आरकेजेबीआई स्कूल रेहला पढ़ाई करने के लिए जाती थी। बुधवार को भी सभी छात्र-छात्राएं एक टेंपो पर सवार होकर रेहला स्थित आरकेजेबीआई स्कूल जा रही थी। टेंपो की तेज गति होने के कारण सामने से आ रही मोटरसाइकिल से साइड लेने के दौरान टेंपो अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

---

केतार-कांडी मुख्य पथ पर ताली गांव के चांदनी चौक के समीप सड़क दुर्घटना

# एक नाबालिग की मौत, एक घायल

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

केतार-कांडी मुख्य पथ पर बुधवार की शाम ताली गांव के चांदनी चौक के समीप सड़क दुर्घटना में एक नाबालिग युवक की घटनास्थल पर मौत हो गई, जब की एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। जानकारी के अनुसार ताली गांव निवासी धर्मेन्द्र साह का 17 वर्षीय पुत्र अनुज गुप्ता बाईक से अपने घर चांदनी चौक लौट रहा था इसी क्रम में चांदनी चौक के समीप बाईक तेज रफ्तार होने के कारण अनियंत्रित हो गया। सड़क किनारे खड़े परसोडीह गांव निवासी बुलाकी साह में धक्का मार कर गिर गया। इस घटना में अनुज गुप्ता की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। अनुज दसवीं कक्षा का छात्र था। वहीं बुलाकी साह का एक पैर बुरी तरह से फ्रैक्चर हो गई है। बुलकी साह को इलाज के लिए परिजन भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इधर घटना की जानकारी के बाद थाना प्रभारी अरूण कुमार रवानी घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जानकारी लेने के पश्चात परिजनों को शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए गढ़वा भेजने को की बात कही। इस बात पर परिजन नाराज हो गये और शव का पोस्टमार्टम नहीं कराने की बात पर अड़े रहे। पुलिस इंस्पेक्टर कृष्णा प्रसाद साहू और थाना प्रभारी द्वारा करीब दो घंटा समझाने के बाद और रात्रि में ही पोस्टमार्टम कराने की बात पर परिजन शव का पोस्टमार्टम कराने के लिए तैयार हुए। इस घटना से गांव में मातम छा गई है। वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है इस मौके पर जिला परिषद सदस्य ज्वाला प्रसाद, समाजसेवी ब्रह्मदेव गुप्ता, पुर्व मुखिया अनील पासवान, डॉ अनीश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।



### 16 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**नवीन मेल संवाददाता। चिनिया**

थाना क्षेत्र के छतैलिया गांव के महतवाई टोले में मंगलवार की रात्रि 16 वर्षीय युवती पुष्पा कुमारी पिता स्वर्गीय चलितर कोरवा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, परिजनों ने बताया कि मंगलवार की शाम पुष्पा टीवी देख रही थी तो उसकी मां शकुंतला कुंवर ने कहा कि पढ़ाई लिखाई करो इसी में दोनों मां बेटी में बहस हुई गुस्से मे आकर पुष्पा घर से कुछ दूरी पर जाकर जामुन टोले के पलाश पेड़ में अपने दुपट्टे से फंदा बनाकर फांसी पर लटक गई। रात में परिजन इधर-उधर खोजते रहे जब सुबह हुआ तो लोग देखे कि पेड़ पर शव लटका हुआ है घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर सैकड़ो लोग पहुंच गए, तथा इसकी जानकारी पंचायत के मुखिया गोपाल कुमार यादव ने चिनिया पुलिस को दी घटना स्थल पर चिनिया थाना प्रभारी अमित कुमार दलबल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर अंतिम परीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया है। उन्होंने कहा कि मामले की तहकीकात की जारी है प्रथम दृष्टया आत्महत्या लग रहा है घटना की अग्रिम कार्रवाई की जा रही है मृतका पुष्पा कुमारी कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय चिनिया से इसी वर्ष 10वीं की परीक्षा दी थी जिसमें वह फेल हो गई थी।



### नदी में डूबने से युवक की मौत

**गढ़वा।** सदर थाना क्षेत्र के बेलचमपा गांव निवासी प्रदीप उपाध्याय का पुत्र गौरव कुमार 15 वर्ष की मौत पानी में डूबने से हो गई। घटना के बाद परीजनो ने उसे सदर अस्पताल लाया। जहां चिकित्सको ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में बताया गया की गौरव गांव के ही नदी में कुछ और दोस्तो के साथ नहाने गया था। उसी बीच वह गहरा पानी में डूब गया। जब तक लोग कुछ कर पाते तब तक उसकी मौत हो गई। मृत्यु की खबर सुनते ही परिजन बिना शव का पोस्टमार्टम कराए ही शव को घर ले कर चल गए। इधर मौत की खबर सुनते ही मृतक के एक परिजन बेहोश हो गया। जिसके बाद उसे सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहा उसका इलाज चल रहा है।

## न्यूज | बॉक्स

### आठवीं कक्षा के छात्रों को जल्द मिलेगा साईकिल



**केतार।** केतार प्रखंड के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले आठवीं कक्षा के छात्र - छात्राओं को कल्याण विभाग की ओर से बहुत जल्द निशुल्क साइकिल का वितरण किया जायेगा। इसके लिए प्रखंड कार्यालय भवन में 600 नई साइकिल को मैकेनिक से तैयार कराया जा रहा है। वहीं विद्यालयों से आठवीं कक्षा में पढ़ने वाले छात्र- छात्राओं की सूची मांगी गई है। सम्बन्धित विद्यालयों से फिलहाल सुची नहीं मिली है इधर विगत एक सप्ताह से साईकिल मैकेनिक तैयार कर रहे हैं। प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी राजीव कुमार ने बताया की कल्याण विभाग की ओर से वर्ष 2023-24 में वर्ग आठवीं और अध्यनरत केतार प्रखंड के सरकारी स्कूलों के सूची के अनुसार अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के छात्र छात्राओं को साइकिल निशुल्क वितरण किया जाएगा।

### प्रेमी-प्रेमीका के साथ मारपीट मामले में चार गिरफ्तार, भेजे गये जेल



**श्री बंशीधर नगर।** नगर ऊंटारी पुलिस ने थाना क्षेत्र के बिलासपुर में मंगलवार को प्रेमी प्रेमिका जोड़े की बेरहमी से पिटाई किये जाने के मामले में चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त रस्सा एवं घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग करने में प्रयुक्त मोबाईल को जब्त कर लिया है। यह जानकारी एसडीपीओ सत्येंद्र नारायण सिंह ने बुधवार को नगर ऊंटारी थाना में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र के बिलासपुर में मंगलवार को एक प्रेमी जोड़े को बिलासपुर के ग्रामीणों के द्वारा रस्सा से बांध कर पिटाई किये जाने एवं पिटाई से संबंधित वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक, पुअनि जितेंद्र कुमार, सअनि प्रेमदान लकड़ा एवं पुलिस बल ने बिलासपुर पहुंचकर मामले की जांच की।

---

एसपी ने न्यायालय सुरक्षा व्यवस्था का किया औचक निरीक्षण

## सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मियों को निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय ने बुधवार को नगर ऊंटारी अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में सुरक्षा व्यवस्था का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालय परिसर में सुरक्षा के लिए किए गए प्रबंधों का भी जायजा लिया। साथ निरीक्षण के दौरान एसपी ने ड्यूटी में तैनात पुलिस पदाधिकारी एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। खासकर गढ़वा मंडल कारा से पेशी के लिए कोर्ट लाए जाने तथा पेशी के बाद मंडल कारा वापस पहुंचाने के दौरान बंदियों पर विशेष नजर रखने और बंदियों से मिलने वाले मुलाकातियों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। प्रवेश तथा निकास द्वार पर व्यवहार न्यायालय में आने जाने वाले व्यक्तियों की तलाशी लगातार जारी रखना तथा कोर्ट परिसर में आने वाले लोगों की सामानों का जांच करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए एसपी दीपक कुमार पांडेय ने कहा कि कोर्ट की सुरक्षा के मद्देनजर जांच पड़ताल किया गया। कोर्ट परिसर में फोर्स की तैनाती सहित सुरक्षा व्यवस्था को चाक चौबंद करने के लिए पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि नगर ऊंटारी अनुमंडलीय व्यवहार न्यायालय में कुछ-कुछ खामियां है जिसके लिए पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिए है। इसके लिए न्यायालय को पत्राचार कर सीसीटीवी कैमरा और हूटर लगाए जाएंगे। निरीक्षण के क्रम में गढ़वा मेजर संदीप कुमार, पुलिस इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी आदित्य कुमार नायक सहित पुलिस पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### विधायक प्रतिनिधि का 9 सूत्री मांगों को लेकर दूसरे दिन भी अनशन जारी

**खरौंधी(गढ़वा)।** खरौंधी पंचायत में मनरेगा के विभिन्न योजनाओं में व्यापक पैमाने में घोटाले की जांच को लेकर 9 सूत्री मांगो को लेकर प्रखंड कार्यालय पर विधायक प्रतिनिधि का आमरण अनशन दूसरे दिन भी जारी है। बुधवार की दोपहर में श्रीवंशीधर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा प्रखंड कार्यालय पहुंचकर आमरण अनशन पर बैठे लोगो से मिले। आमरण अनशन पर बैठे लोगो से एसडीओ प्रभाकर मिर्धा ने जानकारी लिया एवं अनशन तोड़ने का आग्रह किया साथ ही एसडीओ ने दो दिनों में दूसरे प्रखंड के पदाधिकारियों की एक टीम बनाकर खरौंधी पंचायत की जांच कराए जाने की आश्वासन देते हुए अनशन तोड़ने की बात कही। जिस पर अंसनकारी विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र दास ने कहा आप खरौंधी पंचायत की जांच करवा लीजिए।

## एसडीओ ने की बैठक, दिये कई निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

अनुमंडल पदाधिकारी प्रभाकर मिर्धा ने मंगलवार को कार्यालय कक्ष में पदाधिकारियों एवं विभिन्न राजनीतिक दल के नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में एसडीओ ने आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर सभी पदाधिकारियों को निर्वाचन कार्य से संबंधित कई आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने द्वितीय मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संदर्भ में विस्तार से बताया एवं पुनरीक्षण कार्यक्रम के पत्र की प्रति एवं प्रपत्र 9, 10, 11, 11 क तथा 11 ख की प्रति उपलब्ध कराई गई। बैठक में भवनाथपुर के बीडीओ द्वारा 9 मतदान केंद्रों के भवन परिवर्तन एवं नगर ऊंटारी के बीडीओ के द्वारा 20 मतदान केंद्र के भवन परिवर्तन का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया। जिसे सर्व सम्मति से उपस्थित राजनीतिक दल के अध्यक्ष/सचिव, 81 भवनाथपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के द्वारा 29 मतदान केंद्रों के भवन परिवर्तन, नाम में आंशिक संशोधन के लिये सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक में नगर ऊंटारी के बीडीओ अदिती गुप्ता, भवनाथपुर के नंद जी राम, रमना वासुदेव राय, बीपीआर नगर ऊंटारी, केतार, राजनीतिक दल के प्रतिनिधि में कांग्रेस के शैलेश चौबे, भाजपा के मुकेश कुमार चौबे, बसपा के प्रमोद कुमार, झामुमो के अमरनाथ पांडेय सहित अन्य पार्टी के नेता उपस्थित थे।

### दीवार का कंडी गिरने से युवक घायल

**गढ़वा।** बंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कोईदी गांव निवासी याकूब अंसारी का पुत्र जुमराती अंसारी 30 वर्ष दीवार का कंडी गिरने से घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में बताया गया कि घर में आराम कर रहा था। उसी बीच अचानक घर का दीवार का कंडी उसके उपर गिर गया। घटना के बाद आस पास के लोगो के सहयोग से उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहा चिकित्सको ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया।

### मृतक के परिजनो से मिलकर झामुमो नेता ने आर्थिक सहायता की

**धुरकी।** झामुमो युवा नेता व युवराज दीपक प्रताप देव धुरकी प्रखंड क्षेत्र के टाटीदीरी गांव मे मृतक महेश साव उर्फ चटपटी साव के आवास पर मंगलवार को पहुंचकर मृतक के परिजनों से मिलकर गहरा दुख व संवेदना व्यक्त करते हुए दस हजार रुपए नकद राशी प्रदान कर आर्थिक सहायता किया। ज्ञात हो कि मृतक महेश साव उर्फ चटपटी साव का गत सोमवार को धुरकी मे सड़क निर्माण का कार्य कर रहे ग्रेडर मशीन की चपेट मे आने से दर्दनाक मौत हुआ था। वहीं सड़क निर्माण का कार्य करा रहे ठेकेदार से मृतक के परिजनो को झामुमो नेता सह पुर्व विधायक अनंत प्रताप देव व झामुमो युवा नेता दीपक प्रताप देव ने परिजनो को पांच लाख रुपए की मांग की, इसके बाद ठेकेदार ने तत्काल एक लाख पचास हजार रुपए नकद व तीन लाख पचास हजार रुपए का चेक पुलिस व मौजुद भीड़ के समक्ष लिखित बांड के साथ मृतक के तीनो बेटों के हाथ मे सौपा गया।

## गरीबों से राशि ठगने के लिये प्रखंड के बीडीओ आतंक मचाये हुये : रामचंद्र केशरी

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



सगमा प्रखंड पांच पंचायतों का एक छोटा सा प्रखंड है यहां के बीडीओ सत्यम कुमार गरीबों से राशि ठगने के लिये प्रखंड के कुछ पंचायत जनप्रतिनिधियों को मिलाकर आतंक मचाये हुये हैं। जिले के उपायुक्त से शिकायत करने जिले से जांच दल का गठन कर दिया जाता है, लेकिन जांच तो होता नही है और यदि जांच होता भी है तो जांच दल को बीडीओ अपने मेल में करके जांच टीम को प्रभावित कर देते हैं जांच होने की सूचना भी किसी को नही होता है उक्त बातें पूर्वमंत्री सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रामचन्द्र केशरी ने बुधवार को चेचरिया स्थित अपने आवासीय कार्यालय में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि बीडीओ द्वारा जनता से अभद्र व्यवहार करना व पैसे की उगाही के लिये झूठे केसों में फंसाने की धमकी देकर परेशान करने की कई कहानियां है उन्होंने कहा कि बीडीओ द्वारा खुलेआम कहा जाता है कि हमारा कोई कुछ बिगाड़ नही सकता है मैं यहां का मालिक हूँ। सभी अधिकारियों को अपने मेल में रखता हूं। उन्होंने कहा कि कई पत्र जिला तथा राज्य सरकार के अधिकारियों को दिया गया,लेकिन स्थानीय स्तर पर रिपोर्ट नही देना या फिर दिया भी जाता है तो कार्रवाई नही होने जैसा रिपोर्ट होता है जिला का ज्ञापांक380 दिनांक 20 जून 2024 के आलोक में 23 जून 2024 को सगमा प्रखंड के ग्राम घघरी, चैनपुर व बेलिया में जांच हुआ है जांच में घघरी तक सगमा बीडीओ भी शामिल हुये,जो आपत्ति दर्ज करने के बाद उनको घघरी के बाद रोक दिया गया अभी तक उस जांच का रिपोर्ट नही आया है।


## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

### अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 03/वर्ष 2024–25

1. विभाग का नाम :– मेदिनीनगर नगर निगम।
2. विज्ञापनदाता का नाम :– नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम।
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दि0 11.07.2024 को 11.00 बजे पूर्वाह्न से 1.00 बजे अपराह्न तक।
4. निविदा प्राप्ति की अन्तिम तिथि एवं समय :– दि0 12.07.2024 को 11.00 बजे अपराह्न से 01.00 बजे अपराह्न तक।
5. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दि0 13.07.2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न नगर निगम सभागार में।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।
8. कार्य का नाम

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | Construction of Rcc drain and pcc road from Paras Ram house to manoj saw house in ward no. 21 under medininagar municipal corporation | 362778 | 7260 | 1000 | तीन माह |
| 2 | Construction of RCC drain near harijan school in ward no. 13 and RCC drain from Rajkumar pathak house to sobha kumari house in ward no. 17 under medininagar municipal corporation | 553635 | 11100 | 5000 | तीन माह |
| 3 | Laying of paver block and hume pipe from Rampravesh kumar singh house to indrajeet dubey via Lakshmi tiwari house in ward no. 06 under medininagar municipal corporation | 427684 | 8560 | 1000 | तीन माह |
| 4 | Construction of Slab for drain under Medininagar Municipal Corporation. | 395711 | 7950 | 1000 | तीन माह |
| 5 | Construction of Inlet at jharna talab in ward no. 18 under medininagar municipal corporation | 632533 | 12700 | 5000 | तीन माह |
| 6 | Construction of (i) New P.C.C. Over Old P.C.C From Sushil sahani house to Brijmohan sahu house (ii) Drain from naresh prasad house to Sushil sahani house and 1 culvert near harihar saw house in ward no. 20 under Medininagar Municipal Corporation | 938590 | 18800 | 5000 | तीन माह |
| 7 | Construction of RCC drain from gopal prasad house to ice factory in ward no. 34 under medininagar municipal corporation | 878669 | 17600 | 5000 | तीन माह |
| 8 | Construction of RCC Drain from bhulaki ram house to Bilas ram house in ward no. 02 Under Medininagar Municipal Corporation. | 460446 | 9250 | 1000 | तीन माह |
| 9 | Construction of hume pipe drain from late nagendra singh house to Deena nath house in ward no. 14 under medininagar municiple corporation . | 551050 | 11050 | 5000 | तीन माह |
| 10 | (i) Laying of Paver Block from Vimlesh vishwakarma to sanjeev dubey house via asha devi house and slab over existing drain in jivan jyoti lane, bypass road in ward no. 08 Under Medininagar Municipal Corporation | 389776 | 7800 | 1000 | तीन माह |
| 11 | Construction of retaining wall from baijnath ram house to arvind singh house in ward no. 34 under medininagar municiple corporation | 553480 | 11100 | 5000 | तीन माह |
| 12 | Laying of paver block from Mehta cement shop main road to munar dubey house via rajendra tiwari house in ward no. 03 Under Medininagar Municipal Corporation | 885010 | 17710 | 5000 | तीन माह |
| 13 | Construction of PCC road from laddu singh house to omprakash dubey house in ward no. 08 under medininagar municipal corporation | 767030 | 15350 | 5000 | तीन माह |
| 14 | Construction of Paver block road from akhtari bibi house to jaya devi house in ward no. 34 under medininagar municipal corporation | 660740 | 13250 | 5000 | तीन माह |
| 15 | Construction of Paver block road and new pcc road over old pcc at shishu kalyan kendra in front of bada talab (ii) paver block road from santosh kumar house to shivnarayan prasad house (iii) new pcc over old pcc from radheshyam house to rajnath ram house in ward no. 25 under medininagar municipal corporation | 847640 | 16960 | 5000 | तीन माह |

ह0/– नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR.NO.328451 District(24-25):D


---

**परेशानी** केतार में पांच विद्यालयों में पठन-पाठन एक शिक्षक के भरोसे

# बीआरसी कार्यालय में पत्राचार का कोई फायदा नहीं

**नवीन मेल संवाददाता। केतार**



केतार बीआरसी के अंतर्गत पांच सरकारी विद्यालय ऐसे हैं, जो मात्र एक शिक्षक के भरोसे संचालित हो रहा है। इनमें नव प्राथमिक विद्यालय मोटंगवा में 40 छात्र, नव प्राथमिक विद्यालय पालनगर में 110 छात्र, नव प्राथमिक विद्यालय कामदरवा में 105 छात्र, नव प्राथमिक विद्यालय सोनवर्षा में 75 छात्र और नव प्राथमिक विद्यालय कोसडिहरा में 30 छात्र नामांकित है। इन सभी विद्यालयों में बच्चों का भविष्य मात्र एक शिक्षक के भरोसे है। यहां कक्षा एक से लेकर कक्षा पांचवीं तक संचालित होती है। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तो दुर की बात है हर दिन क्लास में बच्चों को विषयवार पढ़ाई तक नहीं हो पाती है। वहीं एकल शिक्षक के बीमार होने या विभागीय काम से बाहर जाने या अन्य कार्य से विद्यालय नहीं आने की स्थिति में विभाग द्वारा दुसरे विद्यालय के शिक्षकों को उक्त विद्यालय में प्रतिनियोजित करना पड़ता है। इन विद्यालयों के शिक्षकों ने बताया की बच्चों के पठन-पाठन में हो रही परेशानी को देखते हुए विभाग से अन्य शिक्षकों की पदस्थापना को लेकर कई बार प्रखंड स्तर के शिक्षा विभाग बीआरसी कार्यालय में पत्राचार कर मांग की गई। लेकिन अब तक शिक्षक पदस्थापित नहीं किए गये। शिक्षकों ने बताया की हर कक्षा में रूटिन के अनुसार एक साथ नहीं पढ़ाया जा सकता है। कक्षा एक और दो में दैनिक पाठ्यक्रम का कार्य देकर दुसरे वर्ग में क्लास लेना पड़ता है। वहीं मिड डे मिल की भोजन कि व्यवस्था करने के साथ ही साथ विद्यालय से संबंधी कागजी कार्यवाही भी खुद निपटाने पड़ते है। इस सम्बन्ध में बीपीएम रवि कुमार बैद् ने कहा की शिक्षक की कमी है, शिक्षक की अनुपस्थिति में दुसरे विद्यालय के शिक्षकों को प्रतिनियोजित कर विद्यालय का संचालन कराया जाता है, विभाग को पत्रचार किया गया है।

## एक नजर

### रिश्तेदार के घर से लौट रहे दो युवक सड़क दुर्घटना में घायल, एक रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए हैं. घायल में सत्येंद्र गंझु (20 वर्ष) पिता प्रभु गंझु बसिया एवं विकास उरांव (21 वर्ष) पिता सोमनाथ उराव बसिया को ग्रामीणों की सहायता से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया । जहां डॉक्टर अलीशा टोप्पो व स्वास्थ्य कर्मियों ने प्राथमिक उपचार की। वहीं सत्येंद्र गंझु का स्थिति को गंभीर देखते हुए डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि सत्येंद्र गंझु एवं विकास उरांव मोटरसाइकिल से अपने रिश्तेदार के घर बड़गांव गोदा गए थे जहां से लौटने के दौरान गणेशपुर के पास सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए।

### हाइवा के धक्के से फौजी घायल, रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत इन दिनों सड़क दुर्घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है बुधवार दोपहर को बालेश्वर उरांव( 45 वर्ष) सड़क दुर्घटना में घायल हो गए हैं बताया जाता है कि बालेश्वर टाटी सिल्वे में फौजी का ट्रेनिंग ले रहा है जो आवश्यक कार्य हेतु अपने घर बनियों आया था किसी काम से बालूमाथ बाजार से वापस घर बनीयों जा रहा था कि इसी क्रम में हाई स्कूल के पास एक तेज रफ्तार हाईवा ने बालेश्वर को धक्का मार दी इसके बाद ग्रामीणों के सहयोग से बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया इस दौरान डॉक्टर ध्रुव कुमार ने प्राथमिक उपचार कर फौजी की स्थिति को गंभीर देखते हुए रिम्स रेफर कर दिया है।

### भाजपा के हाई प्रोफाइल आंदोलन के पटाक्षेप की चर्चा चहुंओर

**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड मुख्याल्य में आयोजीत भाजपा की अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी के पांचवें दिन समाप्ति के बाद चर्चा जोरों पर। सूत्रों की माने तो हाई प्रोफाइल हुवे आंदोलन और इस तरह से पटाक्षेप होने की चर्चा चहुंओर हो रही है। लोगों ने व्यंग्य करते हुवे कहा कि ऐसे दिखावे वाले आंदोलन के अंजाम का पूवार्नुमान पूर्व में हीं लगाया जा चुका था। सभी केंद्रीय परियोजनाएं जिसका नियंत्रण आंदोलनकारी आकाओं के हाथों में पिछले एक दशक से है। फिर भी उपरोक्त मुद्दों को लेकर लोगों में हो रहे भारी किरकिरी को पाटने का महज प्रयास किया गया है।

### लैम्पस से सब्सिडी में किसानों को दिया गया बीज

**बालूमाथ।** प्रखंड कार्यालय कंपाउंड अंतर्गत स्थित लैंपस में किसने के बीच बीज का वितरण बुधवार को किया गया है। जिसके बारे में जानकारी देते हुए लैंपस सचिव अशोक कुमार ने बतलाया कि राज्य सरकार द्वारा किसानों को 50% के अनुदान पर बीज दिया जा रहा है जिसमें धान का बीज एक पैकेट में 30 किलो का कीमत 660 रुपया है। जो 22 प्रति किलो कि डर से किसानों को दिया जा रहा है इस योजना से लाभान्वित होने वाले किसानों में से जगदेव उराव, मंगलदेव उराव, सुरेश उराव, बिनोद भोगता, राजू उराव,जेयला उराव, सहित कई किसानों को दिया।

## तकनीकी युग में भारतीय शिक्षा प्रणाली के भविष्य की खोज पर सेमिनार का आयोजन

# शिक्षक मेहनत करते हैं, तो पीढ़ियां बदलती हैं : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिला खनिज निधि सह प्रशिक्षण भवन हॉल चतरा में तकनीकी युग में भारतीय शिक्षा प्रणाली के भविष्य की खोज पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमे बतौर मुख्य अतिथि उपायुक्त रमेश घोलप शामिल हुए। वहीं मुंबई से आए ग्लोबल टीचर अवार्ड 2020 के विजेता एवं वर्ष 2016 के इनोवेटिव शोधकर्ता रंजीत डिसले भी वक्ता के रूप में शामिल हुए। सेमिनार प्रारंभ होने से पूर्व अतिथियों का पौधा भेंट कर एवं स्वागत गान के साथ स्वागत किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। सेमिनार में सबसे पहले जिले के शिक्षक, विद्यालय, छात्र/छात्राओं समेत अन्य शिक्षण से जुड़ी जानकारियां सभी के बीच साझा की गई। साथ ही वक्ता रंजीत डिसले ने अपने जीवन का अनुभव साझा किया, इसके अलावे उन्होने कहा मेरे द्वारा बच्चों को किस तरह से पढ़ाई के प्रति रूची बढ़ाई जाय और विद्यालय तक शत प्रतिशत बच्चों को लाया जाय। इसके लिए एक सरकारी शिक्षक होने के नाते हर संभव प्रयास किया जा रहा है। आगे कहा कि 21वीं सदी के बच्चों को पढ़ाने के लिए हम सभी को 21वीं सदी का शिक्षक बनना होगा। उपायुक्त ने अपने संबोधन में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महाराष्ट्र के सरकारी विद्यालय से अपनी कैरियर की शुरूआत करने वाले रंजीत डिसले द्वारा जिस तरह से कम संसाधान में तकनीकी का प्रयोग कर बच्चों को शिक्षित बनाने एवं वैश्विक स्तर से जोड़ने में हर संभव प्रयास किया गया है। शिक्षा व्यवस्था में सबसे अहम भुमिका शिक्षक की होती है, मुझे उम्मीद है कि आज आप सभी जिले के शिक्षक सेमिनार के माध्यम से शिक्षा गुणवत्ता की जानकारी लेकर जाएंगे इसे जरूर विद्यार्थियों के बीच पढ़ाई के गुणवत्ता को बढ़ाने हेतु प्रयोग करेंगे। रंजीत डिसले को सेमिनार में बुलाने का मुख्य उद्देश्य चतरा जिला के शिक्षकों को उत्साहित करना है। सेमिनार में अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्र समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी के साथ जिले के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक उपस्थित थे।

**छात्रों को पढ़ाने के लिए 21वीं सदी के शिक्षक बनें : रंजीत डिसले**




## अफीम तस्करी के आरोपी ने थाने में किया सरेंडर

**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड मुख्यालय निवासी हरलाल दांगी के अफीम तस्करी के आरोपी पुत्र नरेश दांगी ने थाने में बीते देर शाम सरेंडर किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार झारखंड सरकार गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार के द्वारा नरेश दांगी को हिरासत में लेते हुए बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार रांची में रखने का निर्देश 16 जनवरी 2024 को निर्गत की गई थी। जिसके आलोक में नरेश दांगी ने मंगलवार देर शाम गिद्धौर थाने में सरेंडर किया। वहीं गिद्धौर थाना द्वारा बुधवार को अफीम तस्करी के आरोपी नरेश दांगी को रांची होटवार जेल भेज दिया गया। बताया जाता है कि नरेश दांगी जमानत पर जेल से बाहर था। परंतु जेल से बाहर आने के पश्चात अफीम ब्राउन शुगर की खरीद बिक्री में संलिप्त हो गया था। जिसकी सूचना पर गृह करा एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा गिरफ्तार कर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा होटवार में रखने का आदेश जारी किया था।

## न्यूज बॉक्स

### वन विभाग ने अवैध लकड़ी लदा ट्रैक्टर किया जब्त



**प्रतापपुर(चतरा)।** जले के प्रतापपुर थाना क्षेत्र में वन विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अस्कल जंगल से गुप्त सूचना के आधार पर अवैध लकड़ी से लदे एक ट्रैक्टर जब्त किया है। हालांकि जब्ती में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। वन क्षेत्र पदाधिकारी बीएन दास ने बताया कि गुप्त सूचना के आधर पर टीम मौके पर पहुंची तो तस्कर भाग निकले, हालांकि अवैध लकड़ी से लदे ट्रैक्टर को जब्त कर लिया गया है। सूत्रों कि माने तो प्रतापपुर के विभिन्न जंगलों में लकड़ी तस्कर हावी हैं और ऐसी कार्रवाई से थोडे.दिनों तक शांत रहने के बाद। पुनः लकड़ी तस्करी का कार्य प्रारंभ कर देते हैं। जब्त ट्रैक्टर को प्रतापपुर वन कार्यालय परीसर में रखा गया है। वन क्षेत्र पदाधिकारी ने बताया कि वन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत ट्रैक्टर के मालिक पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

### 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया गया



**लातेहार।** जिला मुख्यालय के समीप बनवारी शाहू महाविद्यालय लातेहार में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में बुधवार को एक पेड़ मां के नाम के तहत महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया। 1 जुलाई से 7 जुलाई तक महाविद्यालय परिसर में वन महोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है,इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव अंजू गुप्ता प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद एवं महाविद्यालय के व्याख्याता गण प्रोफेसर शत्रुघ्न मेहता, इशरत बानों एवं महाविद्यालय के छात्राएं एवं छात्रों ने पौधारोपण कार्यक्रम में भाग लिया। एवं चोलहन तीगा धीरज कुमार ने सहयोग किया। यह कार्यक्रम आगामी 7 जुलाई तक चलेगी। कार्यक्रम पदाधिकारी नवल किशोर प्रसाद ने सभी छात्राओं से अभियान चलाने की बात कही। और उन्होंने कहा कि अपने-अपने घरों में अपने मां के नाम से पौधा अवश्य लगाएं अंजू गुप्ता ने कहा कि अपने-अपने घरों में पौधा अवश्य ही लगावें और अपनी माता को सम्मान दें। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रदीप कुमार तिवारी ने वन महोत्सव के अवसर पर सभी छात्राओं को इस पुनीत कार्य में अपने-अपने घरों एवं आसपास में पर्यावरण की सुरक्षा एवं पौधारोपण की अपील की।

### अवैध रूप से किया जा रहा है बालू का भंडारण



**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र के कोपे एवं जगतु गांव में बालू माफियाओं के द्वारा सैंकड़ों ट्रैक्टर बालू का भंडारण करके रखा गया है। प्रखंड मुख्यालय से लगभग 6 किलोमीटर की दूरी पर औरंगा नदी गुजरी है जहां से बालू व्यवसाय करने वाले बालू माफियाओं ने बालू का भंडारण अवैध तरीके से करके रखे हैं। एनजीटी लागू होने के बावजूद भी बालू माफिया धड़ल्ले से बालू का उठाव कर रहे हैं।

## बीजेपी की अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी समाप्त, एनटीपीसी व सीसीएल ने ली राहत की सांस

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)**



पिछले पांच दिनों से टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित सीआइएसएफ कैंप के पास जारी भाजपाइयों की अनिश्चितकालीन आर्थिक नाकेबंदी बुधवार को परियोजना प्रबंधकों, जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के बीच हुई त्रिपक्षीय वार्ता के बाद समाप्त हो गई। ज्ञात हो कि एनटीपीसी से प्रखंड क्षेत्र में निर्बाध विद्युतापूर्ति व कोल वाहनों के सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक नो इंट्री लगाने तथा मृतकों को 10 लाख मुआवजा के मांग को लेकर भाजपाइयों द्वारा आर्थिक नाकेबंदी कर आंदोलन की जा रही थी। वहीं बुधवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में एसडीओ सनी राज की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद बनी सहमति पर आंदोलन समाप्ति की घोषणा की गई। जानकारी देते हुवे अंचल अधिकारी विजय कुमार दास ने बताया कि चार घंटे तक प्रस्तावित मुद्दों के विभिन्न बिंदुओं पर गहनता से चर्चा हुई। जिसमें एनटीपीसी को आपूर्ति होने वाली बिजली बुकरु सब स्टेशन में जोड़ कर सप्लाई देने के लिए 15 दिनों का समय लिया गया। बैठक में विधायक किसुन कुमार दास, भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव भोक्ता, बीडीओ देवलाल उरांव, मगध-संघमित्रा परियोजना के महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ, आम्रपाली-चंद्रगुप्त परियोजना जीएम अमरेश कुमार सिंह, एनटीपीसी सीजीएम एसके पांडा, अनिल चावला समेत अन्य मौजूद थे।

## पत्रकार पर जानलेवा हमला मामले में 6 पर प्राथमिकी दर्ज

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर (चतरा)**

जिले के गिद्धौर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांगपुर गांव में बीते देर शाम सुनियोजित तरीके एक अखबार के पत्रकार कुदुश आलम पर जानलेवा हमला कर घायल गंभीर रुप से घायल कर दिया गया। इस हमले में पत्रकार गंभीर रुप से घायल हो गए हैं। घायल अवस्था में परिजन पत्रकार श्री आलम को थाना को सूचना देते हुए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गिद्धौर ले गए। जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल, उसके बाद हजारीबाग रेफर कर दिया गया। वहीं हमले को लेकर पत्रकार कुदुश आलम के फर्द बयान पर गांव के छह लोग मो. मुस्तफा, मो. इश्तियाक, मो. आरिफ, मो. दिलशाद, मो. शमशाद एवं गुलबसा परवीन के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई। वहीं दूसरे पक्ष से भी मो.आरिफ ने मारपीट की प्राथमिक की दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच में लग गई है। दुसरी ओर चतरा प्रेस कल्ब के अध्यक्ष सुनील कश्यप सूचना मिलते ही गिद्धौर पहुंचकर घायल पत्रकार से मिलकर वस्तु स्थिति से अवगत हुए और थाना प्रभारी से मिलकर कार्रवाई करने की बात कही। इस दौरान श्री कश्यप ने कहा कि पत्रकार पर हमला बर्दाश्त येगय नहीं। इस मामले में पुलिस पदाधिकारियों से मिलकर आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है।

### शिविर लगाकर बिरहोरों की हुई स्वास्थ्य जांच



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के जपुआ में निवास करने वाले आदिम जनजाति बिरहोर परिवारों का स्वास्थ्य जांच बुधवार को किया गया। स्वास्थ्य जांच को लेकर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव के नेतृत्व में स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। शिविर में बिरहोर परिवारों का हीमोग्लोबिन, मलेरिया, बीपी, शुगर सहित अन्य जांच की गई। साथ ही साथ आयुष्मान कार्ड से वंचित परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाया गया। वही स्वास्थ्य जांच के पश्चात निःशुल्क दवा दी गई। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने, बच्चों को प्रत्येक दिन विद्यालय भेजने, बारिश के मौसम में गर्म व ताजा भोजन करने, सोने वक्त मच्छरदानी का प्रयोग करने की सलाह दी गई। मौके सीएचओ कंचन कुमारी, फार्मासिस्ट अनिल कुमार, एएनएम संगीता कुमारी, सहिया सुचिता देवी सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## प्रिंसिपल ने आम्रपाली जीएम से की स्लाइड बैरिकेड लगाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। टंडवा (चतरा)**

टंडवा थाना क्षेत्र अंतर्गत टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क किनारे स्थित सेरनदाग विद्यालय के प्रिंसिपल विकास पाण्डेय ने बुधवार को स्कूल के समीप स्लाइड बैरिकेड लगाने की मांग आम्रपाली जीएम अमरेश कुमार सिंह से की। दिये गये आग्रह पत्र में कहा गया है कि कोल वाहनों के उच्च गति परिचालन व बढ़ती दुर्घटनाओं से विद्यार्थी भयभीत रहते हैं। पिछले दिनों विद्यालय आने के दौरान हुई दो स्कूली बच्चियों की मौत से विद्यालय में स्कूली बच्चों की उपस्थिति घटी है। सड़क से बच्चों को सुरक्षित पार कराने के लिये शिक्षकों को काफी मशक्कत करनी पड़ती है। ज्ञात हो कि स्कूली बच्चियों की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद गति नियंत्रण के लिए प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तत्काल बैरिकेड उपलब्ध कराने की घोषणा की गई थी। जिसे अबतक उपलब्ध नहीं कराया गया है। वहीं आम्रपाली परियोजना के सीएसआर अधिकारी मोहसिन रजा ने बताया कि प्राप्त आवेदन के आलोक में शीघ्र हीं समुचित पहल की जाएगी।

### किसानों के बीच किया गया मक्का के बीज का वितरण

**चंदवा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर स्थित कृषि कार्यालय में बुधवार को किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित 20 सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू, उपप्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव ने उपस्थित किसानों के बीच मक्का बीज का वितरण किया। अतिथियों ने प्रखंड से आये किसान राजेंद्र भगत,बैजू टाना भगत, बिफई टाना भगत, रति भगत, शनि टाना भगत, बालेश्वर टाना भगत, मंगल देव भगत, श्याम सुंदर टाना भगत, लालदेव भगत एवं धर्मदेव टाना भगत के बीच बीज वितरित किया। मौके पर मौजूद 20 सूत्री अध्यक्ष सुरेश गंझू ने कहा मानसून आने के बाद मक्का लगाने का यह उचित समय है। किसानों को सरकार मुफ्त में मक्का बीज वितरण कर रही है।

### 11000 वोल्ट के बिजली तार की चपेट में आने से मजदूर की दर्दनाक मौत



**टंडवा (चतरा)।** टंडवा प्रखंड क्षेत्र के कोयद गांव स्थित बिरहोर टोला में सरकारी बोरवेल करने के दौरान 11 हजार विद्युत प्रवाहित तार के चपेट में आने से नवल अघरिया नामक मजदूर की दर्दनाक मौत हो गई। घटना बीते देर रात की बताई है। जहां आनन-फानन में जल चुके मजदूर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पुलिस शव को कब्जे में लेकर बुधवार को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं०–02, गढ़वा

**13 वें वित्त आयोग योजना मद**

**अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–RDD/SD/GARHWA/02/2024-25**

1.विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता,ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल सं0–02, गढ़वा।
2.वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि :–05.07.2024
3.ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय दिनांक–05.07.2024 से दिनांक–12.07.2024 को 5:00 बजे तक।
4.ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, सं0–02,गढ़वा।
5.ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय–15.07.2024 अपराह्न 2:00 बजे
6.ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:–कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, सं0–02,गढ़वा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० –8002373581 (संबंधित कार्यपालक अभियंता का दूरभाष नम्बर)
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल **Online Mode** द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

| क्र0 | अंचल का नाम | परियोजना का नाम | आँगनबाडी केन्द्र का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | परिमाण विपत्र राशि | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने कीअवधि | समुह संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा | गढ़वा | संग्रहेकला–1, दरमी–1, बेलचम्पा–3, बेलचम्पा–4, मेढ़नाकला कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-01 |
| 2 | गढ़वा | गढ़वा | फरठिया–5 तेलीययाही टोला फरठिया, महुलिया–3 जाटा–3 ढ़ोंटी–2 कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-02 |
| 3 | गढ़वा | गढ़वा | अचला–2 नवादा–4 बघमनवा बिशुनपुर चिरौंजिया–3 कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-03 |
| 4 | गढ़वा | गढ़वा | ओबरा–1 ओबरा–2 ओबरा–3 खोनहर बनपुरवा कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-04 |
| 5 | नगर उँटारी | नगर उँटारी | हरिजन टोला कोल्हुआ, कोल्हुआ उत्तर, भुईया टोला कधवन, भुईयाटोला कोल्झीकी उसका टोला चौबेडीह कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-05 |
| 6 | डण्डई | मेराल | गयाडीह बैलाझखड़ा लवाही कला प0, लवाही कला पूर्वी, हुकवा पत्थर लवाहीकला, पचौर पूर्व कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-06 |
| 7 | डण्डई | मेराल | बालेखांड, बिचलाटोला रारो, उतर टोला रारो, पारदोहर रारो, तुम्बिया आदि0 टोला रारो कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-07 |
| 8 | डण्डई | मेराल | रारो पश्चिम कोरवा टोला, भुईया टोला करके करके दक्षिणटोला करके दामर टोला आबादगंज कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-08 |
| 9 | मेराल | मेराल | मधुरी टोला मेराल दिलबोध टोला मेराल, मुडलटोला मेराल, चरका पत्थर मस्जिदटोला करकोमा चतरी टोला कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-09 |
| 10 | मेराल | मेराल | रेजो कहार टोला रेजो धोबी टोला, पुरबारा बेला बाना लोवादाग, सिकनी कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-10 |
| 11 | मेराल | मेराल | सोहबरिया मध्य चौ. टोला, चटनाही टोला सोहबरिया, बिच हरि0 टोला चामा, सलमनवा टोला चामा, हरि0 टोला–2 दुलदुलवा कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-11 |
| 12 | भण्डरिया | भण्डरिया | कुरुण पुरब, छेतकी, हरता, फकिराडीह–1, चिनियाही टोला कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-12 |
| 13 | धुरकी | धुरकी | शिवरी, कुम्बा कला, शारदा, परासपानी बैगा टोला,क्तेमा कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-13 |
| 14 | धुरकी, सगमा | धुरकी | ब्सोती गनियारी कला, गनियारी कुड़ेसवा सगमा पूर्व, कटहर खूर्द कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-14 |
| 15 | बरडीहा | मझिआंव | पृथ्वीपरु, मझिगांवा, धरुवा खुर्द, तलसबरिया , अधौरा मु0टोला कुल 05 ई0 | 55,41,000.00 | 10000.00 | 1,11,000.00 | 06 माह | Group-15 |
| 16 | खरौंधी, केतार | भवनाथपुर | सुंडी, सुंडी बहेरवा टोला झिलियाही टोला चेचरिया, छाताकुंड, बीजडीह–1, चाँदडीह कुल 06 ई0 | 66,49,200.00 | 10000.00 | 1,33,000.00 | 06 माह | Group-16 |
| 17 | मेराल | मेराल | पेशका पू0भुइया टोला, बोकया, चेचरिया, औरईया उ0, छपरवार कला, तरके कुल 06 ई0 | 66,49,200.00 | 10000.00 | 1,33,000.00 | 06 माह | Group-17 |
| 18 | सगमा | धुरकी | सोनडीहा उत्तर, सोनडीहा दक्षिण, सोनडीहा मध्य, घघरी उत्तर, घघरी मध्य, दुसैया कुल 06 ई0 | 66,49,200.00 | 10000.00 | 1,33,000.00 | 06 माह | Group-18 |
| 19 | मझिआंव / बरडीहा | मझिआंव / मझिआंव | बकोईया, अखौरतहले, टड़हे, टड़हे अम्बेडकर टोला, करमडीह, करमडीह ठाकुर टोला कुल 06 ई0 | 66,49,200.00 | 10000.00 | 1,33,000.00 | 06 माह | Group-19 |
| 20 | गढ़वा / रंका | गढ़वा / रंका | नावावाडीह ह0टोला, नावावाडीह पिछड़ी टोला, सोनपुरवा, भौरी, पण्डरा पानी , तमगे कला कुल 06 ई0 | 66,49,200.00 | 10000.00 | 1,33,000.00 | 06 माह | Group-20 |
| 21 | केतार | भवनाथपुर | चंदनी, अरंगी, कुल 02 ई0 | 2216400.00 | 5000.00 | 44,500.00 | 03 माह | Group-21 |
| 22 | भण्डरिया | भण्डरिया | बघवार, लेधकी, कुल 02 ई0 | 2216400.00 | 5000.00 | 44,500.00 | 03 माह | Group-22 |
| 23 | सगमा | धुरकी | कटहर कला, पुतुर, कुल 02 ई0 | 2216400.00 | 5000.00 | 44,500.00 | 03 माह | Group-23 |

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल सं0–02, गढ़वा।

PR.NO.328462 Rural Development(24-25):D


## सुरक्षा

### सड़क दुर्घटना को लेकर लातेहार एसपी ने की बैठक, कहा

# बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों की कटेगी चालान

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**




जिला मुख्यालय स्थित पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में बुधवार को पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा को लेकर सभी थानों के थाना प्रभारी एवं एसडीपीओ के साथ बैठक आयोजित किया गया। सड़क सुरक्षा नियमों को पालन करने को लेकर कई आवश्यक दिशा -निर्देश दिया गया। सभी थाना प्रभारीयों को सड़क सुरक्षा को लेकर सभी थाना क्षेत्र में विशेष रूप से वाहन चेकिंग एवं वाहन चालकों का नियमित रूप से जांच करने को कहा गया।वाहन जांच में कोताही नहीं बरतने की बात कही गई। इस दौरान एसपी श्री अंजन ने कहा कि सड़क दुर्घटना में आये दिन लोगों की मौत हो रही है। इसका मुख्य कारण है कि लोग सड़क सुरक्षा नियम का पालन नहीं कर रहे हैं। सबसे ज्यादा अधिकांश मृत्यु हेलमेट नहीं पहनकर गाड़ी चलाने के कारण हुई है। आगे उन्होंने कहा कि कल से लातेहार जिले के सभी जगहों पर वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा।इस दौरान बिना हेलमेट पहनें गाड़ी चलाने वाले लोगों पर सख्त सख्त कार्रवाई की जाएगी। दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट एवं अवश्यक कागजातों के साथ ही घर से निकलने की सलाह दी गई है। वहीं चार पहिया वाहन चालकों को भी सीट बेल्ट का उपयोग करके ही वाहन चलाने की बात कही। साथ ही आये दिन होने वाले सड़क दुघर्टना में कैसे कमी लाना है। यही सड़क सुरक्षा का एक मात्र उद्देश्य है। साथ ही नशा का सेवन करके वाहन चलाने वाले वाहन चालकों पर यातायात नियमों के तहत कारवाई किया जायेगा।

## एक नजर

### हत्या के आरोपी को उम्रकैद की सजा, 10 हजार का लगा जुर्माना

**गुमला।** गुमला व्यवहार न्यायालय गुमला के एडीजे वन प्रेम शंकर की अदालत में बुधवार को डायन बिसाही के शक में वृद्ध महिला के हत्या के मामले में किता ग्राम निवासी धरमू तुर्री को धारा 302 के तहत आजीवन कारावास की सजा व 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर छह माह अतिरिक्त सजा भुगतना पड़ सकता है। इस संबंध में सोमरा तुरी ने आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराया था।

### मेडिकल हेल्थ कैंप में 121 मरीजों का हुआ इलाज

**गुमला।** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड बॉक्साइट माइंस आमतिपानी-चिरोडिह एवं कुजम द्वारा सुदूरवर्ती क्षेत्र चौरापाठ, छतासराय, आमतिपानी और जवाडीह सीएसआर के तहत मेडिकल हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में डॉक्टर पीपी सिंहा ने मरीजों की स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा दी गयी। शिविर के दौरान 121 मरीजों का इलाज किया साथ ही लोगों के बीच डॉ सिन्हा ने कहा कि मौसम बदल रहा है ऐसे मौसम में सर्दी खांसी सहित अन्य मौसमी बीमारियां हो सकती है बीमारी होने पर डॉक्टर से मिलकर इलाज करायें। झाड़ फूंक के चक्कर में ना रहें। मेडिकल टीम के साथ कंपनी के दीपक सिंह, मनोज कुमार उपस्थित थे।

### टोटो में कलश यात्रा 10 जुलाई को

**गुमला।** गुमला प्रखंड स्थित टोटो ग्राम के मेन रोड स्थित हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई है। तैयारियों को लेकर बड़ा मंदिर में बैठक किया गया। मंदिर समिति के कार्यकर्ता अशोक साहू ने कहा कि तीन दिवसीय हनुमत प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर की साफ सफाई व आकर्षक साज सज्जा की जा रही है। 10 जुलाई को कलश यात्रा में विभिन्न गांवों के 10000 से अधिक महिलाएं-पुरुष, युवक- युवतियां भाग लेंगे। श्रद्धालु आंजन नदी से जल उठाकर पैदल चलकर महावीर मंदिर टोटो पहुंचेंगे। ढोल- नगाड़े व शहनाई से अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। 11 जुलाई को महास्नान शिखर स्नान, समस्त अधिवास, नगर भ्रमण 12 जुलाई को प्राण प्रतिष्ठा पूणाहुति, महाआरती, समस्त आवाहित देवताओं का विर्सजन का कार्यक्रम है। मौके पर अध्यक्ष अमरनाथ गुप्ता, अशोक साहू, राजेश हलवाई, बैजनाथ गोप, सुरेश महतो सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### ट्रेन से गिरकर युवक की हुई दर्दनाक मौत

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बसिया-थाना क्षेत्र के मझकेरा गाँव निवासी रामजतन महतो रोजगार के लिए मुंबई जाने के दौरान मंगलवार को महाराष्ट्र के वर्धा स्टेशन से कुछ दूरी आगे ट्रेन से गिरने के कारण मौत हो गई। गाँव से मृतक के अलावे अन्य तीन युवक दीपेश्वर प्रधान, गोपाल प्रधान, शंकर प्रधान भी साथ जा रहे थे। घटना के सम्बन्ध में जानकारी के अनुसार चारो युवक सोमवार को बसिया से मुंबई के लिये निकले थे।मंगलवार को महाराष्ट्र के वर्धा स्टेशन के समीप साथ में बैठे दोस्तों से बोला कि बाथरूम जा रहे हैं। बाथरूम जाने के बाद वह ट्रेन के गेट पर बैठा हुआ था।

### मवेशी लाने खेत जा रहे युवक को जहरीले सांप ने डसा

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा थाना क्षेत्र निवासी 25 वर्षीय रामा उरांव को मवेशी लाने के क्रम में रास्ते में एक जहरीले सांप ने पैर में डस लिया। घटना के बाद उसके पैर में तेज जलन होने लगी। इसी क्रम में उक्त सांप को लाठी से पीट पीटकर मार दिया गया। बाद में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा ले जाया गया। जहां से उसे सदर अस्पताल गुमला रेफर किया गया। घटना मंगलवार की शाम करीब 6 बजे की है।

### सदर अस्पताल परिसर में आंख के लिए ऑपरेशन थिएटर का शुभारंभ

# अब आंखों की परेशानी के लिए मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा : उपायुक्त

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सदर अस्पताल लोहरदगा परिसर में आयुष्मान भारत फण्ड से निर्मित आंख के ऑपरेशन हेतु ऑपरेशन थिएटर का शुभारंभ उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने फीता काटकर किया गया। अब सदर अस्पताल परिसर में मोतियाबिंद व आंखों की बीमारी से संबंधित ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। डॉ प्रिया द्वारा आंखों के ऑपरेशन की सेवा मरीजों को दी जाएगी। मौके पर उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि सदर अस्पताल में आंख के ऑपरेशन हेतु ऑपरेशन थियेटर स्थापित होने से यहां आनेवाले मरीजो को सहुलियत होगी। अब लोहरदगा के लोग आंखों के ऑपरेशन के लिए लोहरदगा



छोड़कर बाहर बड़े शहरों में जाने के लिए विवश नहीं होंगे। यहां पर बड़ी संख्या में आनेवाले मरीज गरीब समुदाय से आते हैं। डीसी ने लोगो से अपील किया है कि आंखों में किसी भी तरह के परेशानी होने पर तुरंत चिकित्सक के पास सलाह लेने जाए। किसी भी छोटी सी समस्या आने पर डॉक्टर से सलाह लेने से बड़ी परेशानी नहीं होता है। मौके पर सिविल सर्जन डॉ राजमोहन खलखो, उपाधीक्षक डॉ शंभूनाथ चौधरी, डीपीएम नाजिश अख्तर, अस्पताल प्रबंधक, लेखा प्रबंधक समेत अन्य उपस्थित थे।

### जिला नियोजन कार्यालय के कार्यों की समीक्षा की गई

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में जिला नियोजन कार्यालय के कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में उपायुक्त द्वारा निजी प्रतिष्ठानों में 75 प्रतिशत स्थानीय मानव बल का आरक्षण, पोर्टल में कार्यरत युवक-युवतियों के स्थानीयता से संबंधित दस्तावेज अपलोड करने, नियमित रूप से रिक्तियों की जानकारी लोगों को दिये जाने संबंधित बिंदुओं पर चर्चा की गई व आवश्यक निदेश जिला नियोजन पदाधिकारी को दिये गये। बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी अश्विनी कुमार सिंह, आईटीआई कुजरा, महिला आईटीआई लोहरदगा और कुडू आईटीआई के प्रभारी प्राचार्य उपस्थित थे।

# वनों का संरक्षण व विकास हमारी प्राथमिकता होगी : डीएफओ

### अभिषेक कुमार ने लोहरदगा डीएफओ का पदभार लिया

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** सम्प्रति वन प्रमंडल पदाधिकारी लोहरदगा के रूप में बुधवार को भारतीय वन सेवा अधिकारी (2011) अभिषेक कुमार ने विधिवत पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान डीएफओ अरविंद कुमार से पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर उन्हें निवर्तमान डीएफओ, रेंजर, प्रभारी वनपाल, वनरक्षियो और कर्मियों ने पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने सभी से परिचय प्राप्त किया। वही निवर्तमान डीएफओ अरविंद कुमार को विदाई दी गई। उनका स्मार पत्र रेंजर अरुण कुमार ने पढ़ी। इस मौके पर सभी वनकर्मी भावुक नजर आए। निवर्तमान डीएफओ अरविंद कुमार के कार्यकाल को याद करते हुए सभी की आंखे नम दिखाई दी। वही विदाई सह स्वागत कार्यक्रम का संचालन प्रभारी



वनपाल किशोर नंद कुमार ने किया। मौके पर नए डीएफओ अभिषेक कुमार ने कहा कि हमारी कोशिश रहेगी कि हमसब मिलकर एक टीम के साथ कार्य करे। वनो के विकास कार्य व वन सुरक्षा पर ततपरता के साथ कार्य करें। सभी मिल जुलकर एक टीम भावना के साथ कार्य करेगे ऐसा मुझे विश्वास है। वनों के संरक्षण व विकास हमारी प्राथमिकता होगी। ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण हो इस दिशा में विशेष पहल किया जाएगा। कहा कि लोगो को वनों की सुरक्षा और वन्य प्राणियों के संरक्षण की दिशा में जागरूक किया जाएगा। लोगो को यह समझना जरूरी है कि जंगल को बचाना सिर्फ वन विभाग का कार्य नही बल्कि उनका भी दायित्व है। जंगल बचेगा तभी मानव जीवन बचेगा अन्यथा कुछ भी शेष नहीं रहेगा। वही निवर्तमान डीएफओ अरविंद कुमार ने कहा कि स्थानांतरण एक सामान्य प्रक्रिया है। मेरा 3 साल 6 महीने का कार्यकाल रहा। जो काफी अच्छा रहा। अपने साढ़े तीन साल के कार्यकाल में प्रमंडल को गति देने की कोशिश किया गया है। कहा कि वनरक्षियो में वन रोपण का कल्चर ज्यादा अच्छा नहीं रहा है। वनरोपण का स्तर में सुधार करने की जरूरत है। नए पदाधिकारी से आशा है कि वे अच्छा कार्यकाल गुजारेंगे और सभी से समन्वय स्थापित कर कार्य को गति देंगे।

# डीसी ने विद्यार्थियों के प्रवेश व 'शिक्षा कर भेंट' गतिविधि की हुई समीक्षा

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** बुधवार को उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी की अध्यक्षता में जिला के 10 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं 02 झारखंड आवासीय बालिका विद्यालय में नामांकन हेतु रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु जिला नामांकन समिति, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की बैठक हुई। बैठक में वर्ग 06, 07, 08 एवं 0.9 के नामांकन हेतु कुल 1091 रिक्त सीटों के विरुद्ध 1067 बच्चों का नामांकन हेतु अनुमोदन किया गया। इसके साथ ही वित्तीय वर्ष 2023-24 में वैसे विद्यालय जहां इंटरमीडियट की परीक्षा में विज्ञान के विषय में परीक्षाफल खराब आएं हैं उन विद्यालयों के प्रधानाध्यापक के साथ समीक्षात्मक बैठक की गई एवं उनसे विद्यालयवार परीक्षाफल के खराब होने के संबंध में जानकारी ली गई। इसके साथ ही सभी विद्यालयों के शिक्षकों से 02 दिनों के अंदर वैसे बच्चे जो लगातार अनुपस्थित है या



विद्यालय नहीं आ रहे हैं उनसे संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने आगामी वर्ष की परीक्षा में बेहतर परीक्षाफल कैसे हो इस संबंध में सभी से सुझाव प्राप्त किया साथ ही विद्यार्थियों का रिजल्ट बेहतर हो सके उसके तैयारी पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके अलावा अन्य कई विषयों पर चर्चा करते हुए उपायुक्त द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस बैठक में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी, गुमला नूर आलम खान, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी, पीयूष कुमार, जिला के सभी माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक, सभी विद्यालयों (केएबीवी/जेबीएवाई) की वार्डेन एवं बीईईओ भी उपस्थित रहें।

## न्यूज बॉक्स

### 11 सूत्री मांग को लेकर जारी बीडीओ को ज्ञापन सौपा



**जारी।** आजसू के केन्द्रीय सचिव सह गुमला विधानसभा प्रभारी बोनिफास कुजूर व सकलदीप नाथ सहदेव के नेतृत्व में पार्टी के कार्यकर्ताओं ने 11 सूत्री मांग को लेकर जारी बीडीओ शशि संदीप सोरेन को ज्ञापन सौपा है। ज्ञापन में कहा गया है कि जमीन संबंधी दाखिल खारिज हेतु अंचल कार्यालय में जमा आवेदन का अभिलंब निष्पादन किया जाए। साथ ही पंजी 2 में दर्ज जीरो प्लॉट की समस्या का जल्द से जल्द उचित एवं आवश्यक कार्रवाई की जाए। वर्तमान में अबूवा आवास हेतु चयन में पारदर्शिता लाई जाए तथा जरूरतमंद एवं निर्धन परिवार को इसका समुचित लाभ मिल सके। मनरेगा अंतर्गत संचालित सिंचाई कूप एवं अन्य योजनाओं का क्रियान्वयन एवं भुगतान यथाशीघ्र किया जाए ताकि वर्षा से पहले कार्य को पूर्ण किया जा सके। ज्ञापन में कहा गया है कि सभी राशन कार्ड धारी को राशन समय पर आपूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए तथा राशन में कटौती बंद किया जाए। छात्र-छात्राओं के छात्रवृत्ति हेतु आय एवं आवासीय प्रमाण पत्र बनाने में शीघ्रता लाई जाए ताकि गरीब एवं निर्धन परिवार के छात्र-छात्राएं छात्रवृत्ति से वंचित न हो। मौके पर दिलबाग नायक, अरविंद सिंह,कमल टोप्पो, धनी बेगा, प्रवीण तिग्गा, अरविंद नगेसिया आदि उपस्थित थे।

### पैदल जा रहे राहगीर को बाइक सवार ने मारी टक्कर, घटनास्थल पर हुई दर्दनाक मौत

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित बिशुनपुर थाना क्षेत्र के चेड़ा ग्राम के समक्ष टोटो नवाटोली निवासी 18 वर्षीय सूरज उरांव बीते रात पैदल अपने रिश्तेदार के घर चेड़ा ग्राम मेहमानी जा रहा था। इसी क्रम में चेड़ा ग्राम के समक्ष अनियंत्रित तेज रफ्तार से आ रहे बाइक सवार ने पैदल जा रहे राहगीर को पिछे से जोरदार टक्कर मार दी। फलस्वरूप राहगीर की घटनास्थल पर हुई दर्दनाक मौत बताया जाता हैं की बिशनपुर बाजार से वापस अपने घर लोंगा ग्राम जा रहे। संजीत उरांव ने पैदल जा रहे हैं सूरज उरांव को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी फलस्वरूप सूरज उरांव की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटनास्थल पर उपस्थित ग्रामीणों ने सूरज उरांव और घायल संजीत उरांव को एक ऑटो (टेंपो) में उठाकर बिशुनपुर उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने सूरज उरांव को मृत घोषित कर दिया और घायल संजीत उरांव को प्राथमिक उपचार के बाद, बेहतर इलाज हेतु गुमला सदरअस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों के देखरेख में उसका इलाज चल रहा हैं।

### सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्ध योजना का लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करना है : परमुनी

**सेन्हा-लोहरदगा।** प्रखंड कार्यालय स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय में प्रखंड महिला पर्यवेक्षिका द्वारा प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ बैठक कर सावित्री बाई फुले कुशोरी समृद्ध योजना का लाभ छात्राओं को दिलाने के लिये दिशा निर्देश दिया गया। वही महिला पर्यवेक्षिका परमुनी देवी ने जानकारी देते हुए बताया कि छात्राओं को समृद्ध करने के उद्देश्य से झारखण्ड सरकार द्वारा सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्ध योजना संचालित किया गया है। जिसके तहत 8 वीं कक्षा से 12 वीं कक्षा की छात्रओं को तथा 18 से 19 वर्ष की किशोरियों को लाभ दिया जायेगा। इस निमित पूरे प्रखंड क्षेत्र से 4550 छात्राओं को लाभ दिलाने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसके लिये प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को सूचनार्थ किया जा चुका है की सभी अपने अपने विद्यालय से योग्य छात्राओं का प्रपत्र भर कर बाल विकास परियोजना कार्यालय में एक जुलाई से 31 अगस्त के बीच फॉर्म जमा करने का निर्देश दिया गया है। मौके पर अंगनी बेक के अलावे टिंकी देवी, शांता मिंज, किरण कुमारी, रजनी देवी, लक्ष्मी कुमारी, शहनाज बेगम, अनिता उराँव सहित सभी सेविकाएं उपस्थित थे।

### हिन्दू धर्म पर टिप्पणी मामले में चैनपुर में फूंका गया राहुल गांधी का पुतला



**चैनपुर।** लोकसभा में नेता विपक्ष द्वारा हिन्दू समाज पर अशोभनीय टिप्पणी करने से आक्रोशित बजरंग दल वा विश्व हिंदू परिषद, हिंदू जागरण मंच के नेतृत्व में राहुल गांधी का प्रतिकात्मक पुतला दहन किया। इस दौरान विहिप व हिंदू जागरण मंच के द्वारा मांग किया कि पूरे विश्व में रहने वाले हिन्दु समाज से राहुल गांधी नाक रगड़कर माफी मांगे और अपनी जाति का प्रमाण पत्र दें। पुतला दहन का नेतृत्व कर रहे विहिप के प्रखंड अध्यक्ष अशोक सिंह, वा हिंदू जागरण मंच के प्रखंड अध्यक्ष संतोष केशरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की सिर्फ 99 सीटें आई और कांग्रेस के टिकट पर कोई भी हिंदू आचार्य नहीं लड़ा। हिंदू हिंसक नहीं, बल्कि धर्म, व राष्ट्र का रक्षक होता है। भगवान शिव, श्री राम और श्याम सुंदर ने दैत्यों का वध किया था। हिंदू तब युद्ध करता है जब रावण मां सीता का हरण करता है। मंदिर की रक्षा के लिए हिंदू हिंसक होता है। अगर हिंदू हिंसा करता है तो पूरी दुनिया में उसका ही साम्राज्य होता है। हिंदू को हिंसक कहने का मतलब जैन, सिख, और बुद्ध धर्म के लोगों को भी हिंसक कहना। देश के बहुतेरे हिन्दुओं ने आपको वोट दिया होगा, मतलब वो लोग भी हिंसक हैं। संसद में हिंदू धर्म पर ऐसी टिप्पणी कतई बर्दाश्त नहीं है। राहुल गांधी ने हिंदुओं का अपमान किया है।

# केंद्र की तर्ज पर झारखंड में भी अलग हो सहकारिता विभाग : बिभा सिंह



- *अब कॉ-ऑपरेटिव बैंक सुदुरवर्ती गांवों में प्रदान करेगी बैंकिंग सुविधा*
- *बैंक सेवियों को 20 माईक्रो एटीएम उपलब्ध कराया गया*

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** झारखंड राज्य सहकारी बैंक लि॰, लोहरदगा परिसर में बिभा सिंह, अध्यक्ष झारखंड राज्य सहकारी बैंक लि॰, जयदेव प्रसाद सिंह, सेवानिवृत संयुक्त निबंधक, सहयोग समितियाँ, रॉंची एवं विजय प्रताप तिर्की, जिला सहकारिता पदाधिकारी, लोहरदगा, कौशलेन्द्र कुमार सिंह, निदेशक रमोद प्रसाद, निदेशक, संगीता महली, सरोज सिंह, निदेशक एवं परिशेष पाठक, मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी की उपस्थिति में लोहरदगा जिला अंतर्गत बैक सेवियों को 20 माईक्रो एटीएम उपलब्ध कराया गया। जिससे सूदूरवर्ती ग्रामीणों क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाए उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगी। अध्यक्ष बिभा सिंह ने बताया कि सहकारिता को अलग विभाग करने का आग्रह सरकार से किया गया। उनके द्वारा बताया गया कि सहकारिता पूर्व में एक स्वतंत्र विभाग था, परंतु वर्ष 2015 में इसे कृषि एवं पशुपालन विभाग के साथ मिलाकर कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग बनाया गया। चूंकि सहकारिता विभाग से व्यापक कार्यो का निष्पादन होता है। अतः इसे स्वतंत्र विभाग के रूप में पुनः कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए।

# संपूर्णता अभियान प्रखंड स्तर पर 5 व जिला स्तर पर 6 जुलाई को

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** आकांक्षी जिला कार्यक्रम और आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के तहत अगले तीन माह में संपूर्णता अभियान के तहत 06 इंडिकेटर में अच्छादन प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यह छह इंडिकेटर स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, सामाजिक विकास और शिक्षा जैसे विषयों से संबंधित है। संपूर्णता अभियान का दिनांक 05 जुलाई 2024 को प्रखण्ड स्तर पर प्रखण्ड मुख्यालय किस्को और जिला स्तर पर 06 जुलाई को नगर भवन, लोहरदगा में शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह अभियान अगले तीन माह तक चलेगा जिसमें निर्धारित इंडिकेटर के अच्छादन के लिए जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा और हितधारकों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। प्रखंड व जिला स्तर पर आयोजित होनेवाले संपूर्णता अभियान में नीति आयोग के प्रतिनिधि के रूप में सीनियर स्पेशलिस्ट डॉ बनुश्री वेल्पांडियन उपस्थित रहेंगे। इस अभियान के तहत जिला स्तर के अभियान के लिए निर्धारित इंडिकेटर में से स्वास्थ्य विभाग द्वारा गर्भवती महिलाओं का एएनसी रजिस्ट्रेशन, समाज कल्याण विभाग द्वारा आइसीडीएस कार्यक्रम अंतर्गत गर्भवती महिलाओं को पोषक आहार नियमित रूप से उपलब्ध कराने, कृषि विभाग और कृषि विज्ञान केंद्र किस्को के द्वारा किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड के वितरण किये जाने है।

### प्रभात फेरी का होगा आयोजन

जिला स्तर पर संपूर्णता अभियान के अंतर्गत शुभारंभ कार्यक्रम में 6 जुलाई 2024 को प्रभात फेरी का आयोजन समाहरणालय मैदान से पावरंगज चौक होते हुए नगर भवन, लोहरदगा तक किया जाएगा जिसमें मुख्यमंत्री उत्कृष्ट नदिया हिंदू उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग लेंगे। इसके बाद नगर भवन, लोहरदगा (सदर प्रखण्ड कार्यालय के समीप) में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया जाएगा।

### महिला के लापता होने पर पति खोज में निकला नहीं मिला सुराग



**सेन्हा।** तुईमु पंचायत के हेन्हे ग्राम से 21 वर्षीय महिला 15 दिन पूर्व बुधवार को लापता हो गई नही मिला आज तक कोई सुराग। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेरेंगदाग थाना क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती इलाके हेन्हे निवासी बुधु खेरवार का 24 वर्षीय पुत्र मुन्ना खेरवार की पत्नी सुनीता कुमारी बुधवार को घर में सूट सिलवाने की बात बोल कर घर से निकली जो देर शाम तक घर लौट कर नही आई तो परिजनों ने अपने स्तर से रिश्तेदार के यहां छानबीन करने लगे लेकिन आज तक कोई सुराग नही मिला। जिसे मुन्ना खेरवार अपनी पत्नी का फोटो लेकर सेन्हा क्षेत्र में खोजबीन करते हुए थाना पहुंचा उसी दौरान पत्रकार से बातचीत के दौरान सारी बातों को बताते हुए आमजनों से सहयोग की बात कही वहीं स्थानीय थाना में अभीतक गुमशुदा होने का मामला दर्ज नही कराया गया है।

### ऐतिहासिक रथ मेला को लेकर शांति समिति की बैठक

# मेला में असामाजिक तत्वों पर ड्रोन कैमरे से नजर रखा जायेगा

नवीन मेल संवाददाता

**भंडरा।** आगामी 7 जुलाई को भंडरा में लगने वाले ऐतिहासिक रंथ यात्रा मेला को लेकर भंडरा थाना परिसर मे बुधवार को थाना प्रभारी अरबिंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में रथयात्रा धूमधाम एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही थाना प्रभारी ने मेला कमेटी को मेला स्थल में वॉलिंटियर्स रखने का निर्देश दिया। बैठक में गर्मी को देखते हुए पानी उपलब्ध कराने की बात कही गई। ऐतिहासिक भंडरा रथयात्रा मेला मे लोहरदगा बंगाल आदि जगहों से लाखो की संख्या मे श्रद्धालू मेला देखने पहुंचते है। बैठक मे नौ दिवसीय ऐतिहासिक मेला में शांति व्यवस्था को लेकर प्रशासनिक तैयारियो पर विचार विमर्श किया गया। मेले में असमाजिक तत्वों पर नजर



रखने की योजना बनीं। इसमें समिति के सभी सदस्य अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे और पुलिस प्रशासन आम श्रद्धालुओं की सुरक्षा में तैनात रहेंगे। मेले में ड्रोन कैमरे से निगरानी पुलिस द्वारा की जाएगी। मेले में लाखों लोगों की भीड़ होती है। इसलिए अगर कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नजर आता है, तो उसे फौरन पुलिस को सौंपने का निर्णय लिया गया। वहीं, मेला परिसर की साफ-सफाई, पेयजल व प्रकाश व्यवस्था के लिए मेले कमेटी को निर्देश दिया गया। इस मौके पर थाना प्रभारी अरबिंद सिंह, एसआई पप्पू गुप्ता, किशोरी मोहन शर्मा, ईश्वरी मोहन शर्मा, मुखिया परमेश्वरी महली, मौके पर अवर निरीक्षक पप्पू गुप्ता, रामजी प्रसाद, उमेश्वर नाथ तिवारी, राधा मोहन शर्मा, प्रकाश प्रजापति, गुलाम अंसारी, जुल्फान अंसारी, उमेश साहू, सुमंती तिग्गा, फूलदेव उरांव, रउफ मिरदहा, बालकृष्णा सिंह, संतोष पंडा, मंसूर अंसारी, सुहैला आमीन, साजिद अंसारी सहित काफी संख्या में बुद्धिजीवी वर्ग के लोग मौजूद थे।

### वन महोत्सव के अंतर्गत किया गया पौधरोपण कार्यक्रम

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित परमवीर अल्बर्ट एक्का मेमोरियल कॉलेज में बुधवार को वन महोत्सव और एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तत्वाधान में पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य फादर इनोसेंट कुजूर ने नीम का पौधा लगाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और पर्यावरण संरक्षण और हरियाली के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि पौधरोपण हमारी आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण प्रदान करने का एक महत्वपूर्ण कदम है। कॉलेज के एनएसएस के स्वयंसेवकों और विद्यार्थियों ने भी विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। इस अवसर पर छात्रों ने बड़ी उत्सुकता और जोश के साथ भाग लिया और परिसर को हराभरा बनाने का संकल्प लिया। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी अमित कुमार ने कहा कि पौधरोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं है, बल्कि इसे निरंतरता और देखभाल की आवश्यकता होती है।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
कदवन बाँध प्रमंडल, नगर उँटारी (गढ़वा)
E-mail-eekadnagwrd@gmail.com

### अतिअल्पकालीन ई.–कोटेशन आमंत्रण

**सूचना संख्या– WRD/KDD/ NAGARUNTARI/01/2024-25 दिनांक –03.07.2024**

झारखण्ड सरकार, जल संसाधन विभाग के अन्तर्गत नहर कार्य हेतु प्रयुक्त होने वाले सामग्रियाँ अनुसूचित दर 2022 में सम्मिलित नहीं होने के कारण Non-Scheduled item का दर (GST एवं Labour Cess छोड़कर सभी करों सहित) प्राप्त करने हेतु ई.–कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। दर दाता झारखण्ड सरकार के वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in पर सामग्रियों की सूची Download कर सकते हैं एवं अपना दर Online दिनांक 05.07.2024 समय 10:30 बजे पूर्वाहन से दिनांक 11.07.2024 समय 5:00 बजे अपराहन तक Freeze कर सकते हैं।

उक्त कोटेशन दिनांक 12.07.2024 को समय 3:30 बजे अपराहन में Online खोला जायेगा।

नोटः–उक्त प्राप्त दरों का उपयोग विभागीय स्तर पर नहर कार्य हेतु प्राक्कलन तैयार करने के उपयोग मात्र में लाया जायेगा।

**e-quotation for Non-scheduled Item Rate.**

| Sl. No. | Description of Material | Unit | Rate(in Rs.) (Including all other taxes But excluding GST & Labour cess.) | |
|---|---|---|---|---|
| | | | In Figure | In Words |
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | L.D.P.E FILM 150 MICRON | Per $M^2$ | | |
| 2 | PERFORATED PVC PIPE 150 mm Dia | Per M | | |
| 3 | PERFORATED PVC PIPE 75 mm Dia | Per M | | |
| 4 | TAR PAPER | Per $M^2$ | | |

कार्यपालक अभियंता
कदवन बाँध प्रमंडल नगर उँटारी, गढ़वा।

PR 328474 (Water Resource) 24-25 (D)

## भारतीय रेलवे की माल ढुलाई से आय 11.1 प्रतिशत बढ़कर 14,798 करोड़ हुई




**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे की माल ढुलाई से आय जून 2024 में 11.1 प्रतिशत बढ़कर 14,798.11 करोड़ रुपये हो गई है, जो कि पिछले वर्ष समान अवधि में 13,316.81 करोड़ रुपये थी। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आंकड़ों के मुताबिक, इस वर्ष जून में रेलवे ने 135.46 मिलियन टन कार्गों का परिवहन किया है। इस दारौन माल ढुलाई में सालाना आधार पर 10.07 प्रतिशत की बढ़त हुई है, जो कि पिछले साल समान अवधि में यह 123.06 मिलियन टन थी। डेटा के मुताबिक, भारतीय रेलवे ने जून 2024 में 60.27 मिलियन टन कोयला (घरेलू उत्पादित कोयला) और 8.82 मिलियन टन आयातित कोयला, 15.07 मिलियन टन लौह अयस्क, 5.36 मिलियन टन पिग आयरन और तैयार स्टील, 7.56 मिलियन टन सीमेंट, 4.21 मिलियन टन खाद्य उत्पाद, 5.30 मिलियन टन उर्वरक, 4.18 मिलियन टन मिनरल ऑयल, 6.97 मिलियन टन कंटेनर और 10.06 मिलियन टन अन्य सामानों का परिवहन किया है। भारतीय रेलवे के बयान के मुताबिक, 'हंगरी फॉर कार्गो' मंत्र के तहत रेलवे ने अपनी सर्विस क्वालिटी में काफी सुधार किया और कीमतों को प्रतिस्पर्धी बनाया गया है। बयान में आगे कहा गया कि ग्राहक केंद्रित एप्रोच और बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट्स के काम करने के कारण रेलवे ने इतने शानदार नतीजे पेश किए हैं।

## भारतीय सोशल मीडिया मंच 'कू' होगा बंद, संस्थापकों ने कहा 'अलविदा'

**नई दिल्ली।** माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) को एक समय टक्कर देने वाला भारतीय सोशल मीडिया मंच 'कू' अब बंद होने जा रहा है। इसके सह-संस्थापकों ने बुधवार को लिंक्डइन पर एक पोस्ट में इसकी जानकारी दी है। वित्तीय संकट से जूझ रही सोशल मीडिया मंच 'कू' एप सह-संस्थापक ने इस कड़े फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए एक भावुक 'नोट' लिखा है और इसे 'अलविदा' कहा। इसके सह-संस्थापक अप्रमेय राधाकृष्ण और मयंक बिदावतका ने ऐलान किया है कि 'कू' प्लेटफॉम जनता के लिए अपनी सेवाएं बंद कर देगा। उन्होंने कहा कि कई बड़ी इंटरनेट कंपनियों, समूहों और मीडिया घरानों के साथ साझेदारी के लिए बातचीत से वांछित परिणाम नहीं निकले। दोनों ने आगे कहा, छोटी पीली चिड़िया अंतिम अलविदा कहती है। भारत में 'कू' मंच की लोकप्रियता 2021 के आसपास अपने चरम पर थी। उल्लेखनीय है कि एक समय ऐसा था जब करीब 21 लाख लोग सोशल मीडिया मंच 'कू' एप का रोजाना इस्तेमाल करते थे। इस मंच पर कई मशहूर हस्तियों के खाते भी हैं।

## जीएसटी परिषद के संशोधनों को वित्त विधेयक में किया जाएगा शामिल : सीबीआईसी प्रमुख

**एजेंसी**



**नई दिल्ली।** केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा-शुल्क बोर्ड के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि पिछले महीने जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए निर्णयों को इस महीने पेश होने वाले आम बजट के साथ संसद में पेश किए जाने वाले वित्त विधेयक में जगह दी जाएगी। अग्रवाल ने बधवार को माल एवं सेवा कर पर एनएसीआईएन-भोपाल के लिए ऑनलाइन एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यह बात कही। सीबीआईसी के चेयरमैन एनएसीआईएन भोपाल के प्रमुख कार्यक्रम 'हर बुधवार-जीएसटी वार' के 125वें एपिसोड में उद्घाटन भाषण के दौरान यह बात कही। सीबीआईसी चेयरमैन ने जीएसटी से संबंधित प्रासंगिक विषयों पर वेबिनार आयोजित करने के लिए एनएसीआईएन भोपाल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। इस अवसर पर वक्ता के रूप में जीएसटीसी सचिवालय की संयुक्त सचिव आशिमा बंसल ने जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में लिए गए निर्णयों के प्रभाव पर प्रकाश डाला। वेबिनार में लगभग 900 प्रतिभागियों ने भाग लिया। राजधानी नई दिल्ली में जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक में कुछ वस्तुओं और सेवाओं पर दर को युक्तिसंगत बनाने का प्रस्ताव रखा गया था, जबकि कुछ मामलों में स्पष्टीकरण जारी किए गए हैं। जीएसटी परिषद की 22 जून को हुई बैठक में परिषद ने केंद्रीय जीएसटी अधिनियम में एक नई धारा-11ए जोड़ने के लिए कानून में संशोधन को मंजूरी दी थी।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना।**
**चोरी गई वाहन ( ट्रैक्टर, रंग-लाल)**

मेराल थाना कांड सं0–252/2023 दिनांक–25.12.2023 धारा–379, भा0द0वि0 में चोरी गयी ट्रैक्टर वाहन जिसका रजी0 नं0– **JH14C2985**, इंजन नं0–NGNL03152 का अज्ञात अपराधकर्मी द्वारा चोरी कर लिया गया है। जिसकी बरामदगी अबतक नहीं हो पाई है। अतः आम जनता से अनुरोध है कि उक्त चोरी गयी वाहन के बारे में किसी प्रकार की सूचना किसी व्यक्ति को प्राप्त हो तो पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), गढ़वा के मो0नं0–9431706284, या पुलिस अधीक्षक, गढ़वा के मो0नं0–9431706281 पर सूचित करने की कृपा करें।

निवेदक,
पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा।

PR.NO.328479 Police(24-25):D

## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

**निविदा रद्द करने संबंधी सूचना**

इस कार्यालय के ज्ञापांक 1142/जि0अ0, दिनांक 25.06.2024 के माध्यम से प्रखण्ड छतरपुर, पंचायत– काला पहाड़, ग्राम काला पहाड़ में सुरेश प्रसाद गुप्ता के घर से स्कूल होते हुए नदी तक नाली निर्माण हेतु प्रकाशित अतिअल्पकालीन ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 15/2023-24 (Retender) जिसका PR No.- 327686 District(24-25)D को अपरिहार्य कारणो से रद्द किया जाता है।

ह0/– जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 328517 District (24-25)_D

## कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू

**निविदा रद्द करने संबंधी सूचना**

इस कार्यालय के ज्ञापांक 1141/जि0अ0, दिनांक 25.06.2024 के माध्यम से स्वास्थ्य उपकेन्द्र नौडीहा के निर्माण हेतु प्रकाशित अतिअल्पकालीन **ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 13/2023-24 (Retender 2nd Call)** जिसका PR No.- 327687 District(24-25)D को अपरिहार्य कारणो से रद्द किया जाता है।

ह0/–
जिला अभियंता,
जिला परिषद, पलामू

PR 328516 District(24-25)#D

## झारखण्ड सरकार
## कारा निरीक्षणालय, मंडल कारा, चतरा

अति अल्पकालीन ई0–निविदा सूचना

**e-TENDER : - HJ AND DM/DJ CHATRA/Q3/2024/1172**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | मंडल कारा, चतरा |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, फल, मांस, सरसों का तेल, चीनी एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त अति अल्पकालीन ई0–निविदा का आमंत्रण। (तृतीय त्रैमासिक ई– निविदा दिनांक – 01.07.2024 से 30.09.2024 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non Refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | 5000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय | तिथि– 06.07.2024 के पूर्वाहन 11.00 बजे से 12.07.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि– 06.07.2024 के पूर्वाहन 11.00 बजे से 12.07.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तिथि– 13.07.2024 के पूर्वाहन 11.00 बजे से 14.07.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (2500/– से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि | तिथि– 13.07.2024 के पूर्वाहन 11.00 बजे से 14.07.2024 के अपराह्न 05:00 बजे तक। |
| 8. | निविदा के खुलने की तिथि/समय/स्थान | दिनांक 15.07.2024 को अपराहन 1.00 बजे अपर समाहर्त्ता, चतरा के कार्यालय वेश्म में अपर समाहर्त्ता, चतरा की उपस्थिति में। |

नोट :–
1. उपर्युक्त निविदा झारखण्ड सरकार के वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, मंडल कारा, चतरा के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को Online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक
मंडल कारा, चतरा

PR.NO.328440 Home(24-25):D

## कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू।

दूरभाष सं0– (जिला भू–अर्जन शाखा) Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**

(3G Award के तहत् घोषित)

**Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section III)**

( कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण )

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 75) (कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण। हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

**एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजाः– भण्डार थानाः– विश्रामपुर, थाना नं0:– 78**
**पत्रांक– 466 (I)/भू0अ0, दिनांक– 24.06.2024**

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | भण्डार | 12 | 1220 | रैयती | मकान | 0.0000 | 1 | आदर्श साव पिता स्व0 सकल साव | |
| 2 | | 213 | 895 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 2 | अजय कुमार ठाकुर पिता घुरन ठाकुर | |
| 3 | | 213 | 895 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 3 | अखिलेश कुमार पाण्डेय पिता स्व0 राजनाथ पाण्डेय | |
| 4 | | 1 | 973 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 4 | अखिलेश्वर पाण्डेय पिता स्व0 बुधन पाण्डेय | |
| 5 | | 268 | 1216/4 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 5 | अखिलेश्वर विश्वकर्मा पिता बैजनाथ विश्वकर्मा | |
| 6 | | 229 | 661 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 6 | अकिलवंती देवी पति स्व0 कामेश्वर पाण्डेय | |
| 7 | | 111 | 1205 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 7 | अनील कुमार गुप्ता पिता स्व0 रामअवतार साहु | |
| 8 | | 30 | 1003 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 8 | अनिल कुमार पाण्डेय पिता गोवर्धन पाण्डेय | |
| 9 | | 111 | 1205 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 9 | अरूण कुमार पाण्डेय पिता स्व0 शिवराम पाण्डेय | |
| 10 | | 107 | 1243 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 10 | अरविन्द कुमार गुप्ता पिता तुलसी साव | |
| 11 | | 12 | 1222/3 | रैयती | मकान | 0.0000 | 11 | अशोक कुमार प्रसाद पिता रघुबीर साव | |
| 12 | | 111 | 1205 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 12 | बंसत प्रसाद गुप्ता पिता स्व0 राम अवतार साव | |
| 13 | | 70 | 1241 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 13 | यात्री शेड | |
| 14 | | 30 | 1002 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 14 | चंद्रवती देवी पति सत्यनारायण पाण्डेय | |
| 15 | | 277 | 840 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 15 | छोटन पाण्डेय पिता स्व0 विश्वनाथ पाण्डेय | |
| 16 | | 111 | 1205 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 16 | दशरथ साहु पिता स्व0 रामअवतार साहु | |
| 17 | | 30 | 1002 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 17 | देवराज पाण्डेय पिता स्व0 असर्फी पाण्डेय | |
| 18 | | 1 | 630 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 18 | धनंजय पाण्डेय पिता स्व0 हरिद्वार पाण्डेय | |
| 19 | | 12 | 1222 | रैयती | मकान | 0.0000 | 19 | द्रोपदी देवी पति मुन्शी तिवारी | |
| 20 | | 264 | 1208 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 20 | दुखनी देवी पति रामवृक्ष प्रजापित | |
| 21 | | 107 | 1243 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 21 | गणेश राम पिता स्व0 राम किशन राम | |
| 22 | | 30 | 1002 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 22 | गायत्री शक्ति पिठ, भंडार | |
| 23 | | 229 | 1204/3 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 23 | घुरन साव पिता स्व0 जगरनाथ साव | |
| 24 | | 107 | 1243 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 24 | गोविन्द प्रसाद पिता तुलसी साव | |
| 25 | | 70 | 1241 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 25 | हरेन्द्र कुमार दुबे पिता स्व0 रामसुरत दुबे | |
| 26 | | 277 | 1206 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 26 | हरि प्रसाद गुप्ता पिता राम स्वरूप गुप्ता | |
| 27 | | 70 | 1241 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 27 | हरी शंकर दुबे पिता स्व0 रामसुरत दुबे | |
| 28 | | 107 | 1243 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 28 | जितेन्द्र कुमार पिता स्व0 गोपाल प्रसाद गुप्ता | |
| 29 | | 229 | 1204/4 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 29 | काश्मीरी देवी पति श्याम लाल साव | |
| 30 | | 277 | 840 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 30 | कृष्णा कुमार पाण्डेय पिता रजनीकान्त पाण्डेय | |
| 31 | | 70 | 1241 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 31 | कृष्णा राम पिता स्व0 श्री राम | |
| 32 | | 268 | 1216 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 32 | कुलवंती देवी पति स्व0 बटेश्वर साव | |
| 33 | | 1 | 759/3 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 33 | कुसुम कुवंर पति स्व0 रमेश पाण्डेय | |
| 34 | | 277 | 1206/1 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 34 | महेन्द साव पिता स्व0 जयश्री साव | |
| 35 | | 277 | 840 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 35 | महेन्द ठाकुर पिता घुरन ठाकुर | |
| 36 | | 151 | 898 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 36 | नागेन्द्र पाण्डेय पिता स्व0 रामेश्वर पाण्डेय | |
| 37 | | 70 | 1241 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 37 | नन्दु प्रसाद गुप्ता पिता स्व0 गोपाल साहु | |
| 38 | | 107 | 1243 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 38 | नारेन्द्र कुमार पाण्डेय पिता स्व0 बच्चु पाण्डेय | |
| 39 | | 107 | 1243 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 39 | नीदु प्रसाद गुप्ता पिता मुन्शी साव | |
| 40 | | 1 | 1266 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 40 | निलमा देवी पति योगेन्द्र नाथ पाण्डेय | |
| 41 | | 277 | 1206 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 41 | निरा देवी पति नन्दु प्रसाद गुप्ता | |
| 42 | | 70 | 1241/2 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 42 | निरंतर दुबे पति स्व0 दिनेश दुबे | |
| 43 | | 153 | 897/2 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 43 | पानो देवी पति बिगु मिस्त्री | |
| 44 | | 268 | 1216/4 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 44 | प्रदीप विश्वकर्मा पिता बैजनाथ विश्वकर्मा | |
| 45 | | 107 | 1243 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 45 | राधेश्याम राम पिता स्व0 छोटन राम | |
| 46 | | 51 | 983 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 46 | राधेश्याम पाण्डेय पिता स्व0 दशरथ पाण्डेय | |
| 47 | | 277 | 1206 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 47 | रामबरन साव पिता स्व0 भागीरथी साव | |
| 48 | | 229 | 665 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 48 | रामदास पाण्डेय पिता स्व0 मथुरा पाण्डेय | |
| 49 | | 51 | 983 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 49 | रमेश चन्द्र पाण्डेय पिता स्व0 दशरथ पाण्डेय | |
| 50 | | 70 | 1241 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 50 | रमेश प्रजापति पिता स्व0 रामरतन प्रजापति | |
| 51 | | 51 | 983 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 51 | रामलखन पाण्डेय पिता स्व0 दशरथ पाण्डेय | |
| 52 | | 229 | 923 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 52 | रेजु देवी पति शिव शंकर पाण्डेय | |
| 53 | | 12 | 1221, 1222 | रैयती | मकान | 0.0000 | 53 | सबिता देवी पति श्यामलाल विश्वकर्मा | |
| 54 | | 107 | 1243 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 54 | शकुन्तला कुवंर पति स्व0 गंगा साव | |
| 55 | | 107 | 1243 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 55 | शम्भु प्रसाद पिता मुन्शी साव | |
| 56 | | 70 | 1241 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 56 | संजय प्रसाद गुप्ता पिता स्व0 गोपाल साहु | |
| 57 | | 107 | 1243 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 57 | संजय ठाकुर वर्गे0 पिता स्व0 सुदामा ठाकुर | |
| 58 | | 229 | 665 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 58 | संजय ठाकुर पिता स्व0 पुरन ठाकुर | |
| 59 | | 277 | 840 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 59 | संतोष प्रसाद गुप्ता पिता स्व0 रामअवतार साव | |
| 60 | | 111 | 1205 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 59 | संतोष प्रसाद गुप्ता पिता स्व0 रामअवतार साव | |
| 61 | | 1 | 973 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 61 | सरोज देवी पति विजय कुमार पाण्डेय | |
| 62 | | 107 | 1243 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 62 | सतेन्द्र कुमार गुप्ता पिता स्व0 गोपाल प्रसाद गुप्ता | |
| 63 | | 1 | 973 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 63 | सतीश पाण्डेय पिता गिरवर पाण्डेय | |
| 64 | | 277 | 840 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 64 | शैल देवी पति विनोद कुमार पाण्डेय | |
| 65 | | 151 | 898 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 65 | शैल कुमार पाण्डेय पिता स्व0 रामेश्वर पाण्डेय | |
| 66 | | 70 | 1241 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 66 | शांता देवी पति संजय प्रसाद साव | |
| 67 | | 1 | 597 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 67 | शान्ति देवी पति बैधनाथ पाण्डेय | |
| 68 | | 229 | 665 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 68 | शिवकुमार पाण्डेय पिता स्व0 रामराज पाण्डेय | |
| 69 | | 107 | 1243 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 69 | श्याम प्रसाद साव पिता मुन्शी साव | |
| 70 | | 277 | 840 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 70 | सीता देवी पति उदय साहु | |
| 71 | | 1 | 630 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 71 | सोनपति देवी पति स्व0 प्रेमचन्द्र पाण्डेय | |
| 72 | | 107 | 1243 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 72 | श्री मुन्शी साव पिता स्व0 राम जतन साव | |
| 73 | | 107 | 1243 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 73 | राजाराम साव पिता स्व0 रामजतन साव | |
| 74 | | 107 | 1243 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 74 | सुनील प्रसाद पिता मुन्शी साव | |
| 75 | | 277 | 840 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 75 | सुनीता देवी पति विमल कुमार पाण्डेय | |
| 76 | | 70 | 1241 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 76 | उर्मिला कुवंर पति स्व0 फन्सी साव | |
| 77 | | 70 | 1241 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 77 | उषा देवी पति उमा साव | |
| 78 | | 277 | 840 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 78 | विजय कुमार पाण्डेय पिता स्व0 चिन्तामनी पाण्डेय | |
| 79 | | 151 | 898/1 | बकास्त | बोरिंग 1 | 0.0000 | 79 | विजयकान्त पाण्डेय पिता स्व0 मुनेश्वर पाण्डेय | |
| 80 | | 4 | 1268 | रैयती | मकान | 0.0000 | 80 | विनोद कुमार पाण्डेय पिता स्व0 रामयश पाण्डेय | |
| 81 | | 70 | 1241 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 81 | विनोद प्रसाद गुप्ता पिता आदेश प्रसाद गुप्ता | |
| | | | | | कुल | 0.0000 | | | |

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 328510 Palamu(24-25)D

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, पलामू
## (जिला चौकीदारी शाखा, पलामू)

**आवश्यक सूचना**

विज्ञापन संख्या–01/2024

पलामू जिला अन्तर्गत चौकीदार के पद पर सीधी भर्ती हेतु विज्ञापन

(आवेदन करने की अंतिम तिथि 20.07.2024)

माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची के द्वारा याचिका W.P (S) No-4362/2022 भगवान महतो– बनाम् झारखण्ड राज्य एवं अन्य में दिनांक–17.07.2023 को पारित आदेश, W.P (S) No-960/2016 सलन चम्पिया एवं अन्य बनाम् झारखण्ड राज्य में दिनांक–23.07.2018 को पारित आदेश, W.P (S) No-3040/2020 में दिनांक–19.01.2021 को पारित आदेश एवं W.P (S) No-2032/2020 में दिनांक– 23.11.2020 को पारित आदेश तथा गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची के अधिसूचना संख्या–2032, दिनांक–07.04.2015 द्वारा निर्गत चौकीदार नियुक्ति नियमावली, विभागीय अधिसूचना संख्या– 4998, दिनांक–19.09.2019 एवं अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग के पत्र संख्या–अ0स0प0 संख्या–17/कोर्ट केस–10/2019 522, दिनांक–29.01.2020 के द्वारा प्राप्त निर्देश तथा सरकार के संयुक्त सचिव, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, रांची का पत्र सं0–3910/दिनांक–27.06.2024 निदेश के आलोक में पलामू जिला में ग्रामीण चौकीदार (घटवार, दफादार का पद सहित) के कुल–155 रिक्त पदों पर सीधी भर्ती हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

1. पद का नाम– चौकीदार
2. रिक्त पदों की संख्या–155

| कोटि | अनारक्षित | आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग | अनुसूचित जाति | अनुसूचित जनजाति | अत्यंत पिछड़ा वर्ग | पिछड़ा वर्ग | कुल |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| रिक्त | 78 | 13 | शून्य | 30 | 10 | 24 | 155 |

3. आरक्षण– झारखण्ड सरकार के द्वारा जिला स्तरीय मुफ्फसिल स्थापना के लिए लागू आदर्श आरक्षण।
क्षैतिज आरक्षणः–
(i) पर्यटन कला संस्कृतिक खेल–कूद एवं युवा कार्य विभाग के संकल्प संख्या–1709, दिनांक–12.09.2007 के आलोक में निर्धारित खेल–कूद कोटा से खिलाड़ियों के लिए 2: पद क्षैतिज के रूप से आरक्षित होगा।
(ii) कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संकल्प संख्या–2249, दिनांक 03.04.2016 के अनुसार निःशक्त जनों हेतु 4% क्षैतिज आरक्षण अनुमान्य होगा। उक्त संबंध में सरकार से मार्गदर्शन की मांग की जा रही है, जिसके अनुरूप इसके अनुमान्यता पर निर्णय प्रभावित होगा।
(iii) कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संकल्प संख्या–5555, दिनांक 28.06.2016 के अनुसार अनुसूचित जनजाति के आरक्षण कोटि में से 2% पद क्षैतिज रूप से आदिम जनजाति को अनुमान्य होगा।
(iv) कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग के संकल्प संख्या–8281, दिनांक 03.12.2021 के आलोक में महिलाओं के लिए 5% पद क्षैतिज आरक्षित होगा।

शैक्षणिक योग्यताः– चौकीदार के पद पर नियुक्ति हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों/बोर्ड से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण होगी एवं 01.08.2023 तक दसवीं परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थी द्वारा ही नियुक्ति हेतु आवेदन किया जायेगा।

चरित्र :– अभ्यर्थी का चरित्र अच्छा हो एवं अपराधिक इतिहास नहीं हो। चरित्र प्रमाण–पत्र स्थानीय थाना से निर्गत मान्य होगा इस आवेदन पत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।

4. उम्र सीमा :– (आयु की गणना–01.08.2023 को)
(क) न्यूनतम उम्र सीमा–18 वर्ष
(ख) अधिकतम उम्र सीमाः–

| क्र0 सं0 | कोटि | सामान्य अधिकतम आयु सीमा |
|---|---|---|
| 1 | अनारक्षित | 35 वर्ष |
| 2 | पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग | 37 वर्ष |
| 3 | महिला (अनारक्षित/पिछड़ा वर्ग/अत्यंत पिछड़ा वर्ग) | 38 वर्ष |
| 4 | अनुसूचित जाति/अनूसूचित जनजाति (पुरूष एवं महिला) | 40 वर्ष |

नोटः– विभागीय पत्रांक–307/रांची, दिनांक–16.01.2023 के अनुसार पूर्व में अवैतनिक रूप से चौकीदार के रूप में कार्य करने वाले सभी अभ्यर्थियों (माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायादेश से प्रभावित/आच्छादित) के लिए उम्र सीमा को एक बार की नियुक्ति प्रक्रिया के लिए शिथिल किया गया है।

5. अभ्यर्थी को संबंधित बीट क्षेत्र का स्थायी निवासी होना अनिवार्य होगा।
(रिक्त पदों का बीट संख्या एवं सम्बद्ध ग्रामों की सूची संबंधी परिशिष्ट संलग्न)
6. अभ्यर्थी को साईकल चलाने का ज्ञान आवश्यक होगा।
7. नियुक्ति प्रक्रिया (एक स्तरीय) :–
(क) लिखित परीक्षाः– लिखित 50 अंकों की ली जायेगी। लिखित परीक्षा में जिला से संबंधित सामान्य ज्ञान एवं स्थानीय भाषा से संबंधित प्रश्न पूछे जायेंगे। लिखित परीक्षा में न्यूनतम 30% अंक प्राप्त करना आवश्यक होगा। सफल उम्मीदवारों की सूची 1:3 की संख्या में तैयार की जायेगी।
लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम सामान्य ज्ञान एवं स्थानीय भाषा से संबंधित 50 (पचास) बहुविकल्पीय प्रश्न जिसके लिए डेढ़ घण्टे का समय होगा। गलत उत्तर के लिए कोई कटौती नहीं की जायेगी।
(ख) शारीरिक माप– अभ्यर्थियों का न्यूनतम शारीरिक माप निम्नलिखित होगा।

उँचाई (न्यूनतम)
(i) सामान्य 160 सेंटी मीटर
(ii) पिछड़ा वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग 160 सेंटी मीटर
(iii) अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति 155 सेंटी मीटर
(iv) महिलाओं के लिए 148 सेंटी मीटर

(ग) शारीरिक जाँचः– लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण एवं शारीरिक माप में अंकित न्यूनतम शारीरिक मापधारी अभ्यर्थी जाँच में भाग लेंगे। सभी अभ्यर्थी एक मील का दौड़ में भाग लेंगे। शारीरिक जाँच में निम्न आधार पर अंक दिये जायेंगे।

| एक मील की दौड़ | समय | अंक |
|---|---|---|
| (i) पुरूषों के लिए | 05 मिनट या पहले<br>05 मिनट के बाद 06 मिनट तक<br>(अधिक समय लेने वाले निरर्हित समझे जायेंगे) | 20 अंक<br>10 अंक |
| (ii) महिलाओं के लिए | 08 मिनट या पहले<br>08 मिनट के बाद 10 मिनट तक<br>(अधिक समय लेने वाले निरर्हित समझे जायेंगे) | 20 अंक<br>10 अंक |

नोटः– माननीय उच्च न्यायालय, झारखण्ड, राँची के द्वारा याचिका W.P (S) No-960/2016 सलन चम्पिया एवं अन्य बनाम् झारखण्ड राज्य में दिनांक–23.07.2018 को पारित आदेश W.P (S) No-3040/2020 में दिनांक–19.01.2021 को पारित आदेश एवं W.P (S) No-2302/2020 में दिनांक–23.11.2020 को पारित आदेश के आलोक में चौकीदार नियुक्ति नियमावली में संशोधन सम्बंधी विभागीय अधिसूचना सख्या–4998, दिनांक–19.09.2019 के तहत पूर्व से अवैतनिक रूप से चौकीदार के रूप में कार्य करने वाले अभ्यर्थियों को कार्यानुभव के लिए Weightage प्रदान की जायेगी। माननीय उच्च न्यायालय के न्यायादेश से उदभूत एवं प्रभावित/अच्छादित अभ्यर्थियों के संदर्भ में साक्ष्य आधारित सम्पुष्टि के उपरान्त, 02 अंक प्रत्येक पूर्ण 01 (एक) वर्ष की दर से अधिकतम 20 अंक देय होगा।

नोट :– मेघा सूची– लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक, शारीरिक जांच में प्राप्त अंक एवं कार्यानुभव में प्राप्त अंक योग्य के आधार पर मेघा सूची तैयार की जायेगी।

नोटः– चिकित्सा परीक्षण–नियुक्ति के पूर्व सफल चयनित अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य की जांच की जायेगी। सरकारी सेवक के रूप में अपने कर्त्तव्यों के निर्वहन हेतु आवश्यक शारीरिक एवं मानसिक स्वस्थता मापदण्ड के आधार पर अभ्यर्थियों के योग्य पाये जाने पर ही नियुक्ति किया जायेगा।

नोटः– परिवीक्षा :– चौकीदार के पद पर बहाली परिवीक्षा आधार पर की जायेगी। परिवीक्षा की अवधि दो वर्ष की होगी। अगर किसी चौकीदार की सेवा परिविक्षा की अवधि में संतोषजनक नहीं पायी जाती है तो परिवीक्षा अवधि एक वर्ष के लिए बढ़ायी जा सकती है। वर्द्धित अवधि के दरम्यान भी सेवा संतोषजनक नहीं पायी जाय, तो उस परिस्थिति में सेवा समाप्त की जा सकती है।

नोटः– वेतनमानः– चौकीदार का शष्टम पुनरीक्षित वेतनमान–पी0बी0–01–5200–20200 ग्रेड वेतन–1800

10. आवेदन करने की प्रक्रियाः–
(क) उपरोक्त योग्यता सह–अर्हता रखने वाले उम्मीदवारों से संलग्न विहित प्रपत्र में आवश्यक अंक पत्रों एवं प्रमाण–पत्रों की स्वः अभिप्रमाणित प्रति, आरक्षण के दावा हेतु सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण–पत्र, जाति प्रमाण–पत्र, चरित्र प्रमाण– पत्र, जन्म तिथि से संबंधित शैक्षणिक प्रमाण–पत्र तथा आवेदन पत्र के साथ स्वः अभिप्रमाणित दो पासपोर्ट साईज फोटो संलग्न करते हुए दिनांक–20.07.2024 तक संलग्न विहित प्रपत्र में आवेदन निबंधित डाक से जमा कराया जा सकता है। दिनांक– 20.07.2024 के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।
(ख) किसी अन्य कार्यालय में आवेदन जमा करने पर उनका आवेदन स्वतः निरस्त कर दिया जायेगा।
(ग) आवेदन को बंद लिफाफे पर स्पष्ट रूप से विज्ञापन संख्या एवं पद का विवरण अंकित कर केवल निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से भेजा जायेगा। किसी भी स्थिति में हाथों–हाथ आवेदन स्वीकार नहीं करेंगे।
(घ) अन्य विवरणी जिला का अधिकृत मइेपजमरू्ण्चंसंउनण्दपबण्पद पर देखा जा सकता है तथा प्रपत्र को क्वूदसवंक किया जा सकता है।
परीक्षा शुल्क के संबंध में अनारक्षित/पिछड़ा वर्ग/अन्य पिछड़ा वर्ग–200/– रू0 एवं अनुसूचित जनजाति/अनुसूचित जाति–100/– रू0 का भारतीय पोस्टल ऑर्डर /बैंक ड्रॉफ्ट जो उपायुक्त, पलामू के पदनाम से भुगतेय होगा, संलग्न करना अनिवार्य है।
(ड.) परीक्षा की तिथि दैनिक स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से अलग से प्रकाशित की जायेगी।
(च) आवेदन भेजने का पता निम्न है :–
पता–उपायुक्त, पलामू का कार्यालय जिला चौकीदारी शाखा, पलामू समाहरणालय भवन, ब्लॉक–ए, पिन–822101 (झारखण्ड)
उक्त विज्ञापन में निहित शर्त्तें, सरकार द्वारा प्राप्त निदेश अथवा माननीय न्यायालय के न्यायादेश से प्रभावित होगा।

जिला चौकीदारी पदा0, पलामू। | अपर समाहर्त्ता, सह–वरीय पदाधिकारी, जिला चौकीदारी शाखा, पलामू। | जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू–सह–अध्यक्ष, नियुक्ति समिति, पलामू।

PR 328526 Palamu(24-25)#D

**जब तक जीना, तब तक सीखना, अनुभव ही जगत में सर्वश्रेष्ठ शिक्षक है: स्वामी विवेकानंद**



# बजट में किसकी चलेगी देशहित की?

***कुछ*** दिनों पहले लोकसभा चुनाव में पक्ष और विपक्ष के घोषणा पत्रों एवं बयानों में जो अपने दृष्टिकोण रखे गए थे बेरोजगारी, कृषि संकट, महंगाई, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे विषयों पर, इस बार के बजट में इसे कितना धरातल पर उतारा जाता है देखना दिलचस्प होगा। कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र (न्याय पत्र) में कई में कई लोकलुभावन वायदे किए थे। क्या भाजपा के प्रतिस्पर्धी दृष्टिकोण 'मोदी की गारंटी' की झलक स्पष्ट रूप में बजट में दिखेगी और कांग्रेस उसे मान लेगी? आम तौर पर किसी भी बजट के बाद होने वाली बहस दावों और प्रतिदावों के शोर की प्रतिस्पर्धा होती है। इसके बाद विलाप का एक सुनियोजित कोरस होता है कि किसने किया और क्या नहीं किया। इस बहस में बजट आवंटन पर कोई सूचना नहीं होती। विपक्ष हमेशा दावा करता है कि इसे बेहतर किया जा सकता था। सवाल उठता है कि विपक्षी गठबंधन में शामिल दलों को छाया मंत्रिमंडल बनाने से कौन रोकता है, जिसमें मंत्री मंत्रालयों की निगरानी करते हैं और एक प्रतिस्पर्धी बजट पेश करते हैं। विपक्षी गठबंधन अपने दावों को दस्तावेज के रूप में क्यों नहीं 'दूध का दूध और पानी का पानी' की तरह साबित कर सकता? सार्वजनिक क्षेत्र में उपलब्ध जानकारी तक विपक्ष की पहुंच है। फरवरी, 2024 में पेश किए गए अंतरिम बजट में बुनियादी मैक्रो डाटा शामिल है। इसके अलावा, पूर्वानुमानों के अद्यतन आंकड़े भी उपलब्ध हैं-इसमें 2023-24 के लिए जीडीपी के अनंतिम अनुमान, बेहतर प्रत्यक्ष कर संग्रह का विवरण, जीएसटी प्राप्तियों के आंकड़े, भारतीय रिजर्व बैंक से अधिशेष, मौद्रिक नीति समिति के बयानों में विकास और मुद्रास्फीति के पूर्वानुमान शामिल हैं। वैकल्पिक बजट को सरकार द्वारा बजट पेश किए जाने के एक या दो दिन पहले या बजट के एक दिन बाद जारी किया जा सकता है। बजट तैयार करना राजनीतिक एवं आर्थिक आवश्यकताओं को एक साथ जोड़ने का विज्ञान और कला, दोनों है। यह देश के लोगों के लिए उपयोगी होगा, ताकि वे 'विकास के एजेंडे को कैसे तैयार किया जाए' इस पर दोनों पक्षों के फोकस और दृष्टिकोण की तुलना कर पाएंगे। चुनाव अभियान ने मुद्रास्फीति, कृषि संकट और बेरोजगारी के मुद्दों पर बढ़ती चिंता और मध्यम वर्ग की कथित उपेक्षा की पीड़ा को उजागर किया। कांग्रेस के पास यह दिखाने का अवसर है कि वह किस तरह से अपने विचारों को सामने रखेगी और अर्थव्यवस्था को गति देगी। मसलन, प्रशिक्षुता कार्यक्रम और प्रति वर्ष एक लाख रुपये का भुगतान, प्रत्येक गरीब परिवार को एक लाख रुपये बिना शर्त नकद हस्तांतरण की महालक्ष्मी योजना। यह कोई रहस्य नहीं है कि नोटबंदी, जीएसटी की शुरूआत और कोरोना महामारी जैसे कई व्यवधानों के कारण राज्यों में कई अनौपचारिक उद्यम और एमएसएमई बंद हो गए। असंगठित क्षेत्र के उद्यमों के ताजा वार्षिक सर्वे के विश्लेषण से पता चलता है कि 18 लाख उद्यमों के बंद होने से 50 लाख से ज्यादा नौकरियों का नुकसान हुआ। कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्षी गठबंधन उत्तर प्रदेश या महाराष्ट्र में कौशल विकास वृत्ति द्वारा सक्षम एक मॉडल कार्यक्रम या 'आकांक्षी जिलों' में एक बड़ा कार्यक्रम पेश कर सकता है। यह भी सबको मालूम है कि प्राथमिक स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में जरूरत और उपलब्धता के बीच भारी अंतर है। विपक्षी पार्टियां स्वास्थ्य और अन्य पहलों के विस्तार के लिए एक फंडिंग योजना की रूपरेखा बना सकती हैं, साथ ही विकास को समर्थन देने के लिए एक विधायी एजेंडा भी बना सकती हैं। वैकल्पिक बजट विपक्षी गठबंधन को यह दिखाने का मौका दे सकता है कि संसाधनों (जैसे बढ़े हुए राजस्व और आरबीआई के अधिशेष) को बेहतर परिणामों के लिए कैसे इस्तेमाल किया जाता है या किया जाना चाहिए। इसके लिए विपक्षी गठबंधन पूर्व वित्त मंत्रियों, अर्थशास्त्रियों जैसे जानकार लोगों को इकट्ठा करके इस कार्य के लिए आर्थिक सलाहकार परिषद का गठन कर सकता है। पार्टियां बजट की तरह बुनियादी टेम्पलेट पेश करने के लिए सहयोग कर सकती हैं, जिसमें राजस्व की प्राप्ति और खर्च के साथ उद्देश्य को दर्शाया गया हो। वैकल्पिक दृष्टिकोण केवल राजनीतिक क्षेत्र तक सीमित नहीं रहे।

इन दिनों

# शिक्षक तो पढ़ा रहे हैं, लेकिन क्या बच्चे सीख भी रहे हैं?


अतुल मलिकराम

***शिक्षा*** का मतलब कभी-भी किसी खाली पात्र में जल भरने तक ही सीमित नहीं रहा है। महान अर्थशास्त्री तथा नोबेल पुरस्कार विजेता अमर्त्य सेन एवं अभिजीत बनर्जी भी इस बात की पुष्टि कर चुके हैं कि किसी भी अन्य की तुलना में शिक्षा एकमात्र ऐसा साधन है, जो जीवन के अवसरों में वृद्धि करने का सबसे कारगर जरिया है। हमारे पुराणों में भी कहा गया है 'सा विद्या या विमुक्तये!' अर्थात विद्या वही है, जो मुक्त करे। पहले के समय में जब गुरुकुल शिक्षा हुआ करती थी, तब इस वाक्य का एक-एक शब्द अपनी बात पर खरा उतरता था। इसके मायने 90-2000 के दशक तक भी सटीक ही थे। लेकिन, बीते कुछ वर्षों में हमारे देश में शिक्षा का स्तर काफी नीचे गिर गया है। न तो शिक्षा प्रदान करने वाला इस गर्त में गिरने से खुद को रोक पाया है और न ही शिक्षा अर्जित करने वाला। शिक्षक बेशक बच्चों को पढ़ाते हैं, लेकिन मेरे मायने में उस शिक्षा का कोई महत्व नहीं, जो सिर्फ सिलेबस पूरा करने तक ही सीमित हो। शिक्षक जो पढ़ा रहा है, बच्चे उसे समझ पा भी रहे हैं या नहीं, यह गंभीर मुद्दा कक्षा में लगे बोर्ड के पीछे ही कहीं छिप जाता है। शायद वह भी शिक्षक की डाँट या मार से डरता हो। कभी-कभी तो यह लगता है कि सत्र के भीतर सिलेबस को पूरा करना ही शिक्षकों का प्राथमिक कर्तव्य है, बच्चों के जहन में इसके अध्याय और उनसे मिलने वाली सीख बैठी या नहीं, इससे उन्हें शायद फर्क पड़ता ही नहीं। एक तथ्य यह भी है कि एक कक्षा में बच्चों की 50 से लेकर 70 तक की संख्या को दाखिल कर लिया जाता है, स्थिति अनुसार यह संख्या घट-बढ़ सकती है। अब यदि एक-एक बच्चे पर ध्यान देंगे, तो फिर वही बात, सिलेबस कब पूरा होगा? कमजोर बच्चे डर के मारे शिक्षकों से कुछ पूछ ही नहीं पाते और परिणाम के रूप में स्कूलों की यह भीड़ कोचिंग संस्थानों में बढ़ती चली जाती है। हालात ये हैं कि अब तो कोचिंग संस्थान भी स्कूल जैसे ही प्रतीत होने लगे हैं। इससे एक स्तर और आगे बढ़ते हुए इन संस्थानों में 100-100 बच्चों की बैच को एक साथ पढ़ाया जाता है। एक तरफ कुआँ और एक तरफ खाई के बीच डोलता हुआ बच्चा आखिर जाए, तो जाए कहाँ? शिक्षा के मायने तब ही पूरे हो सकते हैं, जब कोई विषय विशेष जिस भाव और अर्थ के साथ पढ़ाया जाए, वह उसी भाव और अर्थ के साथ समझा और सीखा भी जाए। शिक्षा स्वतः तो है नहीं, जो सिर्फ पढ़ा देने भर मात्र से बच्चों को समझ आ जाए। यहाँ बड़ा प्रश्न उठता है कि इस कमी का आकलन किसका हो? बच्चे का, शिक्षक का या फिर पूरी की पूरी शिक्षा प्रणाली का? भारत देश में प्रारंभिक शिक्षा को संविधान के तहत मूलभूत अधिकार (शिक्षा का अधिकार, 2009) घोषित किया गया है, यानि सभी 6 से लेकर 14 वर्ष के बच्चों को बिना किसी भेदभाव के अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। नेशनल अचीवमेंट सर्वे (एनएएस) और एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (एएसईआर) यह स्पष्ट करते हैं कि बच्चे अपनी उम्र और कक्षा के अनुसार सीख ही नहीं पाते हैं। प्राथमिक स्कूलों में 10 करोड़ से भी अधिक बच्चे पढ़ रहे हैं। बेहद चौंकाने वाले आँकड़ें उपरोक्त रिपोर्ट से सामने आए हैं कि इनमें से लगभग 55 फीसद बच्चे दस साल की उम्र में अपनी भाषा के अक्षर, शब्द या वाक्य ठीक से पढ़ भी नहीं पाते, लिखना तो बहुत दूर की बात है। वर्ल्ड बैंक में इसे लर्निंग पॉवर्टी कहा जाता है और यह बेहद दुर्भाग्य की बात है कि हमारा देश भी इसी श्रेणी में आता है। मैं फिर वही सवाल करता हूँ कि इसका जिम्मेदार कौन है, बच्चे, शिक्षक या शिक्षा प्रणाली? फिर एक सवाल यह भी है कि क्या सभी बच्चे समान रूप से सीख पा रहे हैं? राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार, तीसरी कक्षा की पढ़ाई पूरी होने तक सभी बच्चों को पढ़ने, लिखने और सामान्य गणित के कौशल आ जाने चाहिए। एक तथ्य यह भी है कि इंसान के मस्तिष्क का 85-90% विकास इसी उम्र (0-5) में होता है। और इस उम्र में जिन बच्चों को उचित शिक्षा नहीं मिलती, उनकी बुनियाद पूरे जीवन ही कमजोर बनी रहती है। इस उम्र में, उन्हें जो भी सिखाया जाता है, उन्हें कंठस्थ हो जाता है। हमारे देश की शिक्षा प्रणाली बच्चों को शिक्षा के अवसर दे तो रही है, लेकिन 50 फीसद से भी अधिक बच्चों को कॉन्सेप्ट्स ही क्लियर नहीं हैं। ऐसे में, शिक्षकों को चाहिए कि वे एक-एक बच्चे का आकलन करें और उन कमियों को दूर करें, जो लगातार उनमें दिखाई दे रही है। बच्चों के उन कठिन बिंदुओं पर ध्यान दें, जो उन्हें समझ नहीं आते। अपने पढ़ाने के तरीके में बदलाव लाएँ। डाँटने-मारने से बचें, बच्चों से घुल-मिलकर रहें, ताकि कोई भी बिंदु समझ न आने पर वे बिना किसी डर या झिझक से खुलकर आपसे पूछ सकें। शासन को भी चाहिए कि ऐसे सिलेबस बनाएँ, जो बच्चों को आसानी से समझ आ सकें और उसे पढ़ने में उनकी रूचि बनी रहे, न कि उसे देख उनका मन पढ़ाई से ही कतराने लगे। भारत की शिक्षा प्रणाली विराट, विस्तृत और विविध है। बतौर उदाहरण बात करें, तो बिहार की सरकारी प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत 63 हजार स्कूल आते हैं, जिनमें लगभग 1 करोड़ बच्चे और 2.5 लाख शिक्षक शामिल हैं। गौर करने वाली बात है कि यह संख्या कई पश्चिमी देशों की जनसंख्या से भी अधिक है। यह सिर्फ एक राज्य की बात है, पूरे देश की बात करेंगे, तो आँकड़ें खुद ही आपस में उलझ जाएँगे। क्या इतनी व्यापक शिक्षा प्रणाली में सुधार लाना वास्तव में उतना सरल है, जितना प्रतीत होता है? दो से तीन दशकों के प्रयासों का परिणाम है कि अधिकांश बच्चों का स्कूलों में नामांकन है, लेकिन इसके बावजूद सिर्फ 55-60 प्रतिशत बच्चे ही नियमित रूप से स्कूल जाते हैं। शिक्षा प्रणाली में जरुरी बदलाव और सुधार यदि अब भी नहीं किए गए, तो हमारा देश आगे बढ़ने के बजाए कई वर्ष पीछे जाने को मजबूर हो जाएगा। यह पूरे देश के लिए चिन्ता का विषय है कि आजादी के 75 वर्षों के बाद भी हम 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा' के लक्ष्य की ओर थोड़ा भी आगे नहीं बढ़े हैं और बात कर रहे हैं वर्ष 2030 में इसे हासिल करने की। सवाल है कि जो अब तक हासिल नहीं हो सका है, क्या वह आने वाले महज कुछ सालों में हासिल हो जाएगा? और हो भी जाएगा, तो कैसे?

**(लेखक और राजनीतिक रणनीतिकार)**

**ये लेखक के निजी विचार है।**




**बच्चे का, शिक्षक का या फिर पूरी की पूरी शिक्षा प्रणाली का? भारत देश में प्रारंभिक शिक्षा को संविधान के तहत मूलभूत अधिकार (शिक्षा का अधिकार, 2009) घोषित किया गया है, यानि सभी 6 से लेकर 14 वर्ष के बच्चों को बिना किसी भेदभाव के अच्छी शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। नेशनल अचीवमेंट सर्वे (एनएएस) और एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (एएसईआर) यह स्पष्ट करते हैं कि बच्चे अपनी उम्र और कक्षा के अनुसार सीख ही नहीं पाते हैं।**

## आपकी बात

### मन की बात

सेवा में,


महेन्द्र मोदी

नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री
भारत सरकार
सविनय निवेदन है कि
भारत के सभी रेडियो श्रोतागण
प्रत्येक वर्ष



दिनांक 20 अगस्त को भारत के विभिन्न राज्यों में लिस्नर्स डे मनाते हैं। इस मौके पर अपने अपने स्तर से श्रोता सम्मेलन करते हैं और एक दूसरे को सम्मानित करते हैं।
लिस्नर्स डे की शुरूआत ओल्ड लिस्नर्स ग्रुप आंफ इण्डिया के द्वारा छत्तीसगढ़, रायपुर से प्रारंभ किया गया है।
जिसमें भारत के विभिन्न राज्यों से विभिन्न श्रोता संगठनों से श्रोतागण शामिल हुए।
प्रत्येक वर्ष रायपुर छत्तीसगढ़ में मोहन देवांगन, अध्यक्ष ओल्ड लिस्नर्स ग्रुप आंफ इण्डिया, छत्तीसगढ़ जोन के और महेन्द्र मोदी, मैनेजिंग डायरेक्टर,ओल्ड लिस्नर्स ग्रुप आंफ इण्डिया के नेतृत्व में श्रोता दिवस मनाया जाता है।

(मैनेजिंग डायरेक्टर,
ओल्ड लिस्नर्स ग्रुप आंफ इण्डिया)

धर्म

# सत्संग स्थल किसकी लापरवाही से बना श्मशान घाट?


डॉ. रमेश ठाकुर

***हाथरस*** के सत्संग स्थल को किसने श्मशान घाट में तब्दील किया? ये सवाल घटना घट जाने के बाद हादसा स्थल के चारों ओर गूंज रहा है। जवाब कौन देगा और कौन है हादसे का जिम्मेदार? ये सवाल भी वहां मुंह खोले खड़ा हुआ है। भगदड़ में मरने वालों की तितर-बितर फैली लाशें, कराहते घायल श्रद्धालुओं की चीखें देखकर परिजनों की हिम्मत जवाब देती दिखी। राहत-बचाव में जुटे कर्मियों के कलेजे भी कंपकपा रहे थे। हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में संभावित या आपातकाल की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासनिक इंतजाम अगर थोड़े से भी होते तो इतनी दर्दनाक घटना नहीं घटती। हैरानी की बात ये है कि हजारों सत्संगियों की रक्षा में मात्र 73 पुलिसकर्मी तैनात थे, जिनमें दो दर्जन तो होमगार्ड ही थे। घटना का शोर जब तेजी से मचने लगा तो सबसे सुरक्षाकर्मी ही भाग खड़े हुए। दूसरों को बचाने से बेहतर खुद की जान जान बचानी जरूरी समझी। प्रशासन और आयोजक दोनों गहरी नींद में सोए हुए थे। सत्संग स्थल पर एक भी एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं थी। न ही कोई फायरब्रिगेड की गाड़ी वहां तैनात थी और न ही कोई विशेष अन्य व्यवस्थाएं की गईं थीं। इसलिए हाथरस भगदड़ को स्थानीय प्रशासन की घोर लापरवाही का नतीजा इसलिए कहा जाएगा, क्योंकि जिस सत्संग स्थल पर बाबा भोले के प्रवचन का आयोजन था उसमें मात्र पांच हजार लोगों की बैठने-उठने की व्यवस्था थी। लेकिन लापरवाही देखिए 50 हजार से अधिक लोग सत्संग में पहुंचे हुए थे। इसलिए सत्संग स्थल कैसे बना श्मशान घाट? उसकी असल सच्चाई सबके सामने है। सत्संग स्थलों पर यह न पहला हादसा है और न ही अंतिम? इससे पूर्व भी कई दर्दनाक हादसे हुए। लेकिन घटना हो जाने पर शासन से लेकर प्रशासन तक खलबली मच जाती है। पर, जैसे ही मामले की तपिश कुछ शांत होती है, प्रशासन दूसरे हादसे का इंतजार करने लगता है। हाथरस का लोकल प्रशासन अगर वास्तव में थोड़ा सा भी अलर्ट होता। इतने श्रद्धालुओं को सत्संग में पहुंचने की इजाजत नहीं देता, तो सैकड़ों लोग बेमौत मरने से बच सकते थे। उन्हें अपनी जान नहीं गंवानी पड़ती। हादसे होते ही प्रवचन सुनाने वाला बाबा पतली गली देखकर फरार हो गया। बाबा की हकीकत जानें तो वह कोई जन्मजात साधु, पंडा या प्रवचनकर्ता नहीं है और न ही लंबे समय से इस क्षेत्र में है। **(ये लेखक के निजी विचार है।)**

**सत्संग स्थलों पर यह न पहला हादसा है और न ही अंतिम? इससे पूर्व भी कई दर्दनाक हादसे हुए। लेकिन घटना हो जाने पर शासन से लेकर प्रशासन तक खलबली मच जाती है।**

## फेसबुक वॉल से

**Rama Shankar Singh**
4 h ·
"राजमाता नायिका देवी पाटन" #क्षत्राणी... See more




Pradeep Sinha and 2 others · 1 comment
Like · Comment · Send · Share

**Pradeep Sinha**
छपाये गये इतिहास सामने लाने के लिए आपका

## X-से

**Shubham Shukla** @ShubhamS... · 14h
हाथरस भगदड़ में सैकड़ों लोगों की दुःखद मौत के मामले में कुछ जरूरी तथ्य-

1. यह बाबा ब्राह्मण नहीं है।

2. इसकी सभा को सत्संग ना कहें। क्योंकि सत्संग भगवान का होता है।

3. यह सनातन धर्म का प्रचार नहीं करता था। ये स्वनिर्मित मानवता धर्म की शिक्षा देते।

4. यह भगवा/गेरुआ वस्त्र Show more



427 · 1.4K · 4.3K · 412K

अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com

# अहिंसा, शांति व परस्पर सदभाव धर्म का मूल आधार


नवीन कुमार सहाय

***विश्व*** के सभी धर्मों में हिंदू धर्म को सर्वाधिक उदारवादी एवं समन्वयवादी माना जाता रहा है। अहिंसा ,शांति एवं परस्पर सदभाव इस धर्म का मूल आधार है । इसलिए प्राचीन काल से लेकर आज तक जिस किसी भी धर्म अथवा जाति के अनुयायी भारत में आए उनका भारतीयों द्वारा आतिथ्यपूर्ण स्वागत किया गया और उन्हें पर्याप्त सम्मान दिया गया । परंतु भारतीयों की इस उदारता का गलत लाभ समय-समय पर अन्य धर्मों के प्रचारको अथवा शासको द्वारा उठाया गया । यहां के हिंदुओं को कभी मुसलमान द्वारा और कभी ईसाइयों द्वारा प्रलोभन अथवा भय दिखा कर धर्मांतरण के लिए बाध्य किया गया। मध्यकाल के आरंभ में मोहम्मद गजनवी और मोहम्मद गोरी तथा उनके उत्तराधिकारियों ने भारत में बलपूर्वक धर्मांतरण का ही सहारा लिया था। धर्मांतरण के मुख्य कारण हैं गरीबी, अशिक्षा, पिछड़ापन, शोषण, बेरोजगारी छुआछूत, सामाजिक संकीर्णता तथा वर्ण भेद आदि । जिन क्षेत्रों में विदेशी आक्रमणकारियों या विदेशी व्यापारियों का आगमन हुआ उन क्षेत्रों में काफी कठोर नीतियां भी धर्मांतरण के लिए जिम्मेदार थी। मुगल शासन काल में जजिया कर द्वारा गरीब जनता पर बड़ा बोझ लाद दिया गया था जिससे आम लोग धर्मांतरण के लिए मजबूर हो गये। वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य सेवा व कुष्ठ सेवा के नाम पर धर्म परिवर्तन कराना कहां तक उचित है यह मुझे समझ में नहीं आता जबकि सनातन धर्मावलंबी सेवा परमो धर्मा को आत्मसात करते हुए सेवा करते हैं, चाहे वह व्यक्ति किसी जाति धर्म का ही क्यों ना हो। आदिवासी बहुल क्षेत्र में यह प्रचार बहुत जोर-शोर से हो रहा है कि जनजातीय समाज के लोग हिंदू नहीं है, यह भ्रम फैलाकर धर्मान्तरण कराया जा रहा है जबकि जनजातीय समाज की परंपरा यह बताती है कि वह हिंदू ही हैं, जन्मजात सनातनी है। आज भी जनजातीय समाज के 80% लोग अपना धर्म हिंदू ही लिखते हैं यूं तो हमारा देश धर्मनिरपेक्ष है और यह सारा खेल इसी शब्द की आड़ में खेला जा रहा है। जब हिंदू से मुस्लिम और इसाई बनते हैं तो किसी भी तथाकथित धर्मनिरपेक्ष व्यक्ति को आपत्ति नहीं होती, लेकिन जब मामला इसके उलट होता है तो पूरे देश में हो -हल्ला मच जाता है कोई यह जानने की कोशिश नहीं करता कि इनमें से कितने लोगों ने लालच और बहकावे के कारण धर्मांतरण किया है। कितने हिंदुओं ने बाइबिल या कुरान पढ़ कर समझ कर धन्मांतरण किया है? हिंदू से धर्मांतरित होने का मतलब है देश का एक और विभाजन पाकिस्तान भी तो मुसलमानों की ज्यादा संख्या होने के कारण ही बना था देश में जहां-जहां हिंदुओं की संख्या कम हुई वहां अलगाववादी सुर तेज हुए हैं। धर्मांतरण दीमक की तरह देश को खोखला करने की कोशिश में लगा हुआ है सब कुछ जानते हुए भी हम सबों का चुप रहना एक पाप है, लव जिहाद और धर्मांतरण सभ्य समाज के लिए क्या अभिशाप है जिनका धर्म परिवर्तन होता है उनका अपना अतीत नष्ट होता है अपना इतिहास कुचला जाता है। आज के इस कठिन दौर में हिंदू समाज का कर्तव्य और भी बढ़ जाता है कि वह जनजातीय समाज में जाकर उनको अपनी गौरवपूर्ण सनातन संस्कृति के बारे में बताएं।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**



## बोधि वृक्ष

# 400 साल पुराना है रानी सती का यह मंदिर

***राजस्थान*** के मारवाड़ी लोगों का दृढ़ विश्वास है कि रानी सतीजी, स्त्री शक्ति की प्रतीक और मां दुर्गा का अवतार थीं। उन्होंने अपने पति के हत्यारे को मार कर बदला लिया और फिर अपनी सती होने की इच्छा पूरी की। रानी सती मंदिर भारत के सबसे अमीर मंदिरों में से एक है। वैसे अब मंदिर का प्रबंधन सती प्रथा का विरोध करता है। मंदिर के गर्भ गृह के बाहर बड़े अक्षरों में लिखा है- हम सती प्रथा का विरोध करते हैं। मंदिर सुबह 5 बजे से दोपहर एक बजे तक और शाम 3 बजे से रात्रि 10 बजे तक खुला रहता है। मंदिर के गर्भ गृह में निकर और बरमुडा पहने लोगों का प्रवेश वर्जित है। मंदिर का दफ्तर सुबह 9 बजे से शाम 8 बजे तक खुला रहता है। राजस्थान के झुंझुनू में स्थित है रानी सती का मंदिर। शहर के बीचों-बीच स्थित मंदिर झुंझुनू शहर का प्रमुख दर्शनीय स्थल है। बाहर से देखने में ये मंदिर किसी राजमहल सा दिखाई देता है। पूरा मंदिर संगमरमर से निर्मित है। इसकी बाहरी दीवारों पर शानदार रंगीन चित्रकारी की गई है। मंदिर में शनिवार और रविवार को खास तौर पर श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती है।



(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

### Google Photos : अब वीडियो को बनाएं 'सिनेमैटिक', नया फीचर हुआ लॉन्च

***सिनेमैटिक*** फीचर का मुख्य उद्देश्य है आपके वीडियो को एक प्रोफेशनल टच देना, जिससे वे अधिक आकर्षक और प्रभावशाली दिखें। इस फीचर के तहत उपयोगकर्ताओं को निम्नलिखित सुविधाएं मिलेंगीः

**1. ऑटोमैटिक एडजस्टमेंट्सः** इस फीचर का उपयोग करते समय, Google Photos स्वचालित रूप से वीडियो के विभिन्न पहलुओं को समायोजित करेगा जैसे कि रंग, कंट्रास्ट, और ब्राइटनेस। इससे वीडियो का पूरा मूड बदल जाएगा और वह अधिक सिनेमैटिक दिखेगा।

**2. मोशन इफेक्ट्सः** यह फीचर वीडियो में हल्के मोशन इफेक्ट्स जोड़ेगा, जिससे वीडियो में गतिशीलता और गहराई बढ़ेगी। इससे वीडियो और अधिक जीवंत और वास्तविक महसूस होगा।

**3. स्मार्ट फ्रेमिंगः** स्मार्ट फ्रेमिंग तकनीक के माध्यम से वीडियो के महत्वपूर्ण हिस्सों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इससे यह सुनिश्चित होगा कि वीडियो का सबसे महत्वपूर्ण भाग हमेशा फ्रेम के केंद्र में हो और दर्शकों का ध्यान आकर्षित करे।



**4. एडवांस्ड एआई फिल्टर्सः** इस फीचर में एडवांस्ड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया गया है जो कि वीडियो की गुणवत्ता को सुधारने और उसे सिनेमैटिक लुक देने में सहायता करेगा। यह फीचर वीडियो में विभिन्न प्रकार के फिल्टर्स और इफेक्ट्स को जोड़कर उसे और अधिक आकर्षक बना देगा।

(क्रमशः)

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.-0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# बिहार के सीवान जिले में गंडकी नदी पर बना पुल गिरा

एजेंसी

**पटना।** बिहार में पुलों के गिरने का सिलसिला लगातार जारी है। इस बीच सीवान जिले में गंडकी नदी पर बना पुल बुधवार सुबह धंस कर गिर गया। महाराजगंज अनुमंडल के देवरिया पंचायत के पड़ाइन टोलो के पास गंडकी नदी पर बने पुल का एक पिलर पहले बारिश के कारण धंस गया और फिर भरभराकर गिर गया। पुल के गिरने से इस मार्ग पर परिचालन बाधिक हो गया है। इस पुल के ध्वस्त होने से करीब एक दर्जन गांवों में आवागमन बाधित है।

इलाके के लोग खासे परेशान हैं कि अब जबतक पुल का निर्माण नहीं होगा उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा। इससे पहले भी सीवान में एक पुल ध्वस्त हो चुका है। इसके साथ मानसून की शुरूआत से अब तक आधा दर्जन से अधिक पुलों के गिरने की घटना बिहार में हो चुकी है।



पुल के ध्वस्त होने से करीब एक दर्जन गांवों में आवागमन बाधित है।

## कनकई नदी का कटाव जारी, 20 से 30 बीघा जमीन नदी के गर्भ में समाया

किशनगंज। जिले के दिघलबैंक प्रखंड क्षेत्र के सिंघीमारी पंचायत के डाकूपाड़ा गांव के पास कनकई नदी का कटाव लगातार जारी है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि जिला प्रशासन को कई बार सूचना दी गई। इसके साथ ही लिखित आवेदन भी दिया गया। इसके बाद भी अब तक कोई सुनवाई नहीं हुई है। ग्रामीण लगातार हो रहे कटाव को लेकर काफी हताश है। ग्रामीणों का कहना है बीते 12 से 14 दिनों में आधे दर्जन किसानों के 20 से 30 बीघा जमीन नदी के गर्भ में समा चुका है। ग्रामीणों का कहना है कि ठाकुरगंज विधायक अपने गांव में कटाव रोधी कार्य करवा रहें हैं पर उनको जनता की कोई परवाह नहीं है। पीड़ित लोगों में सत्यनारायण सिंह, प्रदीप कुमार, मंगलू लाल सिंह, दिनेश कुमार, महादेव साह सहित दर्जनों लोगों ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने बीते 29 जून को ही अंचलाधिकारी दिघलबैंक को आवेदन देकर इसकी सूचना दी थी। मामले में अब तक कोई भी अधिकारी जायजा लेने के लिए नही पहुंचे है। वहीं लोगों ने जिला प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों से कटाव को रोकने के लिए कटाव रोधी कार्य करने की मांग की है।

## एक नजर

### भुवनेश्वर : कर्ज में डूबे असिस्टेंट प्रोफेसर ने की बुजुर्ग पिता की हत्या

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर में एक निजी लॉ कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर ने बुधवार को रंगमटिया इलाके में पैसों से जुड़े विवाद में अपने बुजुर्ग पिता की चाकू घोंपकर हत्या कर दी। आरोपी असिस्टेंट प्रोफेसर अनिरुद्ध चौधरी शहर के मंचेस्वर थाना इलाके के अंतर्गत रंगमटिया क्षेत्र में अपने माता-पिता के निवास के पास एक अपार्टमेंट में अपनी पत्नी के साथ रहता था। लेकिन कुछ दिनों से वह अपने माता-पिता के अपार्टमेंट में रह रहा था। विवाद होने पर उसने अपने पिता सुनिल चौधरी की हत्या कर दी। सूत्रों के अनुसार, बुधवार तड़के अनिरुद्ध व उसके पिता के बीच पैसों को लेकर बहस हुई। इसी बीच गुस्साए अनिरुद्ध ने मां सुनीता के सामने अपने पिता पर धारदार हथियार से वार कर दिया। घायल सुनील चौधरी को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डीसीपी प्रतीक सिंह ने बताया कि मंचेस्वर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

# हाथरस घटना की न्यायिक जांच होगी : मुख्यमंत्री योगी

- *हाईकोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में गठित होगी कमेटी*
- *अधिकारियों की टीम पहले से जांच कर रही है*

एजेंसी

**हाथरस।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि हाथरस में हुई भगदड़ की घटना की न्यायिक जांच कराई जाएगी। हाई कोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में कमेटी गठित की जाएगी। उन्होंने बुधवार को यहां पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि इस घटना में 121 श्रद्धालुओं की मौत हुई है। इसमें उप्र के साथ हरियाणा, राजस्थान और मध्य प्रदेश के भी लोग थे। उप्र में हाथरस, बदायूं, कासगंज, अलीगढ़, एटा, हमीरपुर, आगरा, शाहजहांपुर, गौतमबुद्धनगर और लखीमपुर खीरी समेत 16 जिलों के श्रद्धालुओं की मौत हुई है। मृतकों में छह अन्य राज्यों के थे।

मुख्यमंत्री योगी ने बताया कि हाथरस, एटा, अलीगढ़ और आगरा में घायलों का इलाज चल रहा है। घायलों से मैंने बातचीत भी की। उन्होंने बताया कि हादसा कार्यक्रम के उपरांत हुआ है। इस कार्यक्रम में जो सज्जन कथा कहने आए थे, वह जाने लगे तो उन्हें छूने के लिए महिलाओं का हुजूम उनकी ओर बढ़ा। उसी में कुछ लोग गिर गए। उनके ऊपर लोग चढ़ते गए। फिर दुर्भाग्यपूर्ण घटना हो गयी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले तो आयोजकों ने प्रशासन को परिसर के अंदर जाने नहीं दिया। दुर्घटना के बाद पुलिस घायलों को इलाज के लिए ले जाने लगी तो सभी सेवादार भाग गए। प्रथम दृष्टया राहत एवं बचाव कार्य और फिर आयोजकों के बयान दर्ज करने, उनसे पूछ ताछ करने और कार्रवाई करने का कार्य किया जाएगा। इसे केवल हादसा कह कर टाला नहीं जा सकता। उसकी भी जांच होगी कि हादसा कैसे हुआ। हादसा नहीं तो क्या साजिश है। साजिश है तो दोषियों को ढूढ़ निकाला जाएगा। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। सीएम योगी ने कहा कि इस पूरे घटनाक्रम की जांच हाई कोर्ट के रिटायर जज की अध्यक्षता में गठित कमेटी से कराई जाएगी। एडीजी आगरा जोन के नेतृत्व में अधिकारियों की टीम पहले से जांच कर रही है। सरकार के तीन मंत्री हाथरस में कैम्प कर रहे हैं।



### इलाहाबाद हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर

सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को एक जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। याचिका में हाथरस भगदड़ की घटना की जांच के लिए शीर्ष न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश की निगरानी में पांच सदस्यीय विशेषज्ञ समिति गठित करने की मांग की गई है। याचिकाकर्ता विशाल तिवारी ने शीर्ष अदालत से अनुरोध किया है कि वह सभी राज्य सरकारों को निर्देश दे कि वे किसी भी धार्मिक आयोजन या अन्य कार्यक्रमों के आयोजन में जनता की सुरक्षा के लिए भगदड़ या अन्य घटनाओं को रोकने के लिए दिशा-निर्देश जारी करे, जहां बड़ी संख्या में लोग एकत्रित होते हैं, जिससे भविष्य में ऐसी घटनाओं न हो। वहीं इलाहाबाद उच्च न्यायालय में दायर एक अलग जनहित याचिका में सीबीआई से जांच और प्रमुख अधिकारियों के निलंबन की मांग की गई है।

## 10 साल की उम्र से ही बेटी के साथ महापाप कर रहा था अब्बाजान 101 साल की सजा

**केरल।** केरल के मल्लापुरम में एक विशेष फास्ट ट्रैक अदालत ने मोहम्मद एच को अपनी नाबालिग बेटी के साथ बलात्कार करने के लिए यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2012 (पॉक्सो अधिनियम), भारतीय दंड संहिता, और किशोर न्याय अधिनियम (जे जे अधिनियम) के विभिन्न प्रावधानों के तहत 101 साल की जेल और आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। पिछले हफ्ते, अदालत ने 43 वर्षीय व्यक्ति को सजा सुनाते हुए लड़की पर अपराध के आजीवन प्रभाव पर चिंता व्यक्त की। जज ने कहा कि आरोपी नाबालिग का पिता होने के नाते उसकी रक्षा करने के लिए बाध्य है और उसने उसके साथ जघन्य अपराध किया है। यह उसके बचपन से शुरू हुआ और 16 साल की उम्र में उसके गर्भवती होने तक जारी रहा। इसे सामान्य यौन अपराधों से नहीं जोड़ा जा सकता। हालाँकि आरोपी शैक्षिक और आर्थिक रूप से पिछड़े परिवार से आता है, फिर भी वह किसी दया का पात्र नहीं है।

## आज का राशिफल

**मेष:** जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवासए मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंग। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि व खर्चा बढ़ेगा।

**वृषभ:** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। कुछ आर्थिक चिंताएं भी कम होगी। नियोजित धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी।

**मिथुन:** बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

**कर्क:** शत्रुभय एवं चिंताए संतान को कष्टए अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। खान-पान में सावधानी रखें।

**सिंह:** महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय.व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कन्या:** शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानी पूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। कोई धार्मिक यात्रा करेंगे।

**तुला:** सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। किसी लाभदायक कार्य के लिए व्ययकारक स्थितियां आज पैदा होगी। प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे।

**वृश्चिक:** कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच आमोद-प्रमोद का दिन होगा। व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

**धनु:** प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। स्त्री.संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़े के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं।

**मकर:** कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंग। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा।

**कुम्भ:** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल एवं अवसाद रहेगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी।

**मीन:** व्यवसायिक अभ्युदय भी होगा और प्रसन्नताएं भी बढ़ेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अधिकारी वर्ग से आपकी निकटता बढ़ेगी। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंग।

## त्रिपुरा में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोप में नौ महिलाओं समेत 11 बांग्लादेशी गिरफ्तार



एजेंसी

**अगरतला।** भारत में बिना किसी वैध यात्रा दस्तावेज के प्रवेश करने के आरोप में अगरतला रेलवे स्टेशन से नौ महिलाओं समेत 11 बांग्लादेशी नागरिकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। रेलवे पुलिस (जीआरपी) के जवानों ने एक गुप्त सूचना के आधार पर ये कार्रवाई की। जीआरपी ने बांग्लादेशी नागरिकों को मंगलवार रात रेलवे स्टेशन से गुवाहाटी जाने वाली ट्रेन में चढ़ने से ठीक पहले गिरफ्तार किया। बांग्लादेशी नागरिकों ने जीआरपी कर्मियों को बताया कि वे नौकरी की तलाश में ट्रेन से दिल्ली या भारत के अन्य शहरों में जाने के लिए अवैध रूप से त्रिपुरा आए थे। त्रिपुरा पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि इस बात की जांच की जा रही है कि क्या ये बांग्लादेशी नागरिक किसी मानव तस्करी के प्रयास में शामिल तो नहीं है? कुल मिलाकर बीते चार दिनों में अगरतला रेलवे स्टेशन से 33 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि, पिछले दो महीनों में अब तक त्रिपुरा में पड़ोसी देश के 92 से ज्यादा नागरिकों को गिरफ्तार किया जा चुका है। सभी बांग्लादेशी नागरिक नौकरी की तलाश में भारत के अन्य राज्यों में जाने के इरादे से गुप्त रास्ते से त्रिपुरा में प्रवेश कर गए थे।

## नीतीश कुमार ने चयनित 9,888 अभ्यर्थियों को बांटे नियोजन पत्र

एजेंसी

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के तहत चयनित 9,888 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भूमि सर्वेक्षण के कार्य जल्दी पूरे हों, जिससे जमीन संबंधी विवाद को जल्द समाप्त किया जा सके। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के तहत जिन चयनित अभ्यर्थियों को नियोजन पत्र दिए गए हैं, उनमें 353 विशेष सर्वेक्षण सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी, 758 विशेष सर्वेक्षण कानूनगो, 742 विशेष सर्वेक्षण लिपिक एवं 8,035 विशेष सर्वेक्षण अमीन शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से 20 तथा राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने 5 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम के दौरान कुल 75 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए। शेष अभ्यर्थियों को सभी जिलों में प्रभारी मंत्रियों ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने प्रसन्न्ता जताते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि आज 9,888 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए हैं। अभी सभी जगह जमीन का झगड़ा होता है, जमीन विवाद के कारण हत्याएं होती है। 60 प्रतिशत मामला इससे जुड़ा होता है। यह तय हो जानी चाहिए कि जमीन किसकी है। इसके लिए बिहार में भूमि सर्वेक्षण कार्य शुरू किया गया।



## ज्ञानवापी मामला / सिविल जज कोर्ट में याचिका दाखिल किया

# 3 साल पुराने जमीन अदला-बदली को चुनौती

- *विश्वनाथ कॉरिडोर की सारी जमीन बाबा के नाम करने की याचिका के जरिए मांग*

एजेंसी

**वाराणसी।** विश्वनाथ कॉरिडोर के नाम पर समस्त अधिग्रहित भूमि जो परकोटे के अन्दर हैं, का स्वामित्व विश्वनाथ मंदिर का घोषित करने व अंजुमन इंतजामिया से जमीन की अदला बदली को चुनौती देने वाली याचिका दाखिल की गई है।

बनारस बार एसोसियेशन के पूर्व महामंत्री अधिवक्ता नित्यानंद राय ने सिविल जज सीनियर डिविजन हितेश अग्रवाल की अदालत में याचिका दाखिल किया है। याचिका में कहा गया है कि वादी आस्थावान हिंदू है और आदि विश्वेश्वर मंदिर जो श्री काशी विश्वनाथ मंदिर के रूप मे सार्वजनिक पूजास्थल के रूप मे उपयोग में लाया जाता है, पर होने वाले किसी भी अतिक्रमण को रोकने के लिये जागरूक रहता है। प्लाट नम्बर 8276 का स्वयं को मालिक बताते हुए अंजुमन इंतजामिया ने उत्तर प्रदेश सरकार से खरीदे गये भवन संख्या सी के 38/12,13 से अदला बदली कर ली। अंजुमन द्वारा इस प्लाट नम्बर 8276 पर अवस्थित बताया। मगर कोई प्रमाण नहीं दिया। अंजुमन ने कॉरिडोर को बनाने में हुए जल्दीबाजी का फायदा उठाते हुये विनिमय यानी अदला बदली का षड्यंत्र रचा। जल्दबाजी में उत्तर प्रदेश सरकार व अंजुमन के बीच 10 जुलाई 2021 को उपनिबंधक द्वितिय के यहां अदला बदली का निबंधन हुआ, जो गलत है। अदला बदली विलेख में भवन संख्या सी. के. 31/19 की चौहद्दी पूरब, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण में काशी विश्वनाथ मंदिर का उल्लेख है। याचिका में वादी नित्यानन्द राय ने प्रार्थना किया है कि विनिमय प्रलेख शून्य घोषित किया जाय तथा विश्वनाथ मंदिर परकोटे में आने वाले समस्त अराजियात, 8276, 9130, 9131, 9132, 9133, 9134, 9135 मौजा शहर खास, परगना देहात अमानत पर स्वामित्व श्री काशी विश्वनाथ मंदिर का घोषित किया जाय।



### अधिवक्ताओं ने रखा पक्ष

बता दें कि आज की तारीख में जो विश्वनाथ कॉरिडोर के लिये क्रय की गयी समस्त सम्पत्ति उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्यपाल के नाम से क्रय की हुयी है। वादी नित्यानन्द राय की तरफ से अधिवक्ता देशरत्न श्रीवास्तव व सर्वोच्च न्यायालय के अधिवक्ता गौरव सिंह ने बहस की। अदालत को बताया कि अंजुमन अदला बदली मे प्राप्त मकान का प्रकृति बदलना चाहता है। लिहाजा दिवानी प्रक्रिया संहिता की धारा 80 की नोटिस देने की अनिवार्यता से उन्मोचित कर तत्काल वाद दर्ज कर गुण दोष के आधार पर मुकदमें का निस्तारण किया जाय। सरकार की तरफ से विशेष अधिवक्ता राजेश मिश्रा ने मौखिक आपत्ति दर्ज करायी। इस मामले में मंगलवार देर शाम तक कोई आदेश पारित नहीं हुआ था।

## न्यूज बॉक्स

### सीतारमण से मिलने के बाद संजय झा ने कहा, सरकार आपदा को अवसर में बदलेगी



**पटना।** बिहार में बाढ़ का स्थायी समाधान निकालने की पहल शुरू हो गई है। जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि एनडीए की डबल इंजन की सरकार उत्तर बिहार में हर साल बाढ़ के रूप में आने वाली आपदा को अवसर में तब्दील करेगी। जदयू के राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा ने इसकी पूरी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए शेयर की है। उन्होंने बताया कि बिहार के विकास तथा उत्तर बिहार में बाढ़ के दीर्घकालिक समाधान से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से संसद भवन स्थित उनके कक्ष में मुलाकात की, जो काफी सार्थक रही। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्री ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और उच्चस्तरीय बैठक बुलाई।

### ममता के खिलाफ राज्यपाल आनंद बोस के मानहानि मामले पर सुनवाई टली



**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस द्वारा मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे की सुनवाई गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी है। बोस ने बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के अन्य नेताओं की कथित टिप्पणियों को लेकर मुख्यमंत्री के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। बोस के वकील द्वारा दायर याचिका में आवश्यक बदलाव किए जाने के बाद मामले की सुनवाई गुरुवार को होगी। बोस के वकील ने दावा किया कि राज्यपाल के खिलाफ निराधार आरोप लगाए जा रहे हैं।

### चोपड़ा हमला मामला : बंगाल पुलिस ने एक और आरोपी को किया गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल पुलिस ने बुधवार को उत्तर दिनाजपुर जिले के चोपड़ा में एक महिला पर हमला करने के मामले में सह-आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी का नाम बुद्ध मोहम्मद बताया गया है। बुद्ध मोहम्मद को इस मामले के मुख्य आरोपी ताजीमुल उर्फ जेसीबी का करीबी सहयोगी माना जाता है। जेसीबी पहले से ही पुलिस हिरासत में है। राज्य पुलिस सूत्रों ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में बुद्ध को जेसीबी के साथ देखा गया। इस बीच, तृणमूल कांग्रेस ने पार्टी विधायक हमीदुल रहमान की टिप्पणियों को सेंसर कर दिया है।

### अबूझमाड़ मुठभेड़ में पांच नक्सली ढेर, बड़ी मात्रा में हथियार व नक्सल सामग्री बरामद



**नारायणपुर।** छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र सीमा पर जवानों और नक्सलियों के बीच अबूझमाड़ के जंगल में मंगलवार सुबह हुई शुरू हुई मुठभेड़ देर शाम तक जारी रही। पूरी रात जवान जंगल में ही मौजूद रहे और बुधवार सुबह से सर्चिंग की गई। बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने इस मुठभेड़ में 5 नक्सलियों को मारे जाने की पुष्टि की है। मौके से मारे गये नक्सलियों के हथियार एवं नक्सल सामग्री भी बरामद की गई है। आईजी ने मुठभेड़ में कई नक्सलियों के घायल होने की भी संभावना जताई है। 5 नक्सलियों के मारे जाने की पुष्टि करते हुए उन्होंने बताया कि मुठभेड़ में शामिल सभी जवान सुरक्षित हैं। आज जवानों की वापसी के बाद विस्तृत जानकारी दी जाएगी।

### पटना जंक्शन से पहले कोसी एक्सप्रेस की कपलिंग टूटी, ट्रेनों का आवागमन प्रभावित



**पटना।** बिहार के पूर्णिया से हटिया जा रही कोसी एक्सप्रेस बुधवार को हादसे का शिकार होने से बच गयी। पटना जंक्शन पर पहुंचने के ठीक पहले कोसी एक्सप्रेस की कपलिंग टूट गयी और इसके जोरदार आवास से ट्रेन में सवार यात्री सहम गये। कोसी एक्सप्रेस पटना के राजेंद्र नगर टर्मिनल से सुबह 10:26 बजे खुली थी। ट्रेन धीमी गति से पटना जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 10 की ओर बढ़ रही थी। अधिकांश कोचों में यात्री अपनी जगह से उठ चुके थे और कोचों के दरवाजे की ओर बढ़ चुके थे। ट्रेन प्लेटफार्म संख्या 10 के आउटर पर जैसे ही पहुंची वहां तेज आवाज के साथ रुक गई। ट्रेन की गति धीमी होने के कारण एक बड़ा रेल हादसा टल गया। बाद में करीब डेढ़ घंटे तक ट्रेन को आउटर पर रखा गया। कपलिंग टूटने की खबर सुनकर रेलवे के तकनीकी टीम ने वहां पहुंचकर कपलिंग को जोड़ा। इसके बाद ट्रेन को पटना जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या 10 पर ले जाया गया। दोपहर एक बजे तक ट्रेन पटना जंक्शन पर ही खड़ी रही। इस बीच कई ट्रेनों का आवागमन प्रभावित हुआ। श्रमजीवी एक्सप्रेस, सहरसा राज्यरानी एक्सप्रेस, न्यू जलपाईगुड़ी, वंदे भारत एक्सप्रेस जैसी कई ट्रेनों को पटना पहुंचने में देरी हुई। साथ ही पटना जंक्शन से खुलने वाली कई ट्रेनें भी निर्धारित समय से विलंब से खुलीं।

### पटना हाईकोर्ट से आरक्षण रद्द होने पर ही बिहार सरकार गई एससी : भगवान सिंह कुशवाहा



**पटना।** आरक्षण पर पटना हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ बिहार सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। बिहार सरकार के वकील मनीष सिंह ने हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की है। याचिका में हाईकोर्ट के फैसले पर अंतरिम रोक लगाने की मांग की गई है। इस पर जेडीयू नेता ने कहा कि ये तो हमारा दायित्व है। बिहार सरकार के सुप्रीम कोर्ट पहुंचने पर जदयू नेता भगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि यह तो हमारा दायित्व है। जातीय जनगणना के बाद जनसंख्या के आधार पर सर्वसम्मति से आरक्षण की सीमा बढ़ाई गई थी। पटना हाईकोर्ट ने सरकार के आरक्षण के फैसले को रद्द किया, इसलिए हमारी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया है। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के साथ-साथ भारत सरकार से आग्रह किया है कि इसको नवमी सूची में शामिल किया जाए, इसे संविधान का एक अंग बनाया जाए, क्योंकि ये पिछडों और गरीबों से जुड़ा हुआ मामला है। हमने आरक्षण इसलिए दिया था ताकि इनलोगों को लाभ मिले।

## एक नजर

### बांग्लादेश के शाकिब का भारत दौरे में खेलना अनिश्चित

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश के अनुभवी बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने कहा कि वह इस साल सितम्बर-अक्टूबर में होने वाले भारत दौरे का हिस्सा बनने को लेकर अनिश्चय की स्थिति में हैं। बांग्लादेश को 19 सितंबर से 12 अक्टूबर तक भारत के खिलाफ दो टेस्ट और तीन टी20 मैच खेलने हैं, जिसके मेजबान शहर चेन्नई, कानपुर, धर्मशाला, नई दिल्ली और हैदराबाद होंगे। उनकी भारत यात्रा अगस्त में पाकिस्तान के दो मैचों के टेस्ट दौरे के बाद होगी। 2024 पुरुष टी20 विश्व कप में खेलने के बाद, शाकिब 5 जुलाई से यूएसए में शुरू होने वाले आगामी मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) सीजन दो में लॉस एंजेलिस नाइट राइडर्स के लिए खेलने को तैयार हैं। शाकिब ने यूएसए के लिए प्रस्थान करने से पहले हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा,मेरे पास ज्यादा योजनाएं नहीं हैं।

### विनेश ने स्पेन का वीजा पाने के लिए अधिकारियों से 'तत्काल मदद' मांगी

**नई दिल्ली।** विश्व चैंपियनशिप की पदक विजेता महिला पहलवान विनेश फोगाट ने स्पेन के लिए वीजा में देरी होने पर बुधवार को खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, विदेश मंत्रालय और अन्य अधिकारियों से तत्काल मदद मांगी। विनेश, जो मैड्रिड में स्पेन की ग्रां प्री 2024 में प्रतिस्पर्धा करेगी, उसकी उड़ान आज रात (बुधवार रात) के लिए निर्धारित है, लेकिन उसे अभी तक अपना वीजा नहीं मिला है। विनेश ने एक्स को संबोधित करते हुए संबंधित अधिकारियों से मामले की निगरानी करने का अनुरोध किया। उन्होंने अपने पोस्ट में विदेश मंत्रालय के साथ-साथ खेल मंत्री और बेंगलुरु में फ्रांस के महावाणिज्य दूतावास को भी टैग किया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, प्रिय अधिकारियों, मैं तत्काल मदद का अनुरोध कर रही हूं।

### भारतीय टीम को लेकर विशेष विमान गुरुवार सुबह पहुंचेगा दिल्ली

# विश्व कप ट्रॉफी घर आ रहा है : बीसीसीआई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

एयर इंडिया का एक विशेष विमान बुधवार को टी20 क्रिकेट विश्व कप चैंपियन भारतीय टीम को घर ले जाने के लिए बारबाडोस हवाई अड्डे पर उतरा, जो तूफान बेरिल के मद्देनजर हवाई अड्डे बंद होने के कारण वेस्टइंडीज में फंस गए हैं। भारतीय टीम को लेकर विशेष विमान गुरुवार सुबह दिल्ली पहुंचेगा। उनके रवाना होने से पहले, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने विश्व कप ट्रॉफी का एक वीडियो पोस्ट किया, जिसे भारत ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत के साथ जीता था। वीडियो के साथ बीसीसीआई ने लिखा, यह घर आ रहा है। बीसीसीआई सचिव जय शाह द्वारा व्यवस्थित विशेष चार्टर्ड फ्लाइट में भारतीय मीडिया के सदस्य भी होंगे, जो टूनामेंट को कवर करने गए थे, लेकिन तूफान के कारण फंस गए थे।




### खिलाड़ियों से कल मुलाकात करेंगे प्रधानमंत्री



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल 4 जुलाई को सुबह 11 बजे टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय टीम के खिलाड़ियों से मिलेंगे। राज्यसभा सदस्य और बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला का टी-20 वर्ल्ड कप विजेता टीम इंडिया की देश वापसी पर यह जानकारी आज मीडिया को दी। राजीव शुक्ला ने कहा, बीसीसीआई द्वारा किराए पर ली गई एयर इंडिया की विशेष फ्लाइट से भारतीय टीम बारबाडोस से रवाना हो गई है। उन्होंने कहा जो भारतीय पत्रकार वहां (बारबाडोस) फंसे हुए थे, वे भी उसी फ्लाइट से आ रहे हैं। यह फ्लाइट कल 4 जुलाई की सुबह 6 बजे दिल्ली हवाई अड्डे पर उतरेगी। उन्होंने आगे कहा कि कल 4 जुलाई की सुबह 11 बजे प्रधानमंत्री भारतीय टीम से अपने आवास पर मुलाकात करेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इसके बाद टीम नरीमन प्वाइंट मुंबई के लिए उड़ान भरेगी और हम यहां पर खिलाड़ियों को सम्मानित करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय क्रिकेट टीम ने 29 जून को दक्षिण अफ्रीका के बारबाडोस में हुए टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को रोमांचक मुकाबले में सात रन से हराकर इतिहास रचा है।

### सीए ने त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारत, पाक की मेजबानी में दिखाई रुचि

**मेलबर्न।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के सीईओ निक हॉकले ने एशियाई चिर प्रतिद्वंद्वी भारत और पाकिस्तान की त्रिकोणीय श्रृंखला की मेजबानी में रुचि व्यक्त की, उन्होंने कहा कि बोर्ड श्रृंखला की सुविधा में मदद करने के लिए तैयार है। उल्लेखनीय है कि भारत और पाकिस्तान ने 2012-13 के पाकिस्तान दौरे के बाद से कोई द्विपक्षीय क्रिकेट नहीं खेला है, क्योंकि दोनों देशों के बीच राजनीतिक संबंध तनावपूर्ण हैं और तब से उनके सभी मैच प्रमुख अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के व्हाइट-बॉल इवेंट और एशिया कप टूनामेंट में हुए हैं। एक ऑनलाइन प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान हॉकले ने इन पारंपरिक प्रतिद्वंद्वियों के बीच मैचों को लेकर उत्साह और प्रत्याशा व्यक्त की है। सीए के बयान के अनुसार हॉकले ने कहा, पाकिस्तान और भारत पारंपरिक प्रतिद्वंद्वी टीमें हैं; उनके मैचों को लेकर काफी उत्साह है।

# आईसीसी की ताजा रैंकिंग में नंबर 1 टी20 ऑलराउंडर बने हार्दिक पांड्या

**एजेंसी। नई दिल्ली**

टी-20 विश्व कप के फाइनल में भारतीय जीत के सूत्रधार रहे हार्दिक पांड्या बुधवार को जारी हरफनमौला खिलाड़ियों की आईसीसी टी20आई रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गए हैं। पांड्या श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा की बराबरी पर पहुंच गए। उन्होंने टी20 विश्व कप 2024 में शानदार प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने 151.57 की स्ट्राइक रेट से 144 रन बनाए और आठ मैचों में 11 विकेट लिए। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ फाइनल में हार्दिक ने हेनरिक क्लासेन और डेविड मिलर के महत्वपूर्ण विकेट लिए और आखिरी ओवर में 16 रन बचाकर भारत को अपना दूसरा टी20 विश्व कप खिताब जीतने में मदद की। टी20 ऑलराउंडर रैंकिंग के शीर्ष 10 में अन्य बदलावों में मार्कस स्टोइनिस, सिकंदर रजा, शाकिब अल हसन और लियाम लिविंगस्टोन एक स्थान ऊपर चढ़े, जबकि अफगानिस्तान के मोहम्मद नबी चार स्थान गिरकर शीर्ष पांच से बाहर हो गए।



**ऑलराउंडर रैंकिंग**

1. हार्दिक पांड्या (भारत)
2. वानिंदु हसरंगा (श्रीलंका)
3. मार्कस स्टोइनिस (ऑस्ट्रेलिया)
4. सिकंदर रजा (जिम्बाब्वे)
5. शाकिब अल हसन (बांग्लादेश)
6. मोहम्मद नबी (अफगानिस्तान)
7. दीपेंद्र सिंह ऐरी (नेपाल)
8. लियाम लिविंगस्टोन (इंग्लैंड)
9. एडेन मार्कराम (दक्षिण अफ्रीका)
10. मोईन अली (इंग्लैंड)

### शुभमन गिल की अगुआई में युवा भारतीय नई टीम जिम्बाब्वे रवाना

# जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू होगा टी20 श्रृंखला

**एजेंसी। हरारे**

कप्तान शुभमन गिल और कोच वीवीएस लक्ष्मण कोच के नेतृत्व में युवा भारतीय क्रिकेट टीम छह जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला खेलने के लिए यहां पहुंच गई है। जिम्बाब्वे क्रिकेट (जेडसी) द्वारा एक्स पर पोस्ट किए गए वीडियो में टीम को अपने सामान के साथ एयरपोर्ट से बाहर निकलते देखा गया।



पूरी टीम मंगलवार को मुंबई से रवाना हुई थी, जबकि गिल, जो अमेरिका में टी20 विश्व कप टीम के साथ यात्रा करने वाले रिजर्व थे, ब्रेक के बाद न्यूयॉर्क से यहां पहुंचे। जेडसी ने मंगलवार रात एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, हम टी20 विश्व कप चैंपियन भारत का स्वागत करते हैं। युवा शीर्ष क्रम के बल्लेबाज रियान पराग, जो श्रृंखला में भारत के लिए पदार्पण करेंगे, ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि उनका बचपन से ही इस तरह (राष्ट्रीय टीम के साथ) यात्रा करने का सपना था। उन्होंने कहा, भारत की जर्सी पहनना और टीम के साथ यात्रा करना अलग अनुभव है। असम से आने के कारण मेरा सपना भारत के लिए खेलना था। मैं वाकई बहुत खुश हूं। जब मैं अपना पहला मैच खेलूंगा तो जिम्बाब्वे के लिए मेरा एक खास रिश्ता होगा। यह उस मैदान और मेरे लिए एक खास पल होगा, जो बहुत पवित्र होगा।
पराग ने कहा, पासपोर्ट और फोन खोने के बाद हम आखिरकार 20 घंटे की यात्रा के बाद यहां पहुंचे हैं। अब मैं इस दौरे का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। एक अन्य नए खिलाड़ी मध्यम गति के गेंदबाज तुषार देशपांडे ने कहा कि राष्ट्रीय टीम में होने का अहसास धीरे-धीरे बढ़ रहा है और यह मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा है। देश के लिए खेलना एक बहुत ही खास बात है। देशपांडे ने कहा, टीम के साथ यात्रा करना सबसे महत्वपूर्ण है और उन्हें जानना, टीम के माहौल को जानना और मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण यात्रा के दौरान होने वाला मजा है।

### एसजीएफआई नेशनल के लिए झारखंड को चार खेलों की मेजबानी




**रांची।** राष्ट्रीय स्कूली खेल 2024-25 (एसजीएफआई) के लिए झारखंड को चार खेलों की मेजबानी मिली है। इसकी सूचना एसजीएफआई ने पत्र के माध्यम से दी है। झारखंड को एथलेटिक्स अंडर 14 एवं 19 बालक-बालिका, साइक्लिंग के सभी ट्रैक इवेंट, हॉकी अंडर 19 बालक-बालिका एवं टेनिस अंडर 19 बालक-बालिका के राष्ट्रीय प्रतियोगिता की मेजबानी मिली है। राज्य परियोजना निदेशक आदित्य रंजन ने बताया कि सभी चारों खेलों का आयोजन स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड सरकार की मेजबानी में रांची में आयोजित की जाएगी।

### एशियाई आर्मरेसलिंग अंतरराष्ट्रीय कप का आयोजन भारत में

# 1200 से ज्यादा आर्म रेसलर लेंगे हिस्सा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत इस साल के अंत में एशियाई अंतरराष्ट्रीय कप की मेजबानी करने के लिए तैयार है। यह टूनामेंट 19-26 अक्टूबर 2024 तक मुंबई में होगा। पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (पीएएफआई) ने बुधवार को उक्त जानकारी दी। पीपुल्स आर्मरेसलिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, वर्ल्ड आर्मरेसलिंग फेडरेशन (डब्ल्यूएएफ) और एशियन आर्मरेसलिंग फेडरेशन (एएएफ) के साथ मिलकर इस इवेंट का आयोजन करेगा। इस प्रतिष्ठित टूनामेंट में कुल 350-400 विदेशी प्रतिभाएँ और भारत से 800 से ज्यादा आर्म रेसलर हिस्सा लेंगे। इसके बाद एशियन इंटरनेशनल कप होगा, जिसमें एशियन और वर्ल्ड चैंपियनशिप जैसी ही श्रेणियाँ होंगी और इसमें 15 एशियाई देशों के एथलीट हिस्सा लेंगे। पीपुल्स आर्मरेस्लिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) की अध्यक्ष प्रीति झंगियानी ने भारत द्वारा एशियाई अंतरराष्ट्रीय कप की मेजबानी पर अपने विचार व्यक्त किए। पीएएफआई की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रीति ने कहा, पीपुल्स आर्म रेसलिंग फेडरेशन इंडिया (पीएएफआई) के लिए यह बहुत सम्मान और गर्व की बात है कि हमें प्रतिष्ठित एशियाई आर्म रेसलिंग कप की मेजबानी का अधिकार मिला है। भारत एक लंबे अंतराल के बाद किसी अंतरराष्ट्रीय आर्म रेसलिंग टूनामेंट की मेजबानी करेगा। प्रीति ने कहा, 15 से अधिक एशियाई देशों के शीर्ष एथलीट इसमें भाग लेंगे और यह हमारे सभी भारतीय खिलाड़ियों के लिए अपने घरेलू मैदान पर एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेने का एक बड़ा अवसर है! यह आयोजन भारतीय आर्मरेसलिंग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और हमारे एथलीटों को आगे लाने की हमारी 5-वर्षीय योजना का हिस्सा है, जिन्होंने पहले ही अंतरराष्ट्रीय टूनामेंटों में बहुत अच्छा प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है।




## व्यापार/लाइफ व साइंस

### भारत में बीएमडब्ल्यू कार की बिक्री 21 प्रतिशत बढ़ी

**नई दिल्ली।** भारत में लग्जरी कार बनाने वाली कंपनी बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया की बिक्री में 2024 की पहली छमाही में 21 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। बीएमडब्ल्यू ग्रुप इंडिया भारत में बीएमडब्ल्यू और मिनी ब्रांड के तहत कारों की बिक्री करता है। वहीं, बीएमडब्ल्यू मोटरराड के तहत बाइकों की बिक्री करता है। पहली छमाही में बीएमडब्ल्यू ब्रांड के तहत 6,734 कारों और मिनी के तहत 364 कारों की बिक्री हुई है। वहीं, बीएमडब्ल्यू मोटरराड ने 3,614 मोटरसाइकिलों की बिक्री की है। कंपनी की ओर से इस दौरान 397 इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री की गई है।

### पेटीएम ने मात्र 35 रुपये प्रति माह पर 'हेल्थ साथी' प्लान किया लांच

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन पेमेंट प्लेटफॉर्म पेटीएम ने अपने मर्चेंट पार्टनर्स के लिए एक विशेष स्वास्थ्य और आय सुरक्षा योजना मात्र 35 रुपये प्रति माह पर 'हेल्थ साथी' प्लान लॉन्च किया है। पेटीएम ने बुधवार को एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड (ओसीएल) ने अपने मर्चेंट पार्टनर्स के लिए एक विशेष स्वास्थ्य और आय सुरक्षा योजना 'पेटीएम हेल्थ साथी' लॉन्च किया है। ये योजना 'पेटीएम फॉर बिजनेस' एप पर उपलब्ध है। पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व रखने वाली कंपनी ने कहा कि हम अपने व्यापारी भागीदारों की भलाई का ख्याल रखते हैं।

# एआई से उत्पन्न जोखिमों का समाधान सामूहिक वैश्विक प्रयासों से होगा मुमकिन

### एआई से उत्पन्न खतरों से निपटने के लिए वैष्णव ने सामूहिक प्रयासों का किया आह्वान

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को कहा कि दुनिया के सभी देश और समाज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से उत्पन्न नए खतरों तथा जोखिमों को लेकर जागरूक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी चुनौतियों का प्रभावी समाधान केवल सामूहिक वैश्विक प्रयासों से ही मुमकिन है। सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने यहां 'ग्लोबल इंडिया एआई शिखर सम्मेलन' 2024 का उद्घाटन करने के बाद यह बात कही। वैष्णव ने अपने संबोधन में कहा कि एआई मिशन में भारत का दृष्टिकोण प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण करना होगा। उन्होंने कहा कि बदलाव और सामाज कल्याण के लिए एआई की क्षमता स्पष्ट है। दुनियाभर के देश इस नई प्रौद्योगिकी से होने वाले खतरों तथा जोखिमों को भी पहचानते हैं। इस अवसर पर केंद्रीय सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद रहे। वैष्णव ने आगे कहा कि भारत का मानना है कि एआई उसकी कई आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक शक्तिशाली उपकरण हो सकता है। हालांकि, एआई से जुड़े जोखिमों को कम करने की भी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि पिछला साल एआई की यात्रा में महत्वपूर्ण रहा है, जिसमें इसकी क्षमता विभिन्न क्षेत्रों में स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। इस बात को लेकर बहुत उत्साह है कि कैसे एआई हमारे जीने, व्यवसाय करने और हमारे समाज की संरचना को महत्वपूर्ण रूप से बदल सकता है। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि इंडिया एआई मिशन को इस वर्ष के शुरूआत में ही मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी थी, उसे अगले दो से तीन महीने में पेश किया जाएगा। गौरतलब है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने इस वर्ष मार्च में इंडिया एआई मिशन के लिए 10,300 करोड़ रुपये से अधिक के आवंटन को अपनी मंजूरी दी थी। यह भारत के एआई परिवेश को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।




# इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचने वाली कंपनियों का वारंटी के नाम पर भरमाने का बंद होगा खेल

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक सामान बेचने वाली कंपनियों पर सख्त रुख अख्तियार किया है। सरकार का कहना है कि वॉरंटी के नाम पर उपभोक्ताओं को धोखा देने की कोशिश न की जाए।

सरकार का स्पष्ट निर्देश है कि इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने वाली कंपनियां वॉरंटी को लेकर ग्राहकों को साफ-साफ जानकारी मुहैया करवाएं। कंपनियां उत्पाद खरीदने वालों को उत्पाद की वॉरंटी अवधि के बारे में सही जानकारी उपलब्ध कराएं। केंद्र सरकार ने कहा कि किसी भी इलेक्ट्रॉनिक उत्पाद की वारंटी उसकी बिक्री की तारीख से होती है न कि मैन्युफैक्चरिंग डेट से। इस तरह की शर्त रखने उत्पाद की वारंटी कम हो जाती है। रिपोर्ट की मानें, तो उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की धारा 2(9) के तहत ग्राहक को किसी भी उत्पाद की सर्विस, गुणवत्ता, मात्रा, क्षमता, शुद्धता, मानक और कीमत के बारे में बिक्री से पहले सूचना पाने का अधिकार है।

**असली वारंटी काफी कम समय की होती है**

अक्सर देखने में आता है कि उपभोक्ता को उत्पाद की वारंटी के बारे में काफी घुमा-फिराकर बताया जाता है, जिसमें कई शर्तें छुपी होती हैं। सामान पर 5 से 10 साल की वॉरंटी की बात कही जाती है, जबकि उसके विवरणों का बारीकी से अध्ययन करने पर असली वारंटी काफी कम समय की होती है। उसमें भी तमाम तरह की शर्तें भी जोड़ी गई होती हैं।



**भ्रामक विज्ञापनों पर सख्ती की तैयारी**

केंद्र सरकार जल्द ही उपभोक्ता हितों की रक्षा के लिए 125-दिवसीय योजना के तहत आईएएस कोचिंग संस्थानों के लिए भ्रामक विज्ञापनों, सरोगेट विज्ञापनों, ग्रीनवाशिंग और अनचाहे कॉल पर दिशा-निर्देश जारी करेगी। भ्रामक विज्ञापनों और लोगों को खरीदारी के लिए लुभाने वाली अनैतिक भ्रामक प्रथाओं के माध्यम से उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन के बढ़ते मामलों के कारण यह कदम उठाया जाएगा।

# कोयला उत्पादन जून में 14.5% बढ़कर 84.6 मिलियन टन पहुंचा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत का कोयला उत्पादन जून में रिकॉर्ड 14.5 प्रतिशत बढ़कर 84.63 मिलियन टन हो गया है, जो कि पहले पिछले वर्ष समान अवधि में 73.92 मिलियन टन था। कोयला मंत्रालय की ओर से जारी किए गए ताजा आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) द्वारा जून में 63.10 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया गया। इसमें सालाना आधार पर 8.87 प्रतिशत की बढ़त हुई है। पिछले वर्ष यह 57.96 मिलियन टन था। वहीं, अन्य कंपनियों द्वारा बीते महीने 16.03 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया गया। पिछले वर्ष के मुकाबले इसमें 55.49 प्रतिशत की बढ़त हुई है। जून 2024 में सीआईएल की ओर से 64.10 मिलियन टन कोयला पहुंचाया गया। इसमें सालाना आधार पर 5.41 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पिछले वर्ष समान अवधि में ये आंकड़ा 60.81 मिलियन टन था।



# मजबूती के नए शिखर पर शेयर बाजार

**एजेंसी। नई दिल्ली**

घरेलू शेयर बाजार ने आज फिर ओपनिंग के साथ ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड बनाया। सेंसेक्स आज पहली बार 80 हजार अंक के ऊपर खुला। इसी तरह निफ्टी भी पहली बार 24,300 अंक के स्तर को पार करने में सफल रहा। हालांकि बीच में मामूली बिकवाली होने की वजह से इन दोनों सूचकांकों को झटका भी लगता रहा। बावजूद इसके शेयर बाजार लगातार हरे निशान में बना हुआ है। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.61 प्रतिशत और निफ्टी 0.59 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा और ब्रिटानिया के शेयर 2.96 प्रतिशत से लेकर 1.43 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टीसीएस, अल्ट्राटेक सीमेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स और मारुति सुजुकी के शेयर 1.06 प्रतिशत से लेकर 0.43 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,243 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी।

**सेंसेक्स 80 हजार पार**



# भारत में प्राइवेट इक्विटी और वेंचर कैपिटल निवेश 54% बढ़ा : रिपोर्ट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत में प्राइवेट इक्विटी (पीई) और वेंचर कैपिटल (वीसी) की ओर से किया जाने वाला निवेश मई में सालाना आधार पर 54 प्रतिशत बढ़कर 6.9 अरब डॉलर हो गया। ईवाई-आईवीसीए की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में बताया गया है कि मई 2024 में रियल एस्टेट और इंफ्रास्ट्रक्चर में निवेश सालाना आधार पर 67 प्रतिशत बढ़कर 2.5 अरब डॉलर हो गया है, जो कि मई 2023 में 1.5 अरब डॉलर था। यह अप्रैल 2024 के मुकाबले 183 प्रतिशत अधिक है। मई 2024 में कुल डील की संख्या सालाना आधार पर 45 प्रतिशत से बढ़कर 100 हो गई है, जो कि मई 2023 में 69 थी। शुद्ध रूप से पीई/वीसी का निवेश मई 2024 में 47 प्रतिशत बढ़कर 4.4 अरब डॉलर हो गया है, जो कि मई 2023 में 3 अरब डॉलर पर था। मई 2024 में पीई/वीसी निवेशकों की ओर से ग्रोथ इन्वेस्टमेंट डील की गई है।



# राज्य में बांग्लादेशी घुसपैठियों पर हाईकोर्ट का निर्देश स्वागत योग्य : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्य के पहले मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने बुधवार को राज्य में बड़ी संख्या में अवैध रूप से रह रहे बंगालादेशी घुसपैठियों को बाहर निकालने केलिए राज्य सरकार को हाई कोर्ट की ओर से दिए गए निर्देश का स्वागत किया है। मरांडी ने कहा कि भाजपा लंबे समय से बांग्लादेशी घुसपैठियों के खिलाफ सदन से सड़क तक आवाज उठा रही है। आज पूरे प्रदेश में राज्य सरकार की तुष्टिकरण नीति के कारण घुसपैठियों को संरक्षण प्राप्त है। उनके सरकारी दस्तावेज बन रहे। कहा कि स्थिति ऐसी भयावह हो चुकी है कि पूरे संथाल परगना की डेमोग्राफी ही बदल गई है। कहा कि राज्य सरकार के संरक्षण में आदिवासी समाज की जमीन पर घुसपैठियों का कब्जा हो रहा। लव जिहाद के नाम पर बहन बेटियों से शादी कर जमीन लूटे जा रहे। कहा कि 1951 से 2011की जनगणना के आंकड़े बताते है कि मुसलमानो की जनसंख्या अप्रत्याशित ढंग से बढ़ी है। और आदिवासी समाज की जनसंख्या घट रही है। उन्होंने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय ने इस समस्या के समाधान केलिए जो गंभीरता दिखाई है उससे राज्य का बड़ा भला होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार न्यायालय के निर्देश के आलोक में अविलंब जिलों से रिपोर्ट मांगे और विधि सम्मत कारवाई सुनिश्चित कराए।

## राजद का स्थापना दिवस पांच जुलाई को

**रांची।** राजद के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने बुधवार को कहा कि पार्टी का स्थापना दिवस पांच जुलाई को प्रदेश कार्यालय रांची में धूमधाम से मनाया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव और प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव स्थापना दिवस के कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। कुमार ने कहा कि मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व मंत्री और राजद के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव की अध्यक्षता में होगी। कार्यक्रम में मंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व विधायक, प्रदेश के सभी प्रकोष्ठ अध्यक्ष, प्रदेश पदाधिकारी, रांची जिला अध्यक्ष, नगर अध्यक्ष सहित सभी नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

## नयासराय रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण अक्टूबर माह तक पूरा करे सरकार

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट ने बुधवार को एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए कहा कि अधूरी पड़ी नयासराय रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण अक्टूबर तक पूरा करने की कोशिश की जाए। क्योंकि, इसका निर्माण पांच वर्ष से जारी है लेकिन अब तक इसे पूरा नहीं किया जा सका है। नयासराय रेलवे ओवर ब्रिज झारखंड हाई कोर्ट एवं रिंग रोड को भी जोड़ता है। कोर्ट ने मामले में राज्य सरकार को स्टेटस रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देते हुए मामले की सुनवाई 18 जुलाई निर्धारित की है। किरण कुमारी ने हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ओवरब्रिज बनाने का आग्रह किया है। उनका कहना है कि सरिया मेन रोड जहां से रेलवे क्रॉसिंग गुजरता है, वह एक अत्यंत व्यस्त रहता है, जिससे रेलवे फाटक बंद होने पर प्रतिदिन वाहनों का एक लंबा जाम लग जाता है। ऐसे में कुछ लोग रास्ता पार करने का प्रयास करते हैं, जिससे दुर्घटना घट जाती है। याचिकाकर्ता ने इस रेलवे ब्रिज को जल्द निर्माण पूरा करने का आग्रह किया है।

पूर्व की सुनवाई में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता गौरांग जाजोदिया ने कोर्ट को बताया था कि हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन के पास रेलवे ओवरब्रिज नहीं होने से कई दुर्घटना घटती है, जिससे रेलवे को भारी मुआवजा देना पड़ता है। इससे सरकार को राजस्व की हानि होती है।

## पृष्ठ एक का शेष

**संविधान की रक्षा के लिए देशवासियों ने...**

जब मणिपुर ही रिजेक्ट करेगा उन लोगों को। वर्तमान में हुई हिंसाओं पर करीब 11 हजार मामले दर्ज किए गए हैं। 500 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। धीरे-धीरे इन हिंसाओं में कमी आ रही है। मणिपुर में भी स्कूल-कॉलेज संस्थान खुले हुए हैं। परीक्षाएं हो रही हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकार सभी से बातचीत करके सौहार्द का रास्ता खोलने की कोशिश कर रही है।

**झूठ फैलाने वालों में सत्य सुनने की ताकत नहीं :** राज्य सभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर अपने जवाब के दौरान विपक्ष के वाकआउट करने पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि देश देख रहा है कि झूठ फैलाने वालों की सत्य सुनने की ताकत भी नहीं होती। जिनका सत्य से मुकाबला करने के हौसले नहीं, बैठकर इतनी चर्चा करने के बाद उनके जवाब सुनने की ताकत नहीं है। ये उच्च सदन को अपमानित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि गृहमंत्री वहां जाकर कई दिन रहे हैं। अधिकारी भी लगातार जा रहे हैं। समस्या के समाधान के लिए हर प्रकार से प्रयास किया जा रहा है।

**नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को मिलेगी सख्त सजा :** उन्होंने पेपर लीक के मुद्दे पर एक बार फिर युवाओं को आश्वस्त किया। उन्होंने कहा कि वे भारत के युवाओं को आश्वस्त करते हैं कि नौजवानों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को सख्त सजा मिलेगी। इसके लिए एक्शन लिए जा रहे हैं। हम चाहते थे कि पेपर लीक जैसे संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति न हो, लेकिन विपक्ष को इसकी आदत है।

**किसान कल्याण हमारी सरकार की नीतियों में :** किसानों की कर्जमाफी के मुद्दे पर कांग्रेस पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उनके कार्यकाल में 10 साल में एक बार किसानों की कर्जमाफी हुई और 60 हजार करोड़ की कर्जमाफी का इतना हल्ला मचाया गया। उसके लाभार्थी सिर्फ तीन करोड़ किसान थे। इसमें गरीब किसानों का नामों निशान नहीं था। वहीं हमारी सरकार की योजना का लाभ 10 करोड़ किसानों को हुआ है। तीन लाख करोड़ हम किसानों को दे चुके हैं। हमने बीज से बाजार तक किसानों के लिए हर व्यवस्था को बहुत माइक्रो प्लानिंग के साथ मजबूती देने का भरसक प्रयास किया है और व्यवस्था को हमने चाक चौबंद किया है।

**एक तिहाई सरकार कहने पर आपके मुंह में घी शक्कर :** तीसरे कार्यकाल को एक तिहाई सरकार कहने पर प्रधानमंत्री ने पलटवार करते हुए कहा कि ऐसा कहने वालों के मुंह में घी शक्कर। इससे बड़ा सत्य क्या हो सकता है कि हमारे 10 साल हुए हैं, 20 और बाकी हैं। एक तिहाई हुआ है, दो तिहाई और बाकी है।

**दिव्यांगों और ट्रांसजेंडर वर्ग के लिए किया काम :** प्रधानमंत्री ने कहा कि दिव्यांग भाई-बहनों के साथ उनकी कठिनाइयों को समझते हुए उनके गरिमापूर्ण जीवन की दिशा में काम किया है। हमारे समाज में किसी न किसी कारण से एक उपेक्षित वर्ग ट्रांसजेंडर वर्ग है। हमारी सरकार ने ट्रांसजेंडर साथियों के लिए कानून बनाने का काम किया है। पश्चिम के लोगों को भी आश्चर्य होता है कि भारत इतना प्रोग्रेसिव है। पद्म अवॉर्ड में भी ट्रांसजेंडर को अवसर देने में हमारी सरकार आगे आई है।

**महिलाओं के साथ अत्याचार में विपक्ष का सेलेक्टिव रवैया :** प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल में एक महिला को सरेआम पीटे जाने पर विपक्ष की चुप्पी पर सवाल खड़े करते हुए कहा कि महिलाओं के साथ अत्याचार में विपक्ष का सेलेक्टिव रवैया है। पश्चिम बंगाल के चोपड़ा ब्लाक में हुई घटना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि कुछ समय पहले पश्चिम बंगाल से कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर आईं। इसमें एक महिला को वहां सरेआम सड़क पर पीटा जा रहा है, वो बहन चीख रही है। संदेशखाली की घटना रोंगटे खड़े कर देने वाली है, लेकिन बड़े-बड़े दिग्गज जिनको उन्होंने कल सुना, उनके मुख से पीड़ा के शब्द भी नहीं झलके। इससे बड़ा शर्मिंदगी का चित्र क्या हो सकता है? उन्होंने कहा, जो खुद को प्रगतिशील नारी कहती हैं, वो भी मुंह पर ताले लगाकर बैठी हैं। क्योंकि घटना का संबंध उनके राजनीतिक जीवन से जुड़े दल से या राज्य से है।

**चंपाई सोरेन ने सीएम...**

मीर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदीप यादव, विनोद सिंह और राजद नेता सत्यानंद भोक्ता मौजूद थे। यह तीसरी बार होगा, जब हेमंत सोरेन सीएम पद की शपथ लेंगे। सबसे पहली बार वह 2013 में सीएम बने थे। दूसरी बार 2019 में झामुमो-कांग्रेस-राजद गठबंधन ने हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चुनाव लड़ा और वे दूसरी बार सीएम बने।

**चंपाई ने खुद पद छोड़ने और...**

सत्तारूढ़ गठबंधन के विधायकों ने हेमंत सोरेन को किसी भी फैसले के लिए अधिकृत कर दिया था। जैसे ही ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया, उन्होंने तत्काल चंपाई सोरेन को अपना उत्तराधिकारी बना दिया। हेमंत सोरेन इस्तीफा देने राजभवन पहुंचे थे तो चंपाई सोरेन भी उनके साथ थे और उन्होंने उसी पल नई सरकार बनाने का दावा राज्यपाल के समक्ष पेश किया था। बुधवार को भी उसी तरह हेमंत सोरेन और चंपई सोरेन एक साथ राज्यपाल के पास पहुंचे।

## कार्यालय जिला परिषद्, चतरा

**(अतिअल्पकालिक पुनर ई०निविदा आमंत्रण सूचना)**

ई–निविदा सूचना संख्या – 05/2024-25 दिनांक: ......................

1. कार्य की विस्तृत विवरणी : डी०एम०एफ०टी०

| क्र. | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 01 | चतरा | गंधरीया | उटां | पी०डब्लु०डी० रोड से सत्यानन्द भोक्ता इन्टर कॉलेज तक पीसीसी पथ निर्माण। | 4254300 | 5000 | 85500 | 03 माह |
| 02 | कुन्दा | – | – | K.G.B.V, KUNDA में खेल के मैदान का सुदृढ़ीकरण, उन्नयन कार्य एवं स्टेज निर्माण, पेवर्स ब्लॉक कार्य । | 2200000 | 5000 | 44000 | 03 माह |
| 03 | कान्हाचट्टी | – | – | J.A.B.V, KANHACHATTI में खेल के मैदान का सुदृढ़ीकरण, उन्नयन कार्य एवं स्टेज निर्माण, पेवर्स ब्लॉक कार्य एवa Concertina Wire Fencing | 3000000 | 5000 | 60000 | 03 माह |

1. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 10/07/2024
2. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – 13.07.2024 से 20.07.2024 के अपराह्न 5:00 बजे तक
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 22.07.2024 पूर्वाह्न 11:00 बजे।
4. सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में सभी कागजात के साथ निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि online Mode द्वारा स्वीकार्य होगा।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही संबंधित निविदाकार की होगी।
6. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता – जिला अभियंता जिला परिषद चतरा।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 8709184201
10. विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, चतरा

PR 328542 District (24-25)_D

## झारखण्ड सरकार
## जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू

**मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के लिये राजस्व जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती हेतु प्रस्ताव प्रेषण से संबंधित सूचना**

एतद् द्वारा पलामू जिला के प्रखण्ड–मेदिनीनगर, चैनपुर, पाटन, पण्डवा, छत्तरपुर, हरिहरगंज, पिपरा, नावाबाजार एवं लेस्लीगंज के प्रखण्ड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समितियों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2024–25 में मत्स्य विभाग के जिला पलामू अन्तर्गत कुल 49 राजस्व जलकरों का वार्षिक सुरक्षित जमा निर्धारण कराया गया है। इनकी वित्तीय वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक तीन वर्षो के लिए मत्स्य पालन हेतु अल्पकालीन बन्दोबस्ती की जानी है।

जलकरों की बन्दोबस्ती लेने हेतु इच्छुक मत्स्यजीवी सहयोग समितियों जो झारखण्ड सहकारिता अधिनियम 1935 एवं झारखण्ड स्वावलंबी सहकारिता समितियाँ अधिनियम 1996 के अन्तर्गत निबंधित है, से बिहार सरकार, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के पत्रांक 114/दिनांक 18/01/1992 एवं झारखण्ड सरकार सहकारिता विभाग के पत्रांक 1410/दिनांक 29/06/2011 के आलोक में वांछित कागजात के साथ जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू में प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। जलकरों की सूची कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है, अथवा कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

**प्रस्ताव के साथ निम्नलिखित कागजात संलग्न करना अनिवार्य है :–**

1. सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ/जिला सहकारिता पदाधिकारी के द्वारा निर्गत स्वच्छता प्रमाण पत्र।
2. समिति के अद्यतन लेखों का अंकेक्षण प्रतिवेदन की छायाप्रति।
3. समिति के आमसभा की बैठक की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
4. कार्यकारिणी समिति का चुनाव से संबंधित कार्यवाही की अभिप्रमाणित छायाप्रति।
5. पूर्व का सरकारी बकाया नहीं रहने से संबंधित प्रमाण पत्र।
6. अद्यतन राजस्व जमा से संबंधित रसीद की छायाप्रति।
7. पूर्व में बन्दोबस्ती ली गई जलकरों की समिति के सदस्यों को वितरण से संबंधित प्रतिवेदन।
8. सहायक निबंधक सहयोग समितियाँ, पलामू द्वारा निर्गत समिति के सदस्यों की सदस्य सूची।

यदि कोई जलकर एक से अधिक मत्स्यजीवी सहयोग समितियों के क्षेत्राधिकार में स्थित हो तथा ऐसी सभी समितियाँ बन्दोबस्ती की सभी अहर्त्ताएँ पूरी करती हो तो वैसी स्थिति में इन समितियों के बीच सीमित डाक कराकर उच्चतम बोली लगाने वाली समिति को जलकर की बन्दोबस्ती कर दी जायेगी।

बन्दोबस्ती का प्रस्ताव उपरोक्त वांछित कागजातों के साथ दिनांक 23/07/2024 तक कार्यालय अविध में जिला मत्स्य कार्यालय, पलामू में प्राप्त किया जाएगा। निर्धारित तिथि तक जिन जलकरों की बन्दोबस्ती का प्रस्ताव प्राप्त नहीं होगा उनके खुला डाक से बन्दोबस्ती की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी जाएगी।

(मो0 कमरूज्जमाँ)
जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू।

PR.NO.328527 Fish(24-25):D

## कार्यालय:- जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

**राजस्व जलकरों की खुली डाक से अल्पकालीन बन्दोबस्ती की सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पलामू जिला अन्तर्गत निम्नांकित जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती विभागीय परिपत्र संख्या 114/दिनांक 18/01/1992 के आलोक में वर्ष 2024–25 से 2026–27 तक तीन वर्षो के लिए खुले डाक के माध्यम से किया जाना है। जलकरों की अल्पकालीन बन्दोबस्ती **दिनांक 22/07/2024 को 11:00 बजे पूर्वाह्न** से अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में किया जायेगा। बन्दोबस्ती के दौरान बन्दोबस्त जलकरो का तीन साल का राजस्व राशि एक मुश्त कार्यालय मे जमा करना होगा।

अगर उक्त तिथि को अपरिहार्य कारणवश डाक नहीं होने पर अगली तिथि 30/07/2024 या इसकी अंतिम तिथि 06/08/2024 को होगी।

| क्र0 | जलकर का नाम | खाता सं0 | प्लाट सं0 | रकबा (ए0 में) | जलक्षेत्र (ए0 में) | वार्षिक सुरक्षित जमा राशि | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | | | अंचल – ऊँटारीरोड | | | | |
| 1 | जोगा मछली घाट | 200 | 227 | 8.10 | 5.00 | 3000.00 | |
| 2 | मलवरिया मछली घाट | - | - | - | - | 3000.00 | |
| | | | अंचल – पाँकी | | | | |
| 3 | महुँगाई आहर | - | - | - | 7.00 | 7300.00 | |
| 4 | चोरेया आहर | 64 | 229 | 1.14 | 0.75 | 3000.00 | |
| 5 | पाँकी बाजार तालाब | 1 | 2373 | 0.41 | 0.36 | 1600.00 | |
| 6 | पाँकी पईन तालाब | 308 | 2845, 2475 | 0.14 | 0.14 | 2000.00 | |
| 7 | डंडारकला तालाब | 414 | 663, 667, 668 | 0.81 | 0.50 | 3500.00 | |
| 8 | ताल तालाब | 3, 33, 35, 36 | 168, 170, 171, 172, 173 | 1.94 | 1.00 | 1500.00 | |
| 10 | सीरम तालाब | 79 | 520 | 1.69 | 1.00 | 10000.00 | |
| 11 | उचहरा तालाब | 21 | 42 | 1.56 | 1.00 | 5000.00 | |
| 12 | मंगलपुर आहर | 118 | 872 | 1.32 | 0.75 | 3000.00 | |
| | | | अंचल – विश्रामपुर | | | | |
| 13 | भण्डार तालाब | 302 | 15 | 1.80 | 1.50 | 8000.00 | |
| 14 | सिगसिगी मछली घाट | - | - | - | - | 2200.00 | |
| 15 | रक्साहा मछली घाट | - | - | - | - | 2200.00 | |
| | | | अंचल – हुसैनाबाद | | | | |
| 18 | छठ पोखर | 171 | 79, 80 | 1.37 | 0.50 | 2500.00 | |
| 19 | डुमरहथ्था तालाब | 75 | 382 | 1.14 | 0.80 | 6000.00 | |
| | | | अंचल –मनातू | | | | |
| 22 | झरिवा नाला | - | - | 20.00 | 16.00 | 10000.00 | |
| | | | अंचल –पाण्डू | | | | |
| 24 | मजुराहा जलाशय | - | - | 71.00 | 50.00 | 9000.00 | |
| 25 | कुटमू मछली घाट | - | - | 7.00 | 5.50 | 2000.00 | |
| | | | अंचल –सतबरवा | | | | |
| 26 | पोस्तियानाला जलाशय | - | - | 40.00 | 30.00 | 8000.00 | |

**डाक के आवश्यक शर्ते निम्नांकित है :–**

1. डाक में भाग लेने वाले व्यक्तियों को सुरक्षित जमा राशि का 10प्रतिशत अग्रधन के रूप में डाक बोलने के पूर्व जमा करना होगी। डाक की समाप्ति के बाद उच्चतम डाक वक्ता के अग्रधन राशि को बन्दोबस्ती राशि में समायोजित कर ली जाएगी। शेष अन्य डाक वक्ताओं के अग्रधन राशि को लौटा दी जाएगी।
2. उच्चतम डाक वक्ता को डाक समाप्ति के तुरन्त बाद डाक की पूर्ण राशि जमा करनी होगी अन्यथा अग्रधन की राशि जब्त कर ली जायेगी तथा डाक में व्यवधान पैदा करने के आरोप में उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
3. अद्योहस्ताक्षरी को किसी भी डाक को रद् अथवा सम्पूर्ण डाक को स्थगित करने का अधिकार सुरक्षित होगा।
4. मत्स्य पालन एवं शिकारमाही का परवाना सक्षम पदाधिकारी से बन्दोबस्ती की स्वीकृति एवं एकरारनामा सम्पन्न होने के बाद निर्गत किया जाएगा।

(मो0 कमरूज्जमाँ) जिला मत्स्य पदाधिकारी–सह
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, पलामू

PR 328528 Fish (24-25)_D

## कार्यालय उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी,पलामू
दूरभाष सं0–,(जिला भू-अर्जन शाखा),Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**

(3G Award के तहत् घोषित)

**Name of Project :-** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 **(Section-III)**

(पलामू जिला अन्तर्गत कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 75) (कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का फोर लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा/आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा– चेचरीया, थाना–नावाबाजार, थाना नं0–125

पत्रांक– 466 (H)/भू0अ0, दिनांक– 24.06.2024

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | चेचरीया | 1 | 251 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 1 | चुटूर बैठा, पिता स्व0 सुकन बैठा | |
| 2 | | 1 | 251 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 2 | हीरानन्द पाण्डेय, पिता बिन्देश्वरी पाण्डेय | |
| 3 | | 27 | 249 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 3 | नीरज दुबे, पिता बिन्देश्वरी दुबे | |
| 4 | | 1 | 246 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 4 | राधेश्याम राम, पिता स्व0 चटन राम | |
| 5 | | 1 | 251 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 5 | राम निवास पाण्डेय, पिता स्व0 मधुसुदन पाण्डेय | |
| 6 | | 1 | 251 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 6 | सच्चिदानन्द पाण्डेय, पिता स्व0 बिन्देश्वरी पाण्डेय | |
| 7 | | 1 | 251 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 7 | शिव पाण्डेय, पिता सच्चिदानन्द पाण्डेय | |
| 8 | | 27 | 250 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 8 | उपेन्द्र राम, पिता स्व0 घोघन राम | |
| 9 | | 27 | 248, 249, 250 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 9 | उपेन्द्र राम, पिता स्व0 घोघन राम | |
| | | | कुल | 0.0000 | कुल | 0.0000 | | | |

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय,पलामू | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू | अपर समाहर्त्ता पलामू | उपायुक्त पलामू

PR 328508 Palamu(24-25).D

## उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा।
(समाज कल्याण शाखा)

### -::आम सूचना::-

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि चतरा जिला में Particulary Vulnerable Tribal Group (PVTG) बहुल क्षेत्रों में नवचिन्हित केन्द्रों में रिक्त सेविका/सहायिका के पद के विरुद्ध आमसभा के माध्यम से चयन हेतु निम्नानुसार तिथि एवं समय निर्धारित की जाती है–

| क0 | आं0 केन्द्र का नाम | रिक्त पद | जाति बाहुल्यता | तिथि/समय | आमसभा का स्थल |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | परियोजना–चतरा ग्रामीण | | |
| 1 | आरुदाना | सेविका | आदिम जनजाति (बिरहोर) | 17.07.2024/ 11:00 पूर्वा0 | सामुदायिक स्थल |
| 2 | कठौतिया | सेविका | आदिम जनजाति (बिरहोर) | 18.07.2024/ 11:00 पूर्वा0 | सामुदायिक स्थल |
| 3 | कठौतिया | सहायिका | आदिम जनजाति (बिरहोर) | 18.07.2024/ 02:00 अप0 | सामुदायिक स्थल |
| 4 | बच्च्दाग | सेविका | आदिम जनजाति (बिरहोर) | 19.07.2024/ 11:00 पूर्वा0 | सामुदायिक स्थल |
| 5 | चटनिया | सेविका | आदिम जनजाति (बिरहोर) | 20.07.2024/ 11:00 पूर्वा0 | सामुदायिक स्थल |
| | | | परियोजना–हंटरगंज | | |
| 1 | चकला | सेविका | आदिम जनजाति (बिरहोर) | 17.07.2024/ 11:00 पूर्वा0 | सामुदायिक स्थल |
| 2 | चकला | सहायिका | आदिम जनजाति (बिरहोर) | 17.07.2024/ 02:00 अप0 | सामुदायिक स्थल |
| 3 | कुरीद | सेविका | आदिम जनजाति (बिरहोर) | 18.07.2024/ 11:00 पूर्वा0 | सामुदायिक स्थल |
| 4 | कुरीद | सहायिका | आदिम जनजाति (बिरहोर) | 18.07.2024/ 02:00 अप0 | सामुदायिक स्थल |

सेविका/सहायिका का चयन विभागीय संकल्प सं0–2239 दिनांक–30.09.2022 में निहित निदेश के आलोक में सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

आंगनबाड़ी सेविकाओं/सहायिकाओं के चयन के लिए निम्नांकित अर्हतायें निर्धारित है–

1. आगनबाड़ी सेविका की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण है एवं आंगनबाड़ी सहायिकाओं की न्यूनतम योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण है।
2. आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका की उम्र न्यूनतम 18 वर्ष तथा अधिकतम 35 वर्ष होगी।
3. आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका संबंधित केन्द्र के पोशक क्षेत्र अन्तर्गत की स्थायी निवासी (बहू) होनी चाहिए। कुवांरी लड़कियों का चयन इस पद के लिए नहीं किया जाएगा। अपवाद में वैसी कुंवारी लड़की का चयन हो सकती है जो दिव्यांग हो परन्तु कार्य करने योग्य हो।
4. समान योग्यता रहने पर चयन में विधवा/परित्यक्ता/तलाकशुदा को प्राथमिकता दी जायेगी।

आमसभा में सभी योग्य आवेदिका अपना सभी शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र की मूल कॉपी के साथ उपस्थित होंगी एवं आवेदन के साथ उक्त प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न करेंगी।

सभी आससभा के आयोजन संबंधी विडियोग्राफी कराने का सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी की होगी।

आमसभा के समापन उपरान्त संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी दिनांक–21.07.2024 तक पूर्ण प्रस्ताव (विडियोग्राफी के साफ्ट कॉपी के साथ) तैयार कर अनुमोदन हेतु जिला समाज कल्याण कार्यालय, चतरा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें। विलम्ब से प्रस्तुत प्रस्ताव में विवाद होने की सम्पूर्ण जवाबदेही संबंधित बाल विकास परियोजना पदाधिकारी की होगी। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी प्रस्ताव प्राप्त कर आवश्यक जॉचोपरान्त दिनांक–31.07.2024 तक प्राप्त प्रस्ताव पर अनुमोदन हेतु अद्योहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगें।

उप विकास आयुक्त,
चतरा।

PR 328442 (Social Welfare,Women and Child Development) 24-25 (D)

## कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू
## (जिला भू–अर्जन शाखा)

दूरभाष सं0– Email {dlaopalamau@gmail.com}

**KHATIAN AND VALUATION STATEMENT**

(3G Award के तहत् घोषित)

**Name of Project :- भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या–75 (Section-III)**

(पलामू जिला अन्तर्गत कि0मी0 147.450 (भोगू) से कि0मी0 196.870 (शंखा) NH-75 पर 4 लेन पथ निर्माण।)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकार (NHAI 75) (कि0मी0 147.450 भोगू से कि0मी0 196.870 शंखा तक पथ का फोर लेन निर्माण हेतु अधिनियम की धारा–3G के तहत् घोषित निम्न विवरणी के अनुसार भूमि अर्जन की जा रही है। तदनुसार उक्त विवरणी के आलोक में संबंधित रैयत साक्ष्य के साथ अपना दावा/आपत्ति एक सप्ताह के भीतर जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में दर्ज करना सुनिश्चित करें। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर जिला भू–अर्जन कार्यालय विचार करने हेतु बाध्य नहीं होगा।

एन0एच0ए0आई0–75 अन्तर्गत मौजा– पोखराहा खुर्द, थाना–सदर मेदिनीनगर, थाना नं0–205

पत्रांक– 466 (B)/भू0अ0, दिनांक– 24.06.2024

| क्र0 स0 | ग्राम का नाम | खाता | प्लॉट | भूमि का प्रकार | भूमि का किस्म | अर्जित भूमि एकड़ में | क्रमांक एवार्ड | एवार्डधारी का नाम पिता के साथ | अभियुक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | पोखराहा खुर्द | 55 | 1096, 1097 | रैयती | मकान | 0.0000 | 1 | अब्दुल क्लाम वगैरह, पिता स्व0 दोस्त मोहम्मद खलिफा | |
| 2 | | 16 | 1633 | रैयती | मकान | 0.0000 | 2 | अधिन्ता देवी, पति जितेन्द्र कुमार मेहता | |
| 3 | | 87 | 860 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 3 | अजीत प्रजापति, पिता स्व0 विन्देश्वर प्रजापति | |
| 4 | | 41 | 72 | रैयती | मकान | 0.0000 | 4 | अमरेश उरांव, पिता स्व0 बालकिशुन उरांव | |
| 5 | | 77 | 1094 | रैयती | मकान | 0.0000 | 5 | अनील कुमार सिंह, पिता स्व0 पुरन सिंह | |
| 6 | | 16 | 1136/1633 | रैयती | मकान | 0.0000 | 6 | अनुपम देवी, पति राकेश कुमार महतो | |
| 7 | | 87 | 848 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 7 | आशिष कुमार, पिता सूर्य कुमार लाल | |
| 8 | | 20 | 1092 | रैयती | मकान | 0.0000 | 8 | दामोदर सिंह, पिता स्व0 प्रभु सिंह | |
| 9 | | 87 | 848 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 9 | दिलीप कुमार मेहता, पिता राम नरेश मेहता | |
| 10 | | 87 | 418, 424/P | रैयती | मकान | 0.0000 | 10 | हरिनन्दन मेहता, पिता मानिकचन्द्र मेहता | |
| 11 | | 77 | 1094 | रैयती | मकान | 0.0000 | 11 | जितेन्द्र कुमार वो मुकेश कुमार सिंह, पिता महेन्द्र सिंह | |
| 11 क | | 0 | 1095 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 11 क | तदैव | |
| 12 | | 60 | 1169 | रैयती | मकान | 0.0000 | 12 | कुशवाहा रानो देवी, पति अजीत कुमार मेहता | |
| 13 | | 13 | 1268 | रैयती | मकान | 0.0000 | 13 | लीलावती देवी, पति नन्दकिशोर मेहता | |
| 14 | | 87 | 418, 424/P | रैयती | मकान | 0.0000 | 14 | मदन लाल मेहता, पिता मनिकचन्द्र मेहता | |
| 15 | | 95 | 750 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 15 | मो0 महताब आलम, पिता मो0 मोईनुदीन | |
| 16 | | 95 | 750 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 16 | मो0 सफीक अंसारी, पिता मो0 रेयाजुदीन अंसारी | |
| 17 | | 87 | 418, 424/P | रैयती | मकान | 0.0000 | 17 | मुन्द्रिका मेहता, पिता मनिकचन्द्र मेहता | |
| 18 | | 77 | 1094 | रैयती | मकान | 0.0000 | 18 | नन्दलाल सिंह, पिता स्व0 चरित्र सिंह | |
| 19 | | 77 | 1094 | रैयती | मकान | 0.0000 | 19 | नरेश सिंह, पिता स्व0 रामनाथ सिंह | |
| 20 | | 48 | 1266 | रैयती | मकान | 0.0000 | 20 | निर्मला टोप्पो, पति बिनसेन्ट बेक | |
| 21 | | 84 | 423 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 21 | परसोत मांझी, पिता स्व0 धनुकधारी मांझी | |
| 22 | | 77 | 1094 | रैयती | मकान | 0.0000 | 22 | प्रेमा देवी, पति स्व0 अरबिन्द सिंह | |
| 23 | | 77 | 1094 | रैयती | मकान | 0.0000 | 23 | राजेश्वर सिंह, पिता स्व0 चरित्र सिंह | |
| 24 | | 16 | 1136/1633 | रैयती | मकान | 0.0000 | 24 | रंजीत कुमार, पिता चर्तुगुन सिंह | |
| 25 | | 87 | 847 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 25 | सरोज कुमार वो अमित कुमार, पिता महाबीर प्रसाद | |
| 26 | | 95 | 750 | बकास्त | मकान | 0.0000 | 26 | शायदा खातुन, पति मो0 आलमगीर | |
| 27 | | - | 859 | गै0मा0 | मकान | 0.0000 | 27 | शिव मंदिर | |
| 28 | | 17 | 1254 | रैयती | मकान | 0.0000 | 28 | सुमन एक्का, पति स्व0 मार्शल बारा | |
| 29 | | 87 | 858 | रैयती | मकान | 0.0000 | 29 | सुमन देवी, पति सनोज कुमार | |
| 30 | | 55 | 1096, 1097 | रैयती | मकान | 0.0000 | 30 | विजय कुमार पाल, पिता सुनेश्वर पाल | |
| | | | कुल | 0.0000 | कुल | 0.0000 | | | |

कानूनगो, जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू। | जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू। | अपर समाहर्त्ता पलामू। | उपायुक्त पलामू।

PR 328496 Palamu(24-25)#D

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज

CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## ब्रीफ न्यूज

### रूसी विदेश मंत्री लावरोव से मिले जयशंकर, सुरक्षा का उठाया मुद्दा



**अस्ताना।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बुधवार को कजाकिस्तान की राजधानी अस्ताना में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की बैठक के इतर रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की। इस दौरान जयशंकर ने यूक्रेन के युद्ध क्षेत्र में फंसे भारतीय नागरिकों की सुरक्षित और जल्द वापसी पर जोर दिया। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सर्गेई लावरोव के साथ बैठक के बाद एक्स पर पोस्ट किया, "हमारी द्विपक्षीय साझेदारी और समसामयिक मुद्दों पर व्यापक बातचीत हुई।

### तुर्की में बड़े पैमाने पर सीरिया विरोधी दंगे 474 लोगों को हिरासत में लिया गया

**अंकारा।** तुर्की के गृह मंत्री अली येरलिकाया ने बताया कि दो दिन पहले पूरे देश में सीरियाई शरणार्थियों के खिलाफ 'भड़काऊ विरोध प्रदर्शन' के लिए 474 और संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, गृह मंत्री अली येरलिकाया ने मंगलवार को कहा कि 30 जून को तुर्की के मध्य कायसेरी प्रांत में एक सीरियाई व्यक्ति ने एक सीरियाई लड़की के साथ छेड़छाड़ की। इसके बाद सोमवार रात देश भर के कुछ शहरों में सीरियाई लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

### इजरायल ने कहा, मई से अब तक 900 आतंकवादियों को मार गिराया

**यरूशलम।** इजरायल के सैन्य प्रमुख हर्ज़ी हलेवी ने कहा है कि मई की शुरुआत से अब तक इजरायल ने गाजा के सबसे दक्षिणी शहर रफा में लगभग 900 आतंकवादियों को मार गिराया है। इजरायली सेना ने मई में जमीनी हमले की शुरुआत की थी। इजरायल रक्षा बलों द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, मंगलवार को दक्षिणी गाजा पट्टी में एक सैन्य चौकी का निरीक्षण करते समय हलेवी ने कहा कि हताहतों में हमास के "कम से कम एक बटालियन कमांडर, कई कंपनी कमांडर और कई कार्यकर्ता शामिल हैं। सिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, उन्होंने कहा कि रफा में कार्रवाई कुछ हफ्तों में पूरी होने की उम्मीद है।

# राहुल अपने भाषण को सत्यापित करें या माफी मांगें

### संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने विपक्ष पर जमकर साधा निशाना

एजेंसी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने ससंद सत्र के दौरान विपक्ष खासकर कांग्रेस के रवैये की आलोचना करते हुए कहा कि कांग्रेस ने सदन नहीं चलने देने की नई परंपरा शुरू की है और इस परंपरा को चलने नहीं दिया जा सकता है। आखिर किसी को जबरदस्ती सदन की कार्यवाही को कैसे रोकने दिया जा सकता है। बुधवार को राज्यसभा के अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो जाने के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए किरेन रिजिजू ने कहा कि पहले जब नए सांसद चुनकर सदन में आते थे, उन्हें अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, मुलायम सिंह यादव और प्रणब मुखर्जी जैसे वरिष्ठ नेताओं के भाषण और वाद-विवाद से काफी कुछ सीखने को मिलता था। लेकिन, कांग्रेस तो अब संसद शुरू होने से पहले ही नए सांसदों को हंगामा करना सिखा रही है। राहुल गांधी पर सदन में झूठ बोलने और गुमराह करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि नियम-115 के तहत शिकायत की गई है। इसके तहत या तो राहुल गांधी को अपनी बात को सत्यापित करना पड़ेगा या फिर माफी मांगनी होगी और अगर ये ऐसा नहीं करते हैं तो स्पीकर मामले को विशेषाधिकार कमेटी को भेज सकते हैं।

इस पर अंतिम फैसला लोकसभा स्पीकर को ही करना है। हम कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार नियम और प्रक्रियाओं से सदन भी चलाएगी और सरकार भी चलाएगी। राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर राज्यसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए जा रहे जवाब के दौरान विपक्षी दलों के हंगामे और वॉकआउट की आलोचना करते हुए किरेन रिजिजू ने कहा कि प्रधानमंत्री राज्यसभा में जवाब दे रहे थे तो उस समय भी विपक्ष ने कुछ देर बाद हंगामा करना शुरू कर दिया, 15-20 मिनट हंगामा किया और फिर वॉकआउट करके बाहर चले गए। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने सदन के नियमों की अवहेलना की है और संविधान का मजाक उड़ाया है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि कल लोकसभा में भी जैसे ही प्रधानमंत्री ने बोलना शुरू किया, कांग्रेस और उसके साथियों ने वहां जबरदस्त हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष ने पीएम के पूरे भाषण के दौरान डिस्टर्ब किया, पूरे भाषण के दौरान हो-हल्ला करते रहे और ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था।

**पक्ष और विपक्ष में हुआ मतभेद**

### संविधान पर पक्ष रखने नहीं देने पर किया वाकआउट : खरगे



प्रधानमंत्री के राज्यसभा में वक्तव्य के दौरान विपक्ष के वाकआउट पर कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने बाहर आकर स्पष्टीकरण दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने कुछ गलत बातें कही थी। वे इस पर अपनी बात रखना चाहते थे लेकिन उन्हें बोलने नहीं दिया। मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाया, झूठ बोलना और सच्चाई से परे बातें कहना उनकी आदत है। मैंने उनसे सिर्फ इतना पूछा कि उन्होंने संविधान नहीं बनाया और वे इसके खिलाफ थे। मैं बस यह स्पष्ट करना चाहता था कि कौन संविधान के पक्ष में था और कौन इसके खिलाफ था। कांग्रेस नेता और राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने कहा कि जब प्रधानमंत्री गलत तथ्य पेश कर रहे थे, गलत जानकारी दे रहे थे।

### वाकआउट करने पर धनखड़ ने विपक्ष को लगाई फटकार



राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जवाब के दौरान विपक्ष के वॉकआउट पर सभापति जगदीप धनखड़ ने कड़ी नराजगी जताते हुए कहा कि यह संविधान का अपमान है। प्रधानमंत्री के भाषण के दौरान विपक्ष की ओर से नारेबाजी की गई और बाद में विपक्ष ने वाकआउट कर दिया। विपक्ष का इस तरह से सदन से बाहर जाने पर राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने विपक्ष को फटकार लगाते हुए कहा, मैं आशा करता हूं कि यह लोग अपने मन को टटोलेंगे और कर्तव्य पर वापस आएंगे। सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि विपक्ष ने हमें पीठ नहीं दिखाई है। उन्होंने भारत के संविधान का अपमान किया है।

## राहुल के 'हिंदू' वाले बयान पर भाजपा का प्रदर्शन, हिरासत में लिए गए तेजस्वी सूर्या

एजेंसी




**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हिंदुओं पर जो टिप्पणी की उसे लेकर हंगामा मचा है। संसद में ही नहीं सड़क पर भी बीजेपी कांग्रेस को घेर रही है। दिल्ली में भाजपा नेताओं ने राहुल गांधी और कांग्रेस के खिलाफ जमकर विरोध प्रदर्शन किया। जिसमें शामिल भाजपा के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, और कर्नाटक से सांसद तेजस्वी सूर्या को हिरासत में ले लिया गया है। इस विरोध प्रदर्शन में नई दिल्ली से सांसद बांसुरी स्वराज समेत कई नेता कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी कांग्रेस मुख्यालय पर जुटे थे। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष और सांसद तेजस्वी सूर्या ने कहा, राहुल गांधी ने हिंदू समाज को हिंसक कह कर पूरे समाज को अपमानित किया है।

### असम के 28 जिले बाढ़ की चपेट में, 11 लाख लोग प्रभावित

**गुवाहाटी।** असम में बाढ़ की स्थिति ने जटिल रूप ले लिया है। राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार, पहली जुलाई की तुलना में दो जुलाई की रात तक बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की संख्या में तेजवृद्धि हुई है। एक जुलाई तक राज्य के 19 जिले बाढ़ की चपेट में थे, लेकिन दो जुलाई की रात तक 28 जिले बाढ़ की चपेट में आ गए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा मंगलवार देररात तक बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच पहुंचते रहे। आधी रात उन्होंने हातीमूड़ा में क्षतिग्रस्त हुए तटबंध का जायजा लिया।

## जीका वायरस के मामले में सभी राज्यों को परामर्श जारी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने महाराष्ट्र में जीका वायरस के आठ मामलों की पुष्टि की है। जीका वायरस के बढ़ते मामलों को देखते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) डॉ. अतुल गोयल ने सभी राज्यों को परामर्श जारी किया है, जिसमें वायरस पर निरंतर निगरानी बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया गया है। चूंकि जीका वायरस प्रभावित गर्भवती महिला के भ्रूण में माइक्रोसेफली और न्यूरोलॉजिकल परिणामों से जुड़ा है, इसलिए राज्यों को करीबी निगरानी के लिए चिकित्सकों को सचेत करने की सलाह दी गई है। राज्यों से आग्रह किया गया है कि वे प्रभावित क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं में जीका वायरस संक्रमण की जांच कराएं। जीका वायरस के लिए सकारात्मक परीक्षण करने वाली गर्भवती माताओं के भ्रूण के विकास की निगरानी रखी जाए और केंद्र सरकार के अनुसार कार्य किया जाए। राज्यों को यह भी निर्देश दिया गया कि वे स्वास्थ्य सुविधाओं एवं अस्पताल परिसर को एडीज मच्छर मुक्त रखने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त करें।

## एजुकेशन/करियर

**रजनीश ।** इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए झारखंड भी एक बेहतर ओप्सन है. झारखंड में आईआईटी, एनआईटी, ट्रिपल आईटी, बीआईटी मेसरा और जेयूटी जैसे संस्थान है. इन संस्थानों में देश भर के छात्र पढ़ने आते है। पूर्वी भारत का राज्य झारखंड हाल के वर्षों में तकनीकी शिक्षा के केंद्र के रूप में उभरा है. राज्य कई प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग संस्थानों का घर है जो छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा और प्रशिक्षण प्रदान करते हैं. इस लेख में, हम झारखंड के कुछ शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों के बारे में जानेंगे।

# इंजीनियरिंग की पढ़ाई करने के लिए झारखंड है बेहतर ऑप्शन

**1. आईआईटी (आईएसएम), धनबाद :** आईआईटी धनबाद, जिसे भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएसएम) के रूप में भी जाना जाता है, एक सार्वजनिक इंजीनियरिंग और अनुसंधान संस्थान है. 1926 में स्थापित, यह भारत के सबसे पुराने संस्थानों में से एक है. संस्थान विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट डिग्री कार्यक्रम देता है. सब्जेक्ट इंजीनियरिंग - मिनरल एंड माइनिंग द्वारा क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2024 में इसे 41वां स्थान दिया गया है. यह संस्थान अपने अनुसंधान कार्यक्रमों के लिए जाना जाता है और अपने छात्रों के बीच आविष्कार, कल्पना और जिज्ञासा को बढ़ावा देता रहा है। परिसर छात्रों के समग्र विकास के लिए पुस्तकालय, स्वास्थ्य देखभाल, खेल और पाठ्येतर गतिविधियों जैसी विभिन्न सुविधाएं प्रदान करता है। आईआईटी धनबाद में दुनिया भर के छात्रों के साथ एक विविध संकाय और छात्र निकाय है।

| ब्रांच | सीट |
|---|---|
| केमिकल इंजीनियरिंग | 44 |
| सिविल इंजीनियरिंग | 55 |
| कंप्यूटर साइंस | 111 |
| इलेक्ट्रोनिक इंजीनियरिंग | 98 |
| इसेक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन | 99 |
| इंजीनियरिंग फिजिक्स | 25 |
| इनवेरोमेंटल इंजीनियरिंग | 38 |
| मैथमेटिक्स एंड कंप्यूटिंग इंजीनियरिंग | 44 |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | 105 |
| माइनिंग इंजीनियरिंग | 105 |
| माइनिंग मैकेनिकल इंजीनियरिंग | 45 |
| पेट्रोलियम इंजीनियरिंग | 72 |
| मिनरल एंड मेटोलॉजिकल इंजीनियरिंग | 36 |
| अप्लाइड जियोलॉजी | 17 |
| अप्लाइड जियोफिक्स | 17 |

**2. एनआईटी जमशेदपूर :** एनआईटी जमशेदपुर भारत के शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एक है और इसकी स्थापना 1960 में हुई थी. विश्वविद्यालय विभिन्न स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट डिग्री कार्यक्रम प्रदान करता है। परिसर छात्रों के समग्र विकास के लिए पुस्तकालय, स्वास्थ्य देखभाल, खेल और पाठ्येतर गतिविधियों जैसी विभिन्न सुविधाएं प्रदान करता है। संस्थान के पास एक मजबूत उद्योग नेटवर्क और अच्छे प्लेसमेंट रिकॉर्ड हैं. संस्थान अपने अनुसंधान कार्यक्रमों के लिए जाना जाता है और अपने छात्रों के बीच आविष्कार, कल्पना और जिज्ञासा को बढ़ावा देता रहा है।

| ब्रांच | सीट |
|---|---|
| सिविल इंजीनियरिंग | 40 |
| कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग | 46 |
| कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग | 45 |
| इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | 46 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन | 45 |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | 45 |
| मेट्रोलॉजिकल एंड मैटेरियल्स इंजीनियरिंग | 39 |
| प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग | 25 |
| इंजीनियरिंग एंड कंप्यूटेशनल | 12 |

**3. ट्रिपल आईटी रांची :** भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान रांची (ट्रिपल रांची) संस्थान की स्थापना 2016 में एनआईटी जमशेदपुर की तहत की गई थी। ट्रिपल आईटी रांची कंप्यूटर विज्ञान, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग और अन्य विशेषज्ञता में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट डिग्री कार्यक्रम देता है। यह परिसर लड़कों और लड़कियों के लिए पुस्तकालय, स्वास्थ्य देखभाल, खेल, पाठ्येतर गतिविधियों और छात्रावास जैसी विभिन्न सुविधाएं प्रदान करता है।

| ब्रांच | सीट |
|---|---|
| कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग | 120 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग | 90 |

**4. बीआईटी मेसरा :** बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) मेसरा एक निजी विज्ञान और इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय है जो रांची में स्थित है. 1955 में परोपकारी और उद्योगपति बी.एम. द्वारा स्थापित। बिड़ला, बीआईटी मेसरा भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग कॉलेजों में से एक है। विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग, वास्तुकला, फार्मेसी और प्रबंधन सहित विभिन्न विषयों में स्नातक, स्नातकोत्तर और डॉक्टरेट डिग्री कार्यक्रम प्रदान करता है। बीआईटी मेसरा की शैक्षणिक उत्कृष्टता, अनुसंधान कार्यक्रमों और उद्योग कनेक्शन के लिए एक मजबूत प्रतिष्ठा है। यह परिसर 780 एकड़ में फैला हुआ है और पुस्तकालयों, प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं और छात्रावासों सहित अत्याधुनिक सुविधाएं प्रदान करता है। बीआईटी मेसरा में विविध संकाय और छात्र निकाय हैं, जिनमें दुनिया भर से छात्र आते हैं। संस्थान का प्लेसमेंट रिकॉर्ड मजबूत है, शीर्ष कंपनियां इसके छात्रों को भर्ती करती हैं। बीआईटी मेसरा को भारत के शीर्ष निजी इंजीनियरिंग विश्वविद्यालयों में से एक माना जाता है।

| ब्रांच | सीट |
|---|---|
| बायोटेक्नोलॉजी | 18 |
| केमिकल इंजीनियरिंग | 72 |
| सिविल इंजीनियरिंग | 36 |
| आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एंड मशीन लर्निंग | 32 |
| कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग | 107 |
| इलेक्ट्रॉनिक एंड कम्युनिकेशन | 107 |
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | 72 |
| प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग | 36 |
| इलेक्ट्रिक एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग | 32 |
| फूड इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी | 18 |
| आर्किटेक्चर | 20 |
| मैथमेटिक्स एंड कंप्यूटिंग | 38 |
| फिजिक्स क्वानटेटिव इकोनॉमिक्स एंड डाटा साइंस | 19 |



**5. एनआईएमटी:** राष्ट्रीय उन्नत विनिर्माण प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईएएमची) रांची में स्थित एक सार्वजनिक तकनीकी अनुसंधान संस्थान है. इसकी स्थापना 1966 में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फाउंड्री एंड फोर्ज टेक्नोलॉजी के रूप में फाउंड्री और फोर्ज उद्योगों को चलाने के लिए योग्य इंजीनियर और विशेषज्ञ प्रदान करने के लक्ष्य के साथ की गई थी। संस्थान स्नातक स्तर पर पोस्टडॉक्टोरल, डॉक्टरेट और मास्टर कार्यक्रम और स्नातक स्तर पर स्नातक कार्यक्रम और उन्नत डिप्लोमा पाठ्यक्रम प्रदान करता है। एनआईएएमटी विनिर्माण इंजीनियरिंग, औद्योगिक धातुकर्म, और फाउंड्री और फोर्ज क्षेत्रों में परामर्श, दस्तावेज़ीकरण और सूचना पुनर्प्राप्ति सेवाएं भी प्रदान करता है.

| ब्रांच | सीट |
|---|---|
| मैकेनिकल इंजीनियरिंग | 61 |
| प्रोडक्शन एंड इंडस्ट्रियल इंजीनियरिंग | 48 |
| कंप्यूटर इंजीनियरिंग | 51 |
| मेटालर्जी एंड मैटेरियल इंजीनियरिंग | 61 |

